सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 29 जून , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 175, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## कंपनियों की पूंजी 88678 करोड़ रुपये बढ़ी

शेयर बाजार में सीमित बढ़त के बीच शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 88,678 .10 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। } 10

## मेड इन इंडिया सिर्फ लेबल नहीं, गुणवत्ता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि मेड इन इंडिया केवल किसी उत्पाद पर अंकित लेबल नहीं, बल्कि यह गुणवत्ता के प्रति भारत की प्रतिष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। } 10

# पीएम मोदी को मिला सेशेल्स का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

### यह किसी विदेशी राष्ट्र से उन्हें मिला 34वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है

एजेंसी

विक्टोरिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और लघु द्वीपीय विकासशील देशों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में उनके योगदान के लिए रविवार को सेशेल्स ने गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन की मानद उपाधि से सम्मानित किया। यह किसी विदेशी राष्ट्र से उन्हें मिला 34वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने यहां मोदी को यह सम्मान प्रदान किया।

सेशेल्स की ओर से दिया जाने वाला यह अपनी तरह का पहला सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के लिए सेशेल्स का धन्यवाद किया और इसे उन देशों को समर्पित किया जो जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान प्राप्त करने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन सम्मान से सम्मानित करने के लिए सेशेल्स की जनता, सरकार और राष्ट्रपति हर्मिनी का हृदय से आभारी हूं। उन्होंने कहा, मैं विनम्रतापूर्वक इस सम्मान को स्वीकार करता हूं और इसे उन सभी देशों को समर्पित करता हूं जो जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहे हैं तथा पर्यावरण संरक्षण को आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी मानते हैं। यह एक गंभीर चुनौती है, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## समुद्र से आकाश तक भारत बन रहा लगातार आत्मनिर्भर : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में निर्मित सी-295 विमान की पहली उड़ान और सतह पर हमला करने वाली लंबी दूरी की स्वदेशी क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) के सफल परीक्षण का उल्लेख करते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में देश की कई उपलब्धियों को रविवार को रेखांकित किया। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि देश ने जून में विमानन क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि सी-295 विमान भारत में बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, ऐसे 40 विमान यहीं भारत में बनाए जा रहे हैं और इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा वैमानिकी क्षेत्र को नयी मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। भारत में निर्मित पहले सी-295 सैन्य परिवहन विमान ने 10 जून को सफलतापूर्वक अपनी पहली उड़ान पूरी की थी। भारतीय वायुसेना लगभग 21,935 करोड़ रुपये की लागत से 56 सी-295 परिवहन विमान खरीद रही है। इनमें से 40 विमानों को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड द्वारा एयरबस के ...शेष पृष्ठ 10 पर

*मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,*

*जुलाई नवीन माह का आरंभ ही नहीं, अपितु लाखों बच्चों के सपनों को विद्यालय तक पहुंचाने के नए संकल्प का समय है।* ***उत्तर प्रदेश में 01 जुलाई से 'स्कूल चलो अभियान' का दूसरा चरण शुरू हो रहा है।*** *15 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य कक्षा 1 से 12वीं तक शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना, ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना तथा नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश अभियान को गति देना है।*

***जीवन की सबसे अनमोल संपत्ति की जब भी चर्चा होती है, तो मानस पटल पर केवल विद्या का नाम आता है। ज्ञान के पंख ही बच्चों को आकाश की ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं।*** *विद्यालय वह पवित्र स्थान है, जहां से छात्र-छात्राओं के ज्ञान, संस्कार और जीवन-धर्म के साथ ही चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण की यात्रा आरंभ होती है।* ***यही सनातन परंपरा भी है।*** *प्राचीन गुरुकुलों में विद्यार्थी गुरु के सान्निध्य में रहकर वेद, उपनिषद, शास्त्र, विज्ञान, शिल्प, धनुर्वेद, कृषि, नीति और जीवन-मूल्यों के सांचे में ढलते थे। आज के विद्यालय उसी गुरुकुल परंपरा के आधुनिक स्वरूप हैं, जहां पुस्तकीय और प्रायोगिक ज्ञान के साथ-साथ अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण की भावना का विकास होता है।*

***जब कोई बच्चा पहली बार विद्यालय की चौखट पार करता है, तब उसके साथ पूरा परिवार, गांव और समाज आगे बढ़ता है।*** *प्रत्येक बेटी एवं बेटे की शिक्षा और भविष्य तथा हर परिवार की प्रगति का सर्वाधिक सशक्त आधार विद्यालय ही हैं। हमारी सरकार ने इसी मंशा से* ***'प्रोजेक्ट अलंकार'*** *शुरू किया था, जिसके अंतर्गत प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है तथा आधारभूत संरचना के उन्नयन के साथ ही गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया गया है।* ***शिक्षा का प्रकाश पूरे प्रदेश को आलोकित करे, इसलिए हमारी सरकार 'ऑपरेशन कायाकल्प', 'मिशन प्रेरणा', 'कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना' एवं 'मिशन निपुण' जैसे अभियान चला रही है,*** *ताकि हर स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़े। स्वस्थ मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर की आवश्यकता होती है। इसलिए स्कूलों में विविधतापूर्ण गर्म पका-पकाया रुचिकर भोजन की व्यवस्था की गई है।*

***प्रिय गुरुजनों, कुछ बातें मैं आपसे भी करना चाहता हूं। आप सुनिश्चित करें कि बच्चे स्कूल को दैनिक स्टीन का हिस्सा मात्र न समझें, बल्कि विद्यालय जाने में रुचि दिखाएं।*** *खेल-कूद आदि गतिविधियां इसके लिए बेहतर माध्यम हो सकती हैं।*

*अभिभावक अपने बच्चों का मूल्यांकन उनके नंबरों से नहीं, बल्कि उनके हौंसले और लगन से करें। स्कूलों में उनकी नियमित उपस्थिति आपको ही सुनिश्चित करनी होगी। 3 से 6 वर्ष के बच्चों को* ***'बाल वाटिका'*** *भेज सकते हैं।*

***प्रदेशवासियों, 'स्कूल चलो अभियान' को केवल सरकारी कार्यक्रम न रहने दें। इसे जनांदोलन बनाएं। यदि हमारे आसपास कोई ऐसा बच्चा हो, जो अभी तक विद्यालय नहीं पहुंच पाया, उसे स्कूल तक पहुंचाना भी हमारा कर्तव्य है।*** *उत्तर प्रदेश का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब प्रत्येक बच्चा शिक्षा से अभिसिंचित होगा।* ***विद्या सर्वत्र पूज्यते।***

आपका
योगी आदित्यनाथ

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP
सा विद्या या विमुक्तये

संक्षेप

## लखनऊ में तैनात सिपाही बर्खास्त

लखनऊ। लखनऊ पुलिस आयुक्तालय (कमिश्नरेट) में तैनात एक पुलिस आरक्षी को सोशल मीडिया मंच के दुरुपयोग, विभागीय अनुशासनहीनता और नियमों का लगातार उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई विभागीय जांच के बाद की गई है। लखनऊ के पुलिस आयुक्त की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि दोषी पाए जाने पर आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। बयान के मुताबिक सात मई को गठित जांच समिति ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच करके संबंधित पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए ...शेष पृष्ठ 10 पर

## फ्रांस में बड़ा विमान हादसा, 11 की मौत

नैंसी (फ्रांस)। उत्तर-पूर्वी फ्रांस में रविवार को स्काइडाइविंग में इस्तेमाल होने वाला एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इसमें सवार सभी 11 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। मर्थ-ए-मोसेल क्षेत्र के अधिकारी यवेस सेगुई ने दुर्घटनास्थल के पास पत्रकारों को बताया कि विमान स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 11 बजे नैंसी शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

## सऊदी में हेलीकॉप्टर हादसा, 14 की मौत

दुबई। सऊदी अरब में रविवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह करीब छह बजे हुआ और मारे गए सभी लोग सऊदी नागरिक थे। दुर्घटना की वजह के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई। यह हेलीकॉप्टर दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको का थ। इस कंपनी में अधिकांश हिस्सेदारी सऊदी अरब की है।

# मोहर्रम पर कोई दंगा नहीं : योगी

### अयोध्या पर बोलने से पहले अपना इतिहास देखें अखिलेश

विशेष संवाददाता

हाथरस। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कड़ा प्रहार किया है। सीएम ने कहा कि अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात करने वालों को पहले अपना इतिहास देखना चाहिए। जिस समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, राम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध किया, कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजनों पर रोक लगाई और कांवड़ यात्रा तक प्रतिबंधित कर दी, वह आज अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में 548 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 143 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। वहीं लाभार्थियों को आवास की चाभी, स्मार्ट फोन, युवा उद्यमी योजना के तहत चेक वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉल के पास एक नन्ही बच्ची को चम्मच से दूध पिलाया, गोद में लेकर दुलार किया। सीएम योगी ने कहा अखिलेश यादव का बयान पढ़कर आश्चर्य हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, अरे, आप क्या धार्मिक नगरी बनाएंगे। पहले अपना इतिहास देखिए। आपकी ही समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलाई थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज अयोध्या त्रेता युग की स्मृतियों को साकार करती दिखाई दे रही है। रामभक्तों के परिश्रम और पुरुषार्थ ...शेष पृष्ठ 10 पर

## फायर एनओसी की समय पूर्व जारी करें नोटिस

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अग्नि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी मेडिकल कॉलेजों, चिकित्सा संस्थानों, जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष चिकित्सालयों तथा होटलों में फायर एनओसी की स्थिति का तत्काल सत्यापन कराया जाए। जिन संस्थानों की फायर एनओसी की वैधता समाप्त होने वाली है अथवा जिनके पास अब तक वैध फायर एनओसी उपलब्ध नहीं है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जनपद में संबंधित विभागों के साथ बैठक कर फायर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चढ़ावा चोरी के 8 आरोपियों के घर छापा

अयोध्या (उप्र)। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन के मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों के आवासों पर रविवार को पुलिस ने एक साथ छापेमारी की। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई मामले की जांच के सिलसिले में की गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस दलों ने लव कुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला और रामाशंकर यादव समेत सभी आरोपियों के घरों की तलाशी ली। सूत्रों के मुताबिक, तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी मनीष यादव के घर से आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज बरामद किए। इसके लिए पुलिस ने उसके परिजनों से बंद मकान खुलवाया। अन्य आरोपियों के घरों की भी तलाशी ली गई, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## रुड़की में युवाओं से रूबरू हुए धामी

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुड़की में आयोजित 'युवा शक्ति संवाद' कार्यक्रम में युवाओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि उत्तराखंड का भविष्य युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और संकल्प से तय होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक युवा को ऐसा वातावरण उपलब्ध कराना है, जहां उसकी प्रतिभा को उचित अवसर मिले और वह अपने सपनों को साकार कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्टार्टअप, कौशल विकास, डिजिटल इंडिया और नवाचार आधारित अनेक योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की गई हैं। इन पहलों से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे केवल नौकरी तलाशने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सड़क निर्माण में लापरवाही पर नपेंगे इंजीनियर, ठेकेदार

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आगरा मंडल में हो रहे विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था और लोक निर्माण विभाग की प्रस्तावित कार्ययोजना की गहन समीक्षा की। मंडलायुक्त सभागार में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में सीएम ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन कार्यों की गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। निर्देश दिया कि ग्रामीण रास्तों पर भारी वाहनों के चलने पर तुरंत रोक लगाई जाए। इन सड़कों को क्षति पहंचाने वाले वाहनों के मालिकों से हजार्ना वसूला जाए। उन्होंने कहा कि आगरा अब एक मेट्रो शहर है, इसलिए यहां पानी, सड़क, सीवर और सौंदर्यीकरण जैसी मूलभूत सुविधाएं उसी स्तर की होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन, अमृत योजना, सीवर लाइन या अन्य किसी भी प्रोजेक्ट के लिए सड़कों की खुदाई के बाद उसके पुनर्निर्माण कार्य पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क और अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी पाई जाती है, तो संबंधित कार्यदायी संस्था के इंजीनियर और ठेकेदार की सीधे जवाबदेही तय की जाएगी। ऐसे लोगों पर एफआईआर दर्ज कराकर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। आगरा मंडल के सभी जनप्रतिनिधियों से मिले प्रस्तावों को 'ई-विश्वकर्मा-2.0' पोर्टल पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ दर्ज होगी एफआई आर

## विराज सागर दास ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, बैडमिन्टन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, उ.प्र. बैडमिन्टन एसोसिएशन के अध्यक्ष व यूपी ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने लखनऊ के कैंट स्थित सदर बाजार में संजय कुमार वैश्य के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रसारित मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर भाजपा की कैंट मंडल-4 की अध्यक्षा श्रीमती रूपा देवी व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

विशेष खबर

### लू से विद्यार्थियों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभायेंगे अध्यापक, बच्चों को बतायेंगे हीटवेव के लक्षण

# भीषण गर्मी में बच्चों के लिए सरकार ने जारी की एडवाइजरी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग ने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों में विद्यार्थियों को गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचाव और उनके प्रति जागरूक करने के लिए एक विस्तृत दिग्दर्शिका जारी की है।

बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा के निर्देश पर तैयार इस दिग्दर्शिका का उद्देश्य शिक्षकों को लू लगने के लक्षणों की पहचान, लू से बचाव, प्राथमिक उपचार तथा विद्यार्थियों की प्रभावी सुरक्षा के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और व्यावहारिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि दिग्दर्शिका में स्पष्ट किया गया है कि भीषण गर्मी और लू से विद्यार्थियों की सुरक्षा में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके तहत शिक्षक प्रार्थना सभा, कक्षा शिक्षण, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और विद्यालय की दैनिक दिनचर्या के माध्यम से विद्यार्थियों को भीषण गर्मी और लू से बचाव के उपायों की जानकारी देंगे। दिग्दर्शिका के अनुसार, शिक्षकों को बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, तेज धूप से बचने, हल्के और सूती कपड़े पहनने, पानी से भरपूर फलों का सेवन करने तथा लू लगने के शुरुआती लक्षणों की पहचान के प्रति जागरूक करना होगा। साथ ही विद्यार्थियों को यह भी सिखाया जाएगा कि यदि किसी सहपाठी की तबीयत बिगड़ती है तो वे तुरंत शिक्षक को इसकी सूचना दें। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने सभी विद्यालयों में हीट एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं जिसके लिए प्रत्येक विद्यालय में एक स्वास्थ्य नोडल शिक्षक नामित किया जाएगा और संबंधित गतिविधियों का समन्वय करेगा। इसके अलावा शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे तथा विद्यालय परिसर में प्रमुख स्थानों पर भीषण गर्मी से बचाव संबंधी संदेश और आपातकालीन संपर्क नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे। दिग्दर्शिका के अनुसार, प्रत्येक विद्यालय में प्राथमिक उपचार किट, ओआरएस, डिजिटल थर्मामीटर तथा 108 एंबुलेंस सहित आवश्यक चिकित्सा संपर्क व्यवस्था उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि प्रार्थना सभा, खेलकूद, शारीरिक शिक्षा और अन्य बाहरी गतिविधियां सुबह 10 बजे से पहले आयोजित की जाएं। वहीं, गर्मी के ओरेंज या ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पहले दंगे व कर्फ्यू की पहचान था यूपी : सीएम

## अब विकास से वंचित नहीं रहेगा हाथरस, तेजी से विकसित हो रहा औद्योगिक क्षेत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/ हाथरस।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हाथरस में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज वही समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ खड़ी होकर मुलायम सिंह यादव की विरासत का भी अपमान कर रही है। कांग्रेस ने बाबा साहब आंबेडकर के सपनों को तोड़ने का काम किया और समाजवादी पार्टी उसी कांग्रेस के साथ खड़ी होकर उसके पापों में भागीदार बन रही है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने हमेशा वही काम किए जो समाज और राष्ट्रहित के प्रतिकूल रहे। उन्होंने जनता से ऐसे दलों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि प्रदेश का विकास, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और आस्था के केंद्रों का सम्मान केवल डबल इंजन सरकार में ही संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास केवल वहीं संभव है, जहां सुरक्षा और कानून व्यवस्था का मजबूत वातावरण हो। तीनों विधानसभा क्षेत्रों को लगभग 548 करोड़ रुपये की परियोजनाएं उपहार स्वरूप मिली हैं, जिसके लिए सभी क्षेत्रवासियों को बधाई देता हूं। सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही विकास की आशा और आकांक्षाएं पूरी होती हैं। जहां दंगे, उपद्रव और बार-बार कर्फ्यू लगता हो, वहां विकास और उज्ज्वल भविष्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की यही स्थिति थी। कौन-सा ऐसा जिला था, जहां दंगे नहीं हुए। मथुरा के जवाहरबाग की घटना, कोसीकलां के दंगे, मेरठ, अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर के दंगे प्रदेश की पहचान बन गए थे। हर दूसरे-तीसरे महीने कर्फ्यू लगता था, व्यापार ठप हो जाता था, नौजवानों को रोजगार से हाथ धोना पड़ता था और प्रदेश की छवि पूरे देश में खराब होती थी। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। अब उत्तर प्रदेश में न दंगे होते हैं, न कर्फ्यू लगता है और न ही गुंडागर्दी बर्दाश्त की जाती है।

मोहर्रम के दौरान प्रदेशभर में करीब 12 हजार जुलूस निकले, लेकिन कहीं भी दंगा, उपद्रव या कर्फ्यू जैसी स्थिति नहीं बनी। उन्होंने कहा कि पहले मोहर्रम के दौरान तलवारबाजी होती थी, ताजिए के नाम पर गरीबों की झोपड़ियां और छज्जे हटवा दिए जाते थे तथा हाईटेंशन लाइनें तक हटानी पड़ती थीं। सरकार ने व्यवस्था बनाई कि ताजियों की ऊंचाई सीमित रखी जाए, ताकि किसी गरीब का नुकसान न हो और कोई हादसा भी न हो। इसका सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश ने देखा। जब कानून व्यवस्था मजबूत होती है, तभी विकास की गति तेज होती है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगी विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र को नई पहचान दिलाने का काम किया जा रहा है। हाथरस अब विकास से वंचित नहीं रहेगा। यहां औद्योगिक क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। मथुरा-बरेली फोरलेन से जुड़ने के कारण निवेश बढ़ रहा है और उद्योग स्थापित हो रहे हैं, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

सीएम योगी ने कहा कि हाथरस के आलू उत्पादक किसानों को भी बड़ी राहत मिलने वाली है। यहां प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे किसानों को कोल्ड स्टोरेज पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उनकी लागत कम होगी। किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। इसी दिशा में कोसी (मथुरा) में भी प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित किया गया है, जबकि आगरा में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर तथा वाराणसी में इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इससे किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज उपलब्ध होंगे और कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। योजनाओं का लाभ जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के आधार पर नहीं, बल्कि पात्रता के आधार पर दिया जा रहा है। गरीबों को मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर, हर घर शौचालय और उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इतना ही नहीं, होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर भी दिए जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि अच्छी सरकारें विकास के साथ गरीबों का कल्याण, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान और व्यापारियों को सुरक्षा देती हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए भी सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। एक वोट का निर्णय प्रदेश का भविष्य बदल सकता है। जब जनता कमल का बटन दबाकर भाजपा और एनडीए के प्रत्याशियों को जिताती है तो बदले में व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बेटियों की सुरक्षा मजबूत होती है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। आज उत्तर प्रदेश का नौजवान जब दूसरे राज्यों में जाता है तो उसे अपनी पहचान छिपानी नहीं पड़ती। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के युवा अपनी पहचान बताने से बचते थे, क्योंकि पिछली सरकारों ने प्रदेश की छवि खराब कर दी थी। हर जिले में माफियाओं का कब्जा था। वे गरीबों का शोषण करते थे, सरकारी जमीनों पर कब्जा करते थे, विकास योजनाओं का पैसा हड़प लेते थे और व्यापारियों, किसानों तथा बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने रहते थे।

डबल इंजन सरकार ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त, दंगा मुक्त, कर्फ्यू मुक्त और उपद्रव मुक्त प्रदेश के रूप में देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

# यूपी में रोजगार और आजीविका को नयी गति देगी वीबी-जी राम जी योजना : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

- उत्तर प्रदेश में 1 जुलाई 2026 से शुरू होगी वी.बी.जी. राम जी योजना
- 2 जुलाई को राज्यभर में जन सम्मेलन एवं 10,000 कार्यों का होगा शुभारंभ

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम मे ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के स्थान पर वी.बी.जी. राम जी (विकसित भारत - रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन - ग्रामीण) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारी पूरी कर ली है। योजना 1 जुलाई 2026 से पूरे देश सहित उत्तर प्रदेश में भी लागू हो जाएगी। श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन मे ग्राम्य विकास विभाग की ओर से सभी जनपद, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा से संबंधित साइन बोर्ड, सूचनापट्टिकाओं आदि को अपडेट कर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना, उत्तर प्रदेश नाम अंकित करने के निर्देश दे दिये हैं।

2 जुलाई को राज्यव्यापी जन सम्मेलन लॉन्च इवेंट कार्यक्रम निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप होगा। 2 जुलाई को तिरुपति, आंध्र प्रदेश में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर पर योजना का शुभारंभ होगा। इसके अनुरूप उत्तर प्रदेश में भी प्रत्येक विकास खण्ड की 02 ग्राम पंचायतों में जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जन सम्मेलन में योजना के अंतर्गत कार्यों का शुभारंभ करना, निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, श्रमिकों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं स्थानीय समुदाय के साथ जन सम्मेलन आयोजित होगा। प्रस्तावित कार्यों एवं विकसित ग्राम पंचायत योजना का प्रदर्शन किया जाएगा। विकसित भारत- जी राम जी योजना की मुख्य विशेषताओं, लाभों एवं 125 दिनों के रोजगार गारंटी पर प्रचार सामग्री (पोस्टर, बैनर, स्टैंडी) का प्रदर्शन करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में कुल 10,000 कार्य 2 जुलाई को शुरू किए जाएंगे। सर्वाधिक कार्य शुरू करने वाले जनपदों में आजमगढ़ (342), जौनपुर (337), गाजीपुर (326), सीतापुर (319) आदि शामिल हैं।

# नियमित ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं, स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली

विशेष संवाददाता (vol)

- यात्री बोले की अपनी सीट तक पहुंचना हुआ मुश्किल

**लखनऊ।** गर्मियों की छुट्टियां खत्म हो गईं। अब परिवार लेकर काम पर लौटने वालों को ट्रेनों में सीट के लिए जंग लड़नी पड़ रही है। आरक्षण कराने के बावजूद लोगों को अपनी सीट तक पहुंचने के लिए मारामारी करनी पड़ रही है। दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस की एस-4 बोगी में यात्रा कर रहे एमडी दानिश रजा ने भीड़ के कारण हो रही परेशानियों कोर एक्स पर रेलवे से बयां किया है।

बताया कि बोगी में क्षमता से तीन गुना अधिक भरे यात्रियों के कारणअपनी सीट तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। इसी ट्रेन के एस-1 के यात्री प्रदीप सिंह ने भी भीड़ के कारण सीट से हिल नहीं पाने तक की बात कही। ऐसी भीड़ के कारण बच्चों और महिलाओं सहित बुजुर्गों को भी परेशानी हो रही। शौचालय तक जाना मुश्किल हो रहा। बिहार संपर्क क्रांति के यात्री अजय ठाकुर ने एक्स पर बताया कि पेंट्री वालों ने गैलरी और शौचालय ब्लाक कर रखा है। यात्री कान्हा ने बिहार से दिल्ली जा रही ट्रेन की थर्ड एसी कोच बी-4 में भी कुछ ऐसे ही हालात की बात कही। गर्मी की छुट्टियां बिता कर लौट रही भीड़ से नियमित ट्रेनों में ही सीटों को लेकर मारामारी हो रही है। भीड़ को देखते हुए चलाई गई समर स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली चल रही हैं लेकिन अत्याधिक विलंब से चल रही इन ट्रेनों में लोग आरक्षण कराने से बच रहे। रेलवे के अनुसार 05101 गोरखपुर-नई दिल्ली स्पेशल, 05301 मऊ-अम्बाला कैंट, 04315 गोरखपुर-योग नगरी ऋषिकेश, छपरा-पठानकोट, 05057 गोरखपुर-दिल्ली, 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में जुलाई में कुछ कुछ सीटें खाली हैं।

# पंचायत योजनाओं में न हो देरी : राजभर

**लखनऊ।** पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने रविवार को पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को बरसात से पहले सभी खराब हैंडपंपों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृत सरोवर, जल जीवन मिशन, डिजिटल लाइब्रेरी, स्वच्छता अभियान और अन्य पंचायत योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। मंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों, ग्रामीण सड़कों की मरम्मत, सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता, हैंडपंपों की जियो-टैगिंग, परिवार रजिस्टर के डिजिटलीकरण तथा ग्राम सचिवालयों में आधार सेवा केंद्र स्थापित करने की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए।

# 50 गांवों को जोड़कर विकसित होगा हाईटेक हाथरस अर्बन सेंटर

## औद्योगिक मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा, 'मास्टर प्लान 2041' पर काम शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

- 10 हजार एकड़ में बसेगा हाईटेक शहर, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से भी होगा कनेक्ट
- 'हींग और गुलाल' समेत स्थानीय एमएसएमई उद्योगों को मिलेगा वैश्विक मंच

**ग्रेटर नोएडा/हाथरस।** योगी सरकार में उत्तर प्रदेश के एक और जिले व उसके कई गांवों को हाईटेक शहर बनाने की तैयारी चल रही है। यह जल्द ही इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के साथ लाखों रोजगार पैदा करने वाला डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति को और तेज करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने एक बेहद महत्वाकांक्षी ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। यमुना एक्सप्रेसवे के फेज-2 विकास के तहत 'महायोजना/मास्टर प्लान 2041' के अंतर्गत 'हाथरस अर्बन सेंटर' को एक हाई-टेक औद्योगिक और आवासीय सैटेलाइट टाउन के रूप में डिजाइन किया जा रहा है।

यीडा की ओर से विकसित किए जा रहे चार मुख्य अर्बन नोड्स (अलीगढ़, मथुरा, आगरा और हाथरस) में से हाथरस को विशेष तौर पर एक प्रमुख इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में चुना गया है। इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए हाथरस और सासनी तहसील के कुल 50 से अधिक गांवों को अधिसूचित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार हेक्टेयर (करीब 10 हजार एकड़) होगा। इस अत्याधुनिक शहर के नियोजन के लिए कंसल्टेंट कंपनी 'आरवी इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स लिमिटेड' को नियुक्त किया गया है, जो जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) तकनीक पर आधारित नक्शे से इसका सुनियोजित विकास सुनिश्चित कर रही है। मास्टर प्लान 2041 के तहत इस अर्बन सेंटर को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है। पहला औद्योगिक जोन, इस विशाल भूभाग का मुख्य ध्यान फैक्ट्रियों और भारी विनिर्माण इकाइयों पर केंद्रित होगा।

दूसरा आवासीय क्षेत्र, यहां काम करने वाले लोगों के लिए आधुनिक सोसाइटी, फ्लैट्स और किफायती आवास विकसित किए जाएंगे। तीसरा कमर्शियल और लॉजिस्टिक्स हब जो व्यापारिक गतिविधियों के लिए मॉल, कमर्शियल टावर, होटल्स और विशाल वेयरहाउस के लिए विशेष स्थान आरक्षित हैं। चौथा ग्रीन बेल्ट, जहां पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए कुल योजना क्षेत्र का 15 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पूरी तहत हरित और खुले क्षेत्र के रूप में संरक्षित रहेगा। प्रस्तावित हाथरस अर्बन सेंटर की भौगोलिक स्थिति इसकी सबसे बड़ी ताकत है। यह नया शहर सीधे नोएडा (जेवर) अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के कैचमेंट एरिया में आता है, जिसके लिए यीडा एक एक्सप्रेस-रोड नेटवर्क विकसित कर रहा है। इसके साथ ही यह क्षेत्र यमुना एक्सप्रेसवे के काफी करीब है और नेशनल हाईवे-93 (आगरा-अलीगढ़), बरेली-मथुरा हाईवे तथा स्टेट हाईवे-33 से बेहतर रूप से जुड़ा हुआ है। इसे आगरा के एक 'सैटेलाइट टाउन' के रूप में देखा जा रहा है, जिससे ताजनगरी का औद्योगिक दबाव भी कम होगा।

हाथरस में वर्तमान में सक्रिय 10 हजार से अधिक पंजीकृत एमएसएमई इकाइयों को इस सेंटर में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान किया जाएगा। एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओडी) के तहत हाथरस की विश्वप्रसिद्ध हींग और गुलाल उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पैकेजिंग और एक्सपोर्ट हब की सुविधाएं मिलेंगी। वहीं कृषि और फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र को भी फायदा होगा, जिसके तहत ब्रज क्षेत्र की कृषि प्रधानता को देखते हुए यहां बड़े कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और डेयरी प्लांट्स को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही रेडीमेड गारमेंट्स (होजरी), ग्लास बीड्स (कांच के मोती), पीतल के आभूषण (पायल), मशीन टूल्स और इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों के लिए विशेष ब्लॉक बनाए जाएंगे। अगले चरण में एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे मेडिकल-सर्जिकल उपकरण और पावर ग्रिड मशीनरी बनाने वाली वैश्विक कंपनियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

प्राधिकरण के अनुसार इस महायोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी गई है। इस परियोजना के धरातल पर उतरने से न केवल क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर बदलेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए लाखों की संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा।

# केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने लोहिया परिवार से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को विशिष्ट जनसंपर्क अभियान के तहत लखनऊ में प्रखर समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया के परिजनों से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों का कुशल-क्षेम जाना और डॉ. लोहिया के योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर रमेशचंद्र लोहिया, शोभा रानी लोहिया, पृथ्वीराज लोहिया, हर्षवर्धन लोहिया, राज्यवर्धन लोहिया, नारायन लोहिया, उदयप्रताप लोहिया एवं नीलू लोहिया सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष देश के विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल, मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। साथ ही बुनियादी ढांचे के विकास और महिलाओं, युवाओं तथा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों ने देश की प्रगति को नई दिशा दी है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉ. नीरज बोरा और एमएलसी पवन सिंह चौहान सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## महिलाओं को एक सूत्र में बांधने की मिली जिम्मेदारी: सरोज कुशवाहा

**लखनऊ।** प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा का दायित्व ग्रहण करने के बाद रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 135 वें संस्करण को पूर्वी मंडल 3 विवेकानंद पुरी वार्ड के बूथ संख्या 312 पर मंडल अध्यक्ष रीना चौरसिया के सहयोग से पूर्वी विधानसभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव के साथ सुना गया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा का महिला मोर्चा की बहनों ने स्वागत किया। सरोज कुशवाहा ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व में उन्हें महिलाओं को एक सूत्र में बांधने की जो यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, उसे वह शत प्रतिशत निष्ठा के साथ पूर्ण करेंगी।

# 'आपका विधायक, आपके द्वार' अभियान में जनसमस्याओं का हुआ पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का जनसंपर्क अभियान 'आपका विधायक, आपके द्वार' 173वें सप्ताह में भी जारी रहा। शांतिनगर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद कर 31 जनसमस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त किए गए, जिन्हें समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। कार्यक्रम में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 35 लोगों ने लाभ लिया। 35 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। साथ ही 187वें बॉयज यूथ क्लब और 122वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन कर खेल सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया गया तथा तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन भी वितरित किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान उनके घर तक पहुंचकर करना है, जिससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# 32673 मेगावाट डिमांड की बिजली आपूर्ति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- यूपी ने देशभर में अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़े

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की बेहतरीन बिजली व्यवस्था लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। भीषण गर्मी, बढ़ती बिजली मांग और प्राकृतिक बाधाओं के बावजूद उप्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति कर रहा है। इसे योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

वही मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और यूपीपीसीएल के कुशल प्रबंधन से यूपी देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति करने वाले राज्यों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। विशेष बात यह है कि उत्तर प्रदेश लगातार अपने ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए बिजली आपूर्ति के नए मानक स्थापित कर रहा है। 19 जून से उत्तर प्रदेश लगातार डिमांड बिजली आपूर्ति में देश का नंबर-1 राज्य बना हुआ है। उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र, गुजरात जैसे बड़े औद्योगिक राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। साथ ही तमिलनाडु, कर्नाटक, पंजाब और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से भी आगे निकलकर अपनी क्षमता साबित की है। इस तरह बिजली मांग के मामले में यूपी ने देश के कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

**■ 24 जून को रिकॉर्ड 32,673 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई :** अगर डिमांड बिजली आपूर्ति पर नजर डालें तो 27 जून को उत्तर प्रदेश में 31949 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई। इसी तरह 26 जून को 31,839 मेगावाट और 25 जून को 31,852 मेगावाट की आपूर्ति दर्ज की गई थी। इतना ही नहीं, 24 जून को उत्तर प्रदेश ने नया इतिहास रचते हुए रात करीब 9:51 बजे 32,673 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति की थी। यह अब तक की सर्वाधिक पीक डिमांड आपूर्ति थी। इसके पहले 23 जून की रात 10:26 बजे 32,405 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई थी।

इसी तरह 22 जून को 31,841 मेगावाट, 21 जून को 32,348 मेगावाट, 20 जून को 31,549 मेगावाट और 19 जून को 30,968 मेगावाट बिजली आपूर्ति दर्ज की गई।

**■ महानगर से लेकर गांव तक मिल रही लगातार बिजली :** योगी सरकार में प्रदेश के शहरों से लेकर गांव तक निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर और वाराणसी जैसे महानगरों में लगातार 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी 22 से 24 घंटे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है। इस तरह जो प्रदेश 2017 से पहले बिजली कटौती और खराब आपूर्ति व्यवस्था के लिए चर्चा में रहता था, वही आज रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति और मजबूत ऊर्जा प्रबंधन के लिए देशभर में मिसाल बन गया है।

**■ उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए यूपीपीसीएल कृत संकल्पित :** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में लगे हुए कार्मिक दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं। उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा ही है। यूपीपीसीएल उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कृत संकल्पित है। निदेशक वितरण ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने जिस तरह रिकॉर्ड स्तर पर डिमांड बिजली आपूर्ति की है, वह हमारी मजबूत विद्युत अवसंरचना, बेहतर प्रबंधन और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी और रिकॉर्ड स्तर की बिजली मांग के बावजूद शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर से अधिक बिजली आपूर्ति की जा रही है।

# सीएम योगी आज पीलीभीत- मुरादाबाद दौरे पर, विकास परियोजनाओं की देंगे

विशेष संवाददाता (vol)

- पीलीभीत में 569 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण/शिलान्यास एवं पट्टा विवरण
- मुरादाबाद मंडल में चल रहे विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की करेंगे समीक्षा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को पीलीभीत और मुरादाबाद के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री पहले पीलीभीत पहुंचेंगे, जहां बीसलपुर में पीलीभीत के बरखेड़ा एवं बीसलपुर विधानसभा क्षेत्रों के 569 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास एवं पट्टा विवरण करेंगे। यहां वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

पीलीभीत के बाद मुख्यमंत्री मुरादाबाद पहुंचेंगे, जहां वह सर्किट हाउस में आयोजित मुरादाबाद मंडल में लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की समीक्षा और नए कार्यों की कार्ययोजना के संबंध में बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री मुरादाबाद के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा भी करेंगे। इसके बाद मुरादाबाद सदर, मुरादाबाद देहात व कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्रों तथा नगर निगम मुरादाबाद एवं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों का लोकार्पण/ शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यहां दानवीर भामाशाह जयंती एवं व्यापारी कल्याण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही मुख्यमंत्री गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री मुरादाबाद के सर्किट हाउस में ही रात्रि विश्राम करेंगे।

# नौजवानों को भर्तियों की उम्र सीमा में राहत मिले : अखिलेश

## भाजपा सरकार नौकरियों में संगठित रूप से कर रही है घोटाला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नौकरियों में संगठित रूप से घोटाला कर रही है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाये गये संविधान के अनुसार हक और सम्मान नहीं दे रही है। भाजपा सरकार ने 22 भर्ती परीक्षाओं में मनमाने तरीके से आरक्षण की लूट की है। 69 हजार शिक्षक भर्ती 2019 में आबीसी को 27 फीसदी की जगह 3.8 फीसदी, एससी को 21 फीसदी की जगह 16.2 फीसदी और एसटी को 2 फीसदी की जगह शून्य आरक्षण मिला है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने पीडीए आडिट अंक-1 पीडीए आरक्षण घोटाला बुकलेट में 22 भर्ती परीक्षाओं में आरक्षित सीटों की लूट का आंकड़ा जारी किया, लेकिन भाजपा सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया। मुख्यमंत्री जी के जिले में सैकड़ों प्राइमरी स्कूल बंद हो गये हैं। उसका भी कोई जवाब नहीं है। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या में हो रहे भ्रष्टाचार और गोरखधंधा की रिपोर्ट जारी की थी लेकिन भाजपा ने एक का भी जवाब नहीं दिया।

रविवार को प्रयागराज में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार पेपर लीक हो रहे है। महाराष्ट्र में कल भी टीईटी का पेपर लीक हो गया। यूपी भाजपा सरकार में कई भर्ती परीक्षाएं लीक हो चुकी है। 2017 में दरोगा भर्ती परीक्षा, जूनियर इंजीनियरिंग भर्ती यूपीपीसीएल 2018, ग्राम विकास पंचायत भर्ती 2018, नलकूप चालक भर्ती 2018, यूपी टीईटी परीक्षा 2021, दो बार यूपीपीएससी, हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2020, 2022, 2025, सिपाही भर्ती, आरओ एआरओ, यूजीसी नेट 2024, एसएसएसी जीडी 2026, लेखपाल भर्ती 2026 की परीक्षाएं लीक हो चुकी है। दरोगा भर्ती परीक्षा 6 साल तक लटकी रही, परिणाम हाई कोर्ट से रद्द हुआ।

श्री यादव ने कहा कि नौजवानों को भर्तियों की उम्र सीमा में राहत मिलनी चाहिए। समाजवादी सरकार आने पर पेपर लीक और अन्य वजहो से जिन युवाओं की उम्र सीमा निकल गयी है, उन्हें तीन वर्षो की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। छात्रों को अपने जिले या नजदीकी परीक्षा केन्द्र देने की व्यवस्था होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि जो नेशन फर्स्ट की बात करते थे उनके लिए डोनेशन फर्स्ट है। इनकी निगाहें नेशन पर नहीं डोनेशन पर है। अयोध्या प्रभु श्रीराम के मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना बेहद चिंता जनक है। लखनऊ में कोचिंग अग्निकांड की घटना पर अखिलेश यादव ने कहा कि अगर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होते तो इतने बच्चों की जान नहीं जाती है। अगर सरकार से कोई सवाल करता है तो उसको सरकारी संस्थाओं से परेशान किया जाता है।

श्री यादव ने कहा कि यूपी में कई फेक एनकाउण्टर हुए है, जिन पर सवाल खड़े हुए है। फर्जी एनकाउण्टर को लेकर पुलिस के पास जवाब नहीं है। फर्जी एनकाउण्टर में जब पुलिस फंसती है तो भाजपा के लोग साथ नहीं खड़े होते हैं।

# खतरनाक उद्योगों के नक्शे नगर निकायों में नहीं होंगे पास

## अवैध निर्माण पर सख्ती, बिना नक्शा पास बने भवन सील करें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण और शहरी विकास व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। अब संकटमय एवं खतरनाक प्रकृति के उद्योगों के नक्शे नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में पास नहीं किए जाएंगे।

प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद की ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि जल एवं वायु प्रदूषण फैलाने वाले तथा हैजार्डस वेस्ट उत्पन्न करने वाले उद्योगों के नक्शे स्थानीय निकायों द्वारा किसी भी स्थिति में स्वीकृत नहीं किए जाएंगे। साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भवन मानचित्र स्वीकृति के दौरान उप क्षेत्रीय योजना के प्रावधानों का पालन अनिवार्य किया गया है। शासनादेश में यह भी निर्देश दिया गया है कि जिन क्षेत्रों में चौड़ी सड़क उपलब्ध नहीं है, वहां भवन मानकों के अनुसार रोड वाइडनिंग के लिए आवश्यक भूमि छोड़ना अनिवार्य होगा। भवन विकास उपविधि-2025 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए ही नक्शे पास किए जाएंगे। इसी के साथ सरकार ने विकास प्राधिकरणों को अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं।

सभी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे भवनों की पहचान करने को कहा गया है जो मानकों के विपरीत बनाए गए हैं। ऐसे भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए जाएंगे, जबकि बिना नक्शा पास बने भवनों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। जिन मामलों में ध्वस्तीकरण के आदेश जारी हो चुके हैं, वहां तत्काल ध्वस्तीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि शहरों में अवैध निर्माण को किसी भी स्थिति में बढ़ावा नहीं दिया जाएगा और नक्शा स्वीकृति प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं नियमों का सख्ती से पालन अनिवार्य होगा। दूसरी ओर, बरेली जनपद के भमोरा क्षेत्र से यूपीडा द्वारा प्रस्तावित औद्योगिक गलियारे के विकास की प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है। इसके तहत सखासगंज रेलवे लाइन के पश्चिम दिशा में भमोरा सहित 10 गांवों की भूमि को चिह्नित किया गया है।

लेखपालों की ओर से भमोरा, कुडढा, पखुर्नी, मकरंदपुर ताराचंद, मटकी चांदपुर, भीकमपुर, हजरतपुर, खुली, युसुफपुर और भरताना गांवों की लगभग एक हजार हेक्टेयर भूमि का मैप तैयार कर यूपीडा लखनऊ को भेज दिया गया है।

### अलीगंज में अतिक्रमण विरोधी अभियान 8,500 रुपये का जुर्माना वसूला

**लखनऊ।** नगर निगम ने शहर में अवैध अतिक्रमण और यातायात बाधा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए रविवार को अलीगंज क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई सड़क एवं फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से की गई।

अभियान के दौरान जोन-3 की टीम ने सीएम ग्रिड रोड पर कार्रवाई करते हुए 20 अवैध काउंटर, 6 ठेले, 6 गुमटियां तथा 32 से अधिक अस्थायी दुकानों को हटाया। इस दौरान सड़क और फुटपाथ पूरी तरह खाली कराए गए तथा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकताओं से कुल 8,500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, ईटीएफ टीम और नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बिजनौर में 13 करोड़ की सरकारी भूमि अतिक्रमणमुक्त

**लखनऊ।** सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बिजनौर में रविवार को बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान लगभग 13 करोड़ रुपये मूल्य की 1.360 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। यह कार्रवाई अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) न्यायालय द्वारा 8 जून 2026 को पारित बेदखली आदेश के अनुपालन में की गई। अभियान के तहत तालाब, पुरानी परती, ऊसर और बंजर श्रेणी की भूमि से अवैध कब्जे हटाए गए। नगर आयुक्त गौरव कुमार एवं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर अंकित शुक्ला के नेतृत्व में नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान गाटा संख्या 315, 401, 406, 490 और 378 की भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से बनी बाउंड्रीवाल और प्लॉटिंग को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त किया गया।

### रिमोट सेंसिंग तकनीक से फसलों का सटीक मानचित्रण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आधुनिक तकनीक के उपयोग से कृषि क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर (आरएसएसी) द्वारा उपग्रह आधारित तकनीकों के माध्यम से फसलों का वैज्ञानिक मानचित्रण एवं क्षेत्रफल आकलन किया जा रहा है, जिससे किसानों को अधिक सटीक जानकारी उपलब्ध हो रही है और उत्पादन में वृद्धि दर्ज की जा रही है।

परंपरागत सर्वेक्षण विधियों की तुलना में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक से कम समय में अधिक सटीक आंकड़े प्राप्त हो रहे हैं। इसके तहत प्रदेश के चयनित 20 जनपदों में केला फसल का ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर मानचित्रण किया गया है, जिनमें गोरखपुर, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कुशीनगर सहित कई प्रमुख जिले शामिल हैं। इस पहल से केला उत्पादन क्षेत्रों की वास्तविक पहचान संभव हुई है, जिससे नीति निर्माण और किसानों की योजना में सहायता मिल रही है। इसी प्रकार 37 जनपदों में मेंथा फसल का भी विस्तृत मानचित्रण एवं क्षेत्रफल आकलन किया गया है। इससे उत्पादन क्षेत्रों की स्पष्ट तस्वीर सामने आई है और मेंथा आधारित उद्योगों को आवश्यक आंकड़े उपलब्ध हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के सभी 75 जनपदों में जायद एवं रबी सब्जी फसलों का भी मानचित्रण किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत उपग्रह चित्रों का विश्लेषण, फसल पहचान, भू-सत्यापन और गुणवत्ता परीक्षण जैसे वैज्ञानिक चरणों को पूरा कर विस्तृत मानचित्र तैयार किए जा रहे हैं। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार कृषि योजनाओं को अधिक प्रभावी और लक्षित तरीके से लागू कर रही है। अधिकारियों के अनुसार यह तकनीक न केवल कृषि उत्पादन बढ़ाने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच खेती को अधिक टिकाऊ और वैज्ञानिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इससे उर्वरक, जल और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो रहा है तथा किसानों की आय में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ी हैं।

# गोमती नदी स्वच्छता अभियान 15 कुंतल कचरा निकाला गया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना लखनऊ की ओर से प्रत्येक रविवार चलाए जा रहे गोमती नदी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज 423वें रविवार को हनुमान सेतु के निकट झूलेलाल पार्क, गोमती नदी तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

प्रातः 5:30 बजे शुरू हुआ यह अभियान लगभग दो घंटे तक चला, जिसमें गोमती नदी से करीब 15 कुंतल कचरा एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ निकाले गए। अभियान का नेतृत्व संयोजक रणजीत सिंह ने किया।

इस अवसर पर प्रीति जैन, रत्ना वर्मा, शिखा सिंह, शगुन तिवारी, शक्ति तिवारी, पलक, पिंकी, उदय सिंह, विष्णु तिवारी, विवेक जोशी, कमल दुबे, वीरेंद्र जोशी, कमलेश चौधरी, रिंकू सिंह, परवेश यादव, अजय जोशी, पवन, परमेश जोशी, रामकुमार वाल्मीकि, आनंद वर्मा, ललित कश्यप, मनोज सिंह, शैलेंद्र सिन्हा, सूर्या दुबे, अर्नव जैन, हिमांशु कश्यप, पंकज तिवारी, जे.पी. गुप्ता, संकल्प शर्मा, राजेश जोशी सहित कई लोगों ने सहभागिता की। अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने गोमती नदी में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की और नालों के माध्यम से नदी में गिरने वाले अपशिष्ट को रोकने के लिए सभी प्रमुख नालों पर एसटीपी लगाने की मांग की। आयोजकों ने कहा कि नदियों की स्वच्छता के लिए जनभागीदारी आवश्यक है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# भामाशाह ने देश भक्ति व दानवीरता की मिसाल कायम की

## कई विभूतियां दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित हुईं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकहित और आत्मसम्मान के लिए अपना सर्वस्व दान कर भामाशाह ने देश भक्ति और दानवीरता की मिसाल कायम की है, उनके अन्दर मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम था। यह बात जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन एवं उद्योग संवाद के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी के एक होटल में आयोजित दानवीर भामाशाह जयंती समारोह में कही। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के अनन्य सहयोगी भामाशाह ने अपना संपूर्ण धन मातृभूमि के लिए समर्पित कर दिया था।

दानवीरता के लिए भामाशाह इतिहास में अमर हैं। उन्होंने आगे कहा कि धन कमाने से ज्यादा उसका सही प्रयोग करना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी कट्टर राष्ट्रवादी होता है, उसी प्रकार उसे परिवार के प्रति भी समर्पित रहना चाहिए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राकेश राठौर नगर विकास राज्य मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद से व्यापारी हों या महिलाएं सभी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों में उनकी जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में भी मनाई जाती है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि आज भी नई पीढ़ी राणा प्रताप और उनके घोड़े चेतक के बारे में तो जानती है, लेकिन भामाशाह को नहीं जानती, इसलिए सरकार को भामाशाह की जीवनी, पाठ्यक्रम में शामिल करनी चाहिए। इस अवसर पर आलोक आर्य, जगत नारायण, शिवम बिश्नोई, रविंद्र जायसवाल, दीपक अग्रवाल, आनंद जायसवाल, अनीता अग्रवाल और राजेश्वरी त्रिपाठी को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। समारोह में मनीष भटीयानी, संदीप अग्रवाल, किशोर गुप्ता सहित उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों से आए पुरूष और महिला व्यापारी उपस्थित थे। संचालन डॉ. शालिनी अग्रवाल ने किया।

### चिकित्सा शिविर में 220 मरीजों को मिला उपचार

**लखनऊ।** खालाबाजार स्थित रस्तोगी परामर्श केन्द्र में रविवार को आयोजित चिकित्सा शिविर में 220 मरीजों को उपचार मिला, इनमें करीब 150 मरीजों की खून संबंधी जांचें भी की गयीं। शिविर में एलोपैथी, होम्योपैथी और आयुर्वेद चिकित्सा विद्या के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श दिया। केन्द्र के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि हर माह के अंतिम रविवार को इस विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। मरीजों को उपचार के साथ मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध करायी गयीं।

### श्रेया को 1,13,300 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की छात्रा श्रेया बाजपेयी को हाँगकाँग यूनिवर्सिटी ने 1,13,300 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा है। श्रेया को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। इस प्रकार सीएमएस की एक और छात्रा ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की बदौलत उच्चशिक्षा के लिए विश्व प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# नयी शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

- गणित शिक्षकों के लिए रचनात्मक कार्यशाला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की सेक्टर आई शाखा में कक्षा 3 से 10 तक के गणित शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020), राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) एवं कॉम्पिटेंसी बेस्ड लर्निंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, इसमें एलपीएस की सभी 10 शाखाओं से आए 96 गणित शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप गणित शिक्षण को अधिक प्रभावी, व्यावहारिक और विद्यार्थी केंद्रित बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या शबनम सिंह एवं कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन काकली बागची ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। शिक्षाविद् काकली बागची ने बताया कि आज के समय में केवल पाठ्यवस्तु का ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और अवधारणात्मक समझ विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान एनईपी 2020 एवं एनसीएफ के अंतर्गत आए शैक्षणिक बदलावों, गणित में कॉम्पिटेंसी बेस्ड असेसमेंट, गतिविधि एवं अनुभवात्मक शिक्षण, कला समेकित शिक्षण (आर्ट इंटीग्रेशन), अधिगम परिणामों के अनुरूप मूल्यांकन, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, सक्रिय अधिगम रणनीतियों, वास्तविक जीवन में गणित के उपयोग तथा विद्यार्थियों में तार्किक सोच एवं समस्या समाधान कौशल विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### पहले कर्मचारी अपना पूरा कार्यकाल एक ही संस्था में बिताते थे : प्रो. अजय

**लखनऊ।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सोनल मैनेजमेंट उत्तर प्रदेश चैप्टर की वार्षिक आम बैठक रविवार को होटल गोमती में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि केएमसीएलयू कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि व्यक्तिगत विकास को संगठन के मूल्यों के साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व कर्मचारियों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि पहले कर्मचारी अपना पूरा कार्यकाल एक ही संस्था में बिताते थे, जबकि आज का कर्मचारी संगठन में अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास को अधिक महत्व देता है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 आशीष कुमार, एनआईपीएम उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, कोषाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र कुमार गुप्ता तथा मानद सचिव डा. विष्णु पी सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक का समापन मानव संसाधन प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने तथा कर्मचारी-केंद्रित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

# 7.07 लाख बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने का लक्ष्य

## डा. नीरज बोरा ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सघन पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत रविवार को वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय से किया गया। अभियान का उद्घाटन उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा. नीरज बोरा ने बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंद पिलाकर किया।

इस अवसर पर विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों के स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य पहल है। पोलियो जैसी गंभीर एवं आजीवन दिव्यांगता का कारण बनने वाली बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर पोलियो की खुराक पिलाना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाएं, चाहे बच्चे को पहले कई बार पोलियो की दवा दी जा चुकी हो। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह ने कहा कि सघन पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो से सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पोलियो की दो बूंदें पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और निःशुल्क हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें बूथों, घर-घर भ्रमण तथा ट्रांजिट स्थलों पर पहुंचकर बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाएंगी।

अभियान के दौरान ईंट-भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों, घुमंतू परिवारों तथा निर्माण स्थलों पर रहने वाले श्रमिक परिवारों के बच्चों तक विशेष रूप से पहुंच बनाई जाएगी।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अमिताभ श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में शून्य से पांच वर्ष तक के 7.07 लाख बच्चों को मॉप अप राउंड के दौरान दवा पिलाई जाएगी। प्रथम दिन जनपद के 2,783 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। सोमवार से स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी।

### गौतमबुद्ध पार्क के पास दुकानों के निर्माण पर विवाद, प्रदर्शन

**लखनऊ।** आशियाना स्थित एलडीए कॉलोनी के गौतमबुद्ध पार्क की बाउंड्री के किनारे फुटपाथ पर नगर निगम की ओर से किए जा रहे निर्माण को लेकर रविवार को स्थानीय लोगों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि पहले आपत्ति के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया था, लेकिन अब इसे फिर से शुरू कर दिया गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से 60 से अधिक दुकानों के लिए मॉडल वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है। इसमें सीमेंट, सरिया और पक्की दीवारों के साथ स्थायी संरचना खड़ी की जा रही है, जिसे नगर निगम अस्थायी निर्माण बता रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि फुटपाथ पर इस तरह का निर्माण होने से आम रास्ता बाधित होगा। पास में स्थित अस्पताल और स्कूल के आवागमन पर भी असर पड़ेगा तथा क्षेत्र में यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोगों ने निर्माण कार्य पर रोक लगाने और कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि स्थानीय विरोध के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने लगभग 12 दिन पहले नगर निगम को पत्र लिखकर निर्माण रोकने को कहा था, इसके बावजूद कार्य जारी रहने का आरोप है। वहीं, कुछ स्थानीय निवासियों ने वेंडिंग जोन निर्माण का समर्थन भी किया है। इस मामले में स्थानीय पार्षद ने कहा कि स्थिति को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है और विकास कार्य को बाधित करने की कोशिश की जा रही है।

# शहर के 2505 बूथों पर सुनी गयी मोदी की 'मन की बात'

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण महानगर के सभी 2505 बूथों पर कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों के साथ किया गया। इसके बाद प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पर्यावरण वृक्षारोपण किया।

पश्चिम-3 मंडल के बूथ संख्या 391, सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज, सी-ब्लॉक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संजय राय एवं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकताओं के साथ 'मन की बात' सुनी। मध्य-1 मंडल के बूथ संख्या 234, हलवासिया कोर्ट, हजरतगंज में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कार्यक्रम में सहभागिता की। पूर्व-4 मंडल के बूथ संख्या 147, झूलेलाल भवन, सेक्टर-12, इंदिरा नगर में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। उत्तर-4 मंडल के बूथ संख्या 339, मजेस्टिक लॉन, महर्षि यूनिवर्सिटी (आईआईएम रोड) के निकट आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह उपस्थित रहे। मध्य-1 मंडल के बूथ संख्या 307, संत रविदास नगर, राजा राममोहन राय वार्ड में प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर सिंह ने कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम सुना। मध्य-3 मंडल के बूथ संख्या 70, याहियागंज वार्ड में विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह ने सहभागिता की। मध्य-2 मंडल के बूथ संख्या 218, रिसालदार पार्क, गुरु गोविंद सिंह मार्ग स्थित पुष्पा सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान उपस्थित रहे। उत्तर विधानसभा के मल्लाही टोला, बूथ संख्या-20 पर जगजीवन के आवास पर विधायक डा. नीरज बोरा ने बूथ कमेटी सदस्यों के साथ श्रवण किया। पूरब विधानसभा के बूथ संख्या 312, वार्ड विवेकानंद पुरी में डी-ब्लॉक पार्क रविदास मंदिर के पास पर पूरब विधायक ओपी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से जन्म जयंती तक विभिन्न कार्यक्रमों आयोजन चल रहा हैं।

# शकुन्तला विवि : एक सीट पर 5 से सात दावेदार

- 1 जुलाई तक आवेदन, बीए, बीएड स्पेशल एजुकेशन, एमबीए, एलएलएम समेत कई कोर्सों में कड़ी प्रतिस्पर्धा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गयी है। नॉन-सीयूईटी स्नातक, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एक जुलाई है। अंतिम तिथि नजदीक आते ही आवेदन संख्या तेजी से बढ़ी है। अब तक यूजी, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और पीजी पाठ्यक्रमों में करीब 3500 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। कई पाठ्यक्रमों में एक सीट के पाँच से सात दावेदार दर्ज किए गए हैं। प्रवक्ता प्रो यशवंत वीरोदय ने बताया कि एलएलएम की 22 सीटों पर 125 आवेदन आए हैं। यानी एक सीट पर करीब 6 दावेदार हैं। बीएड स्पेशल एजुकेशन की 99 सीटों पर 329 आवेदन प्राप्त हुए हैं, यानी एक सीट पर 3 से अधिक अभ्यर्थी मुकाबले में हैं। बीबीए की 41 सीटों के लिए 208 आवेदन आए हैं, यानी एक सीट पर पांच से अधिक दावेदार हैं। बी.फार्मा की 33 सीटों पर 177 आवेदन दर्ज हुए हैं, यानी एक सीट पर पांच अभ्यर्थी हैं। एमए (समाजशास्त्र) की 44 सीटों के लिए 148 आवेदन आए हैं, यानी एक सीट पर 3 दावेदार हैं। इसके अलावा समाजकार्य, हिन्दी, इतिहास व एमसीए में भी डेढ़ ढाई गुने आवेदन आए हैं। वहीं एमबीए की 132 सीटों पर 194 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

स्नातक स्तर पर बीपीओ की 13 सीटों पर 90 आवेदन आए हैं। एक सीट पर करीब सात अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए रुचि दिखाई है। बीए में सबसे अधिक 419 आवेदन दर्ज हुए हैं, जबकि 220 सीटें उपलब्ध हैं। यानी एक सीट पर लगभग दो अभ्यर्थी दावेदारी कर रहे हैं। बीकॉम की 66 सीटों के लिए 171, बीएससी (कंप्यूटर साइंस एवं आईटी) की 33 सीटों पर 157, बीकॉम एलएलबी (ऑनर्स) की 66 सीटों पर 143 आवेदन मिले हैं।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि जो छात्र अभी तक आवेदन नहीं कर सके हैं, वे 1 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन पूरा कर लें। अंतिम तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# यूपी में कल से मानसून होगा सक्रिय गरज-चमक का अलर्ट जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून की दस्तक के लिए परिस्थितियां लगातार अनुकूल होती जा रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक, तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश के आसार हैं। वहीं 30 जून से मानसूनी बारिश का व्यापक दौर शुरू होने की संभावना जताई गई है।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान मौसमी परिस्थितियों के अनुसार 30 जून के बाद प्रदेश में मानसून की गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी। जुलाई के पहले सप्ताह में पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होने के संकेत हैं, जिससे लंबे समय से जारी गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए प्रदेश के 66 जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इन जिलों में बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कानपुर नगर, लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, मथुरा, झांसी, ललितपुर सहित कई अन्य जिले शामिल हैं। तराई क्षेत्र के कुशीनगर, महाराजगंज और सिद्धार्थनगर में अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं दक्षिणी यूपी के सोनभद्र, मिजार्पुर और चंदौली में अगले दो दिनों तक गर्मी और तपिश बनी रह सकती है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# हिमालय कोल्ड स्टोरेज में लगी भीषण आग

## दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीन घंटे में पाया आग पर काबू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र स्थित हिमालय कोल्ड स्टोरेज में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। बताते हैं कि छोटी सी चिंगारी भड़की और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने कम समय में ही पूरे कोल्ड स्टोरेज को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी ऊंची उठीं कि दूर-दूर तक धुएं का गुबार छा गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू हुआ। हालांकि तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद भी दमकलकर्मी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पा सके। कोल्ड स्टोरेज में रखी ज्वलनशील सामग्री के कारण आग बार-बार भड़क रही थी, जिससे बुझाने में कठिनाई आ रही थी।

आग की भयावहता और तेजी से फैलने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन आसपास के मकानों और प्रतिष्ठानों को खाली करा लिया। स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों

पर पहुंचाया गया। पुलिस ने घटनास्थल के चारों ओर बैरिकेडिंग कर भीड़ को दूर रखा, ताकि राहत एवं बचाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और अपनी निगरानी में बचाव कार्य आरम्भ कराया। आग पर पूरी तरह काबू पाने के प्रयास किए जा रहे थे। करीब तीन घंटे बाद दमकलकर्मियों को सफलता मिली और आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

**मसाले जलने की धांस से अंदर नहीं घुसे फायरकर्मी :** आग लगने के समय कोल्ड स्टोरेज के अंदर रखी मिर्च व खाने वाले मसाले जल रहे थे, जिससे तेज धांस पूरे इलाके में फैल रही है। इसी वजह से फायर ब्रिगेड की टीम अंदर नहीं घुस सकी। पहले अंदर जाने का प्रयास किया, लेकिन खांसी आने लगी। इसके बाद हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म मंगाया गया। उसी की मदद से ऊपर से पानी डाला जा रहा है। कुछ फायरकर्मी ऊपर की तरफ पहुंच गए और राहत कार्य में लगे हुए हैं।

**जलती मिर्च की झार से परेशान रहे फायरकर्मी व क्षेत्रीय लोग:** फायरकर्मी कोल्ड स्टोरेज के ऊपर चढ़े और कोल्ड स्टोरेज के अंदर घुसे जहां ज्यादातर खाने वाले मसाले व लाल मिर्च रखी थक्ष। इसके जलने से धुएं के साथ धांस फैल रही थी, जिसके चलते क्षेत्रीय लोगों व फायरकर्मियों को परेशानी हो रही थी।

**हाईड्रोलिक प्लेटफॉर्म पर चढ़कर बुझाई आग:** आग बुझाने के लिए मौके पर फायर ब्रिगेड की 15 दमकलें मौजूद थीं इसके अलावा एक हाईड्रोलिक फॉर्म भी पहुंचा। इसके जरिये पानी लगातार डाला गया और घंटों की कोशिा के बाद आग पर काबू पाया गया।

**कोल्ड स्टोरेज में रखा जाता है जनरल स्टोर का भी सामान :** हिमालयन कोल्ड स्टोरेज चिनहट थाना क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या हाईवे के किनारे स्थित है। करीब 20 साल पुराने स्टोरेज में खाने वाले मसाले हल्दी, धनिया, काली मिर्च व लाल मिर्च सहित जनरल स्टोर का सामान भी रखा जाता है। स्टोरेज के मालिक राहुल गुप्ता ने बताया कि लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया।

# दो पक्षों में मारपीट के दौरान फायरिंग में रेस्त्रां के कर्मचारी को पीठ में लगी गोली

- पत्रकारपुरम चौकी के पास चाकूबाजी के दौरान चली गोली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र में मनीष ईटिंग प्वाइंट के पास गोली चल गई, जिसमें उनके कर्मचारी अखिलेश की कमर में गोली लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया जा रहा है पहले चाकूबाजी हुई। पीड़ित पक्ष थाने पहुंचा। उसी दौरान बदमाश वापस लौटे और फायरिंग कर दी। सड़क जाम व हंगामे के बीच मौके पर पुलिस बल मौजूद है। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया। मामला गोमतीनगर थाना क्षेत्र के पत्रकारपुरम चौराहे के पास का है, जहां मारपीट व फायरिंग हुई।

इस संबंध में पुलिस ने बताया कि रविवार शाम करीब 07 बजे मनीष ईटिंग प्वाइंट के पास अंकित राठौर अपने साथी राम मोहन दीक्षित पुत्र ज्ञानेन्द्र कुमार निवासी 2/729 विनयखण्ड गोमतीनगर के साथ चाय की दुकान पर मौजूद थे। उसी दौरान प्रणव शुक्ला पुत्र शरद चन्द्र शुक्ला निवासी 3/322 विनम्रखण्ड गोमतीनगर, अभय प्रताप सिंह, विष्णु स्वरूप द्विवेदी तथा 06-07 अन्य साथी वहां पहुंचे और किसी बात को लेकर अंकित राठौर व साथियों के बीच मारपीट होने लगी।

सूचना प्राप्त होते ही गोमतीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को मौके पर देख अधिकांश आरोपी फरार हो गए, जबकि प्रणव शुक्ला को मौके से हिरासत में लिया गया। घटना में प्रणव शुक्ला और राम मोहन दीक्षित को चोटें आई हैं, जिन्हें चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। कार्रवाई चल रही थी उसी दौरान अभय प्रताप सिंह अपने अन्य साथियों के साथ पुनः मौके पर आया और बाइकों से जाते समय फायरिंग की। इस दौरान 'मनीष ईटिंग प्वाइंट' में कार्यरत रसोइया अखिलेश पुत्र सुभाष निवासी जनपद बाराबंकी की पीठ में गोली लग गई। घायल को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। उधर, पुलिस घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज का गहन परीक्षण कर रही है।

## भरत तिवारी को ब्राह्मण संघर्ष समिति ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** रायबरेली रोड स्थित सेनानी बिहार कॉलोनी के एपीएस इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति ने बैठक आयोजित की। बैठक में बिहार के भारत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि दी गई और 24 अक्टूबर को पाटलिपुत्र से दिल्ली तक चाणक्य रथ यात्रा की रणनीति बनाई गई। छह सूत्रीय मांगें जैसे आर्थिक आरक्षण और सवर्ण आयोग की आवश्यकता रखी गई। ब्राह्मण समाज ने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष का किया आह्वान। बैठक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कृपानिधान तिवारी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में बिहार के भारत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं 24 अक्टूबर को पाटलिपुत्र से दिल्ली तक प्रस्तावित चाणक्य रथ यात्रा की रणनीति बनाई गई। वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त डीआईजी जुगल किशोर तिवारी ने की। समिति ने आर्थिक आधार पर आरक्षण, सवर्ण आयोग के गठन, समान नागरिक संहिता लागू करने, यूजीसी कानून वापस लेने और अयोध्या में भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण सहित छह सूत्रीय मांगें रखीं। बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम शब्द मिश्र, राजेंद्र नाथ त्रिपाठी, डॉ. आदित्य नारायण त्रिपाठी, इंद्रेश कौशिक महाराज और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शिव प्रताप मिश्र सेनानी ने अपने विचार रखे।

## महिला ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में ओमेक्स के पास रविवार को एक महिला ने आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान माया देवी (30) पत्नी विजय कुमार के रूप में हुई है। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के अनुसार माया देवी मूलरूप से बांदा जिले के शादी मदनपुर थाना चिल्ला क्षेत्र की रहने वाली थी। वह पति विजय कुमार के साथ पिछले करीब एक साल से ओमेक्स के पास झोपड़ी में रहकर मजदूरी कर रही थी। बताया जा रहा है कि माया देवी की यह दूसरी शादी थी। पहले पति से उसके तीन बच्चे हैं। रविवार सुबह उसका शव झोपड़ी में टीनशेड से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार शुरूआती जांच में आत्महत्या के पीछे आपसी पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। फिर भी सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## जानवर बांधने को लेकर महिला को पीटा

**लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के देवती गांव में रविवार दोपहर जानवर बांधने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दबंगों ने एक महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पिता और उसके दो बेटों समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगराम के देवती गांव निवासी राम प्रकाश की पत्नी संगीता ने नगराम थाने में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार दोपहर करीब तीन बजे गांव के ही मनोज अपने पुत्रों प्रांशू और मनीष के साथ उनके घर पहुंचे। जानवर बांधने को लेकर विवाद होने पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

## विवाहिता ने लगाया ब्लैकमेल का आरोप

**लखनऊ।** कृष्णानगर में रहने वाली महिला ने मायके के पड़ोसी युवक पर सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो और वीडियो परिवार के लोगों भेजने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर उसका चेहरा तेजाब से जलाने की धमकी दी। पीड़िता ने कृष्णानगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कृष्णानगर इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक पीड़िता की शादी दिसंबर 25 में हुई थी। बस्ती जिले के बम्बमान शुगर फैक्ट्री मालासेस कॉलोनी निवासी मनोज कुमार यादव परेशान कर रहा है। आरोपी ने पीड़िता का अश्लील, आपत्तिजनक फोटो व वीडियो सोशल मीडिया के माध्यमों से भेजकर अपने पास बुलाने का दबाव बना रहा है।

## महिला का ससुरालीजनों पर प्रताड़ना का आरोप

**लखनऊ।** माल क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने और पति पर मारपीट कर गैर मौजूदगी में घर का ताला तोड़ कर जेवर चोरी करने व दरवाजे से भैंस चोरी कर ले जाने के आरोप की तहरीर थाने पर देकर न्याय की मांग की है। थाना क्षेत्र के भानपुर गांव निवासी बृजभान पासी की पत्नी ने माल थाने पर दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है, कि उसको ससुराल वाले लोग अकारण ही परेशान करते हैं। साथ ही उसका पति बृजभान भी उसके साथ मार पीट करता है जिससे वह अपने मायके में माता पिता के घर पर रहती है। जबकि पीड़ित के माता पिता उसके ननिहाल में रहते है।महिला का आरोप है कि बुधवार को उसके पति बृजभान ने उसे गालियां दी और मारा पीटा।

## पार्षद गीता देवी ने सुनीं समस्याएं

**लखनऊ।** सरोजनी नगर प्रथम वार्ड की पार्षद गीता देवी गुप्ता ने जनसंपर्क अभियान के तहत गंगादीन खेड़ा, दरोगा खेड़ा और अमौसी का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने घर-घर पहुंचकर क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान क्षेत्रवासियों ने जल निकासी, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था समेत विभिन्न स्थानीय समस्याओं से पार्षद को अवगत कराया। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पार्षद गीता देवी गुप्ता ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संपर्क कर उनके शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कई समस्याओं का तत्काल समाधान भी कराया गया।

# पानी भरे टब में डूबकर बच्ची की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इटौंजा क्षेत्र में नानी के घर गई दो साल की बच्ची की शुक्रवार रात पानी से भरे टब में गिरने से मौत हो गयी। वह औंधे मुंह पानी में गिरी और उठ नहीं पाई। हादसे के वक्त वहां पर कोई नहीं था। बाद में जब लोगों ने उसे तलाशना शुरू किया तो वह टब में उतराती दिखी। यह देखते ही घर में कोहराम मच गया और आसपास के लोग एकत्र हो गए।

इटौंजा में महोना नगर पंचायत के वार्ड संख्या-8 का है। यहां के सफीक खान की नातिन शिवरा अपने ननिहाल में थी। शिवरा के पिता शानू खुर्रमनगर के रहने वाले हैं। शुक्रवार को घर के अन्य बच्चे आंगन में खेल रहे थे, तभी शिवरा उनके साथ खेलते-खेलते घर के अंदर चली गई। वहां टब में गिरकर डूब गई। उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। काफी देर तक बच्ची शिवरा नहीं दिखाई दी तो उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान बच्ची पानी भरे टब में औंधे मुंह पड़ी मिली।

अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्ची की मौत हो चुकी थी। इस घटना से नाना सफीक खान और नानी सदमे में हैं। सूचना मिलने पर पिता शानू भी महोना पहुंचे। इटौंजा

## शादी के तीन माह बाद युवक ने की खुदकुशी

**लखनऊ।** सआदतगंज क्षेत्र में विवाह के तीन महीने बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक आदिल (26) ने हाल में काम छोड़ दिया था, जिससे वह तनाव में था। शनिवार रात उसकी पत्नी ने कमरे का दरवाजा बंद पाया। परिवार ने दरवाजा तोड़कर उसे लटका हुआ देखा और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के अंसार नगर निवासी आदिल (26) ऑटो चालक था। मृतक के भाई अकील ने बताया कि आदिल की तीन माह पहले शादी हुई थी। आदिल ने कुछ दिनों पहले काम छोड़ दिया था। तब से वह काफी परेशान चल रहा था। शनिवार देर शाम वह बाहर से घर आया और अपने कमरे में चला गया। रात में जब पत्नी हसीन जहां किसी काम से कमरे से बाहर चली गई तो आदिल ने कमरा अंदर से बंद कर लिया। जब पत्नी खाना खाने के लिए बुलाने गई तो कमरा बंद था। उसने कई आवाजें लगाई, लेकिन कमरे के अंदर से आदिल ने कोई उत्तर नहीं दिया। हसीन जहां ने इस बात की जानकारी सास और जेठ को दी। परिजनों ने आदिल के कमरे का दरवाजा तोड़ा तो वह लोहे के पाइप से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका था। परिजनों ने पास के अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इंस्पेक्टर सोबरन सिंह ने बताया कि घटना की कोई सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। जानकारी मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**बुजुर्ग व्यापारी की सड़क हादसे में मौत :** कृष्णानगर कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक आटो पार्टस व्यापारी की रविवार तड़के मॉर्निंग वाक के दौरान सडक हादसे मे मौत हो गई। कृष्णा कोतवाली इलाके स्थित रामगढ़ कॉलोनी के रहने वाले सुरेश कुमार मिश्रा (65) ऑटो पार्ट्स का कारोबार करते थे मृतक के बेटे श्रीकांत मिश्रा के अनुसार उसके पिता रोजाना मॉर्निंग वॉक के लिए घर से 2 किलोमीटर दूर आशियाना क्षेत्र में जोनल पार्कजाते थे रविवार सुबह तड़के पांच बजे पैदल मॉर्निंग वॉक के लिए जाते समय जोनल पार्क के पास वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो कर रोड पर गिर पड़े इसी बीच वहां से गुजर रहे उनके दोस्त ने उन्हें पड़ा देख घर वालों को जानकारी दी। जानकारी मिलने पर उन्होंने पिता को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया परिवार में पत्नी सरिता व बेटा ओर बेटी है। पुलिस के अनुसार मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## बोलैरो की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके मे बोलैरो की टक्कर से चोटिल स्कूटी सवार महिला के पति ने पत्नी का उपचार करा घटना के एक माह बाद केस दर्ज कराया है। आशियाना थाना इलाके स्थित न्यू गुडौरा मानसरोवर योजना निवासी पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र बजरंग बहादुर सिंह ने बताया बीते 20 मई को पत्नी सीमा सिंह बच्चो को स्कूल से लेने जा रही थी।

उस दौरान वाहन संख्या यूपी 85 सी एफ 2955 बोलैरो सफेद कलर के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उसकी पत्नी की स्कूटी संख्या यूपी 33 ए एस 1887 में पीछे से टक्कर मार दी जिससे उसकी पत्नी वहीं गिर चोटिल हो गई और उसकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। जिसे राहगीरों की मदद से नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ जांच के दौरान डाक्टरो ने बताया पत्नी का बाया हांथ कलाई के पास से टूट गया है तथा पेट एवं शरीर के अन्य अंगो में भी गम्भीर चोटें आयी है। जिसका उपचार कराने के बाद उसने स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से लिखित शिकायत की है।

# किसान पथ से पूर्वांचल एक्सप्रेस पर लगा जाम

- भूसे से लदा ट्रक पलटने से ढाई घंटे फंसे रहे वाहन
- यातायात कर्मी रहे नदारद पुलिस के देर से पहुंचने पर लोगों में आक्रोश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रविवार की सुबह सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में दुलारमऊ गांव के पास भूसे से लदी ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से सुल्तानपुर रोड पर खुर्दही से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तक सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक भीषण जाम लगा रहा। किसान पथ पर भूसे से ओवर लोड ट्रक पलटने से किसानपथ पर तो जाम लगा ही साथ ही लखनऊ-सुलतानपुर रोड पर खुर्दही से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तक वाहनों की लंबी कतार लग गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जाम के दौरान मौके पर कोई भी यातायात कर्मी मौजूद नहीं था। सूचना मिलने पर गोसाईगंज पुलिस पहले कबीरपुर कट पर पहुंची। इसके काफी देर बाद यातायात उपनिरीक्षक दिलीप कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कबीरपुर कट से मुड़ने वाले वाहनों को रोक दिया। यातायात उपनिरीक्षक ने वाहन चालकों को करीब दो किलोमीटर घूमकर जाने को कहा, जिस पर कई लोगों से उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अर्जुनगंज, अहिमामऊ, एचसीएल, खुर्दही और कबीरपुर क्षेत्र में यातायात कर्मियों की लापरवाही से आए दिन जाम लगता है। लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस तभी सक्रिय होती है जब जाम लग जाता है। यदि पहले से ही व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए तो ऐसी स्थिति न बने।इस संबंध में यातायात निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि ट्रक पलटने से जाम लग गया था। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर जाम खुलवा दिया गया।

# आश्वासन के बाद किया युवक का अंतिम संस्कार

**लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के कुबहरा गांव में नीम के पेड़ से फंदे पर लटके मिले 18 वर्षीय युवक राम सनेही की मौत के मामले में रविवार को पुलिस और प्रशासन की पहल के बाद गतिरोध समाप्त हो गया। मृतक की बहन की तहरीर पर गांव के ही दो युवकों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने तथा आर्थिक सहायता का आश्वासन मिलने के बाद दोपहर करीब तीन बजे भारी पुलिस बल की मौजूदगी में युवक का अंतिम संस्कार कराया गया।

शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में राम सनेही का शव घर के बाहर नीम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकता मिला था। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो मृतक की बहनों ने ग्रामीणों के साथ गांव के ही दो युवकों पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। देर शाम तक प्रशासन और परिजनों के बीच वार्ता चलती रही, लेकिन कोई सहमति नहीं बनने के कारण अंतिम संस्कार टाल दिया गया।

रविवार सुबह भी परिजन आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने और आर्थिक सहायता की मांग पर अड़े रहे। काफी देर चली बातचीत के बाद मृतक की बहन सन्नो की तहरीर पर गांव के राम सुमेर और सर्वेश के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं, मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार मोहनलालगंज अजवेंद्र ने शासन से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता, मृतक की मां को वृद्धा पेंशन तथा परिवार को अंत्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

प्रशासन के आश्वासन और मुकदमा दर्ज होने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए। इसके बाद दोपहर करीब तीन बजे पुलिस बल की मौजूदगी में राम सनेही का अंतिम संस्कार कराया गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## गर्भवती ने युवक पर लगाया वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल का आरोप

**लखनऊ।** कृष्णानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक गर्भवती महिला ने युवक पर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रुपये की मांग करने के साथ पीछा करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित मानस नगर निवासी प्रीति कुमारी (23), पत्नी लकी कुमार के अनुसार उसका विवाह 5 दिसंबर 2025 को हुआ था। शादी के बाद से ही बस्ती निवासी मनोज कुमार यादव लगातार उसके पति, ससुराल पक्ष, रिश्तेदारों और परिचितों को उसकी अश्लील एवं आपत्तिजनक फोटो-वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से भेजता रहा। आरोप है कि आरोपी उसे अपने पास बुलाने का दबाव बनाता था तथा फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुए रुपये की मांग करता था।

पीड़िता ने बताया कि 27 फरवरी 2026 को चारबाग रेलवे स्टेशन पर पति का इंतजार करते समय आरोपी वहां पहुंच गया और उसके साथ-साथ उसके पति से भी मारपीट की। इस दौरान जान से मारने, तेजाब फेंकने और जीवन बर्बाद कर देने की धमकी दी गई। इसके बाद विभिन्न मोबाइल नंबरों और इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप आईडी से लगातार अश्लील संदेश, धमकियां और बदनाम करने वाले मैसेज भेजे जाते रहे। पीड़िता के अनुसार इन सभी के स्क्रीनशॉट, कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य डिजिटल साक्ष्य उसके पास सुरक्षित हैं। वही पीड़िता का कहना था वह वर्तमान में करीब छह माह की गर्भवती है और लगातार मिल रही धमकियों से मानसिक रूप से बेहद परेशान है।

## अग्निकांड के बाद सील बिल्डिंग का बिजली विभाग काट रहा है कनेक्शन

**लखनऊ।** अलीगंज में हुए अग्निकांड में कई लोगों की जान जाने के बाद सुरक्षा मानक नही पूरा करने पर एलडीए बिल्डिंग को सीलकर रहा है ऐसे में बिजली विभाग ने भी सील इमारत में कनेक्शन को काटना शुरु कर दिया है। अलीगंज के जेई ने बताया कि जिस बिल्डिंग में आग लगी थी वहां पर कनेक्शन काट दिया गया है। इसके साथ ही शहर में सैकड़ो की संख्या में मानक नही पूरा करने पर बिल्डिंग सील किया गया है उसमें भी बिजली कनेक्शन नोटिस देकर कनेक्शन काटा जा रहा है। ऐसे में व्यपारियों का कहना है कि एलडीए जब लिखकर दे देगा कि बिल्डिंग खालने का परमिशन दिया गया है तो बिजली कनेक्शन फिर से जारी कर दिया जायेगा। बिजली अधिकारियों ने बताया कि पहले अस्थाई बिजली कनेक्शन काटा जायेगा। छह माह बाद उपभोक्ता बिल्डिंग का सील खुल जाता है तो बिजली कनेक्शन जोड़ दिया जायेगा। लेसा जानकीपुरम जोन के मुख्य अभियंता बीवी सिंह ने बताया कि जहां भी विद्युत सुरक्षा निदेशालय का एनोसी नही होगा वहा से बिजली कनेक्शन काट दिया जायेगा।

## दो एसीपी को मिली नयी जिम्मेदारी आशियाना इंस्पेक्टर लाइनहाजिर

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में रविवार को दो एसीपी को नवीन जिम्मदेारी दी गयी, वहीं आशियाना इंस्पेक्टर को लापरवाही के आरोप में लाइनहाजिर किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ शुभम कुमार को सहायक पुलिस आयुक्त चौक व सहायक पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था रंजीत कुमार को सहायक पुलिस आयुक्त बाजारखाला बनाया गया है। उधर, प्रभारी निरीक्षक थाना आशियाना रहे छत्रपाल को लापरवाही के एक मामले में लाइनहाजिर कर दिया गया है।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी 41,424 पदों के लिए 1,07,221 अभ्यर्थी देंगे फिजिकल टेस्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने रविवार को यूपी होमगार्ड भर्ती परीक्षा 2025 की आंसर की यानी लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। एक पद के लिए करीब 2.6 गुना कैंडिडेट को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए प्रदेश में होमगार्ड के कुल 41,424 रिक्त पदों को भरा जाना है, जिसके मुकाबले लिखित परीक्षा में रिकॉर्ड संख्या में 1,07,221 लाख उम्मीदवारों ने सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने होमगार्ड्स एनरोलमेंट-2025 परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। यह आंसर-की अभ्यर्थियों की दर्ज कराई गई आपत्तियों की जांच के बाद तैयार की गई है। बोर्ड ने साफ किया है कि सभी आपत्तियों को विषय विशेषज्ञों से परखा गया, जिसके बाद ही अंतिम उत्तर कुंजी जारी की। इसके पहले चरण में पास होने वाले 1,07,221 लाख अभ्यर्थियों फिजिकल टेस्ट देने के साथ दस्तावेज सत्यापन कराना होगा। उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती 2025 के तहत 41,424 पदों को भरने के लिए 25, 26 और 27 अप्रैल 2026 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

## तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** काकोरी पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति आम की बाग में अवैध असलहा लेकर टहल रहा है। सूचना मिलते ही काकोरी थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र राठौर ने अपनी पुलिस टीम को मौके पर भेजकर चेकिंग कराई तो पाया कि दिनेश गौतम के आम के बाग में एक संदिग्ध व्यक्ति टहल रहा है जो कोई घटना कारित करने का इरादा लग रहा है। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति को घेरकर पकड लिया और पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ किया।

## कंपनी के खातों से 1.31 करोड़ के गबन का आरोप

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित बिहानी कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. के अकाउंटेंट रॉबिन सिंह पर कंपनी के खातों से 1.31 करोड़ रुपये से अधिक का गबन करने का आरोप लगा है। जिसकी कंपनी के मैनेजर (प्रशासन) अनमोल कुमार ने पुलिस से शिकायत की है। कंपनी के अनुसार रॉबिन सिंह पुत्र संजीव कुमार निवासी मेरठ, कंपनी के एफएफ्स पंजीकृत यस बैंक खातों के लेनदेन के लिए अधिकृत था। अगस्त 2025 से अप्रैल 2026 के बीच उसने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर आवंटियों को यूनिट निरस्तीकरण के बाद लौटाई जाने वाली राशि अपने 29 रिश्तेदारों व मित्रों के खातों में ट्रांसफर कर दी।

## ईंधन अधिभार शुल्क पर उपभोक्ताओं को मिल सकता है बिजली का लाभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) ने एफपीपीसीए के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए पावर कॉरपोरेशन को पूरी प्रक्रिया को कानून के तहत पारदर्शी एवं नियमानुसार लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। उपभोक्ता परिषद ने इस संबंध में यूपीईआरसी के समक्ष लोकमहत्व प्रस्ताव दाखिल कर विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की थी, जिसके बाद आयोग ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए। इस बार आयोग के आदेश का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देना तय माना जा रहा है और प्रदेश के लाखों विद्युत उपभोक्ताओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि कानून की परिधि में हमेशा उपभोक्ताओं को लाभ मिलता रहा है लेकिन जब भी पावर कॉरपोरेशन कानून का उल्लंघन करता है तो उपभोक्ताओं का नुकसान होता है ऐसे में उसे समझ लेना चाहिए कि जहां भी उसके द्वारा गलती की गई है उसे सजा भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। उपभोक्ता परिषद अंतिम अंजाम तक लड़ाई को ले जाएगा। पिछले 14 माह की एफपीपीसीए गणना में हुई त्रुटियों के कारण उपभोक्ताओं से लगभग 2,000 करोड़ की अतिरिक्त वसूली का लाभ वापस दिलाने के लिए यूपीईआरसी में लोकमहत्व प्रस्ताव दाखिल कर चुका है। परिषद को विश्वास है कि आयोग इस मामले में भी न्यायोचित निर्णय लेते हुए प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करेगा।

# आई एम द बेस्ट उत्सव में सुरों, रिश्तों और साहित्य का शानदार संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड द्वारा आयोजित 3-इन-1 उत्सव संध्या आई एम द बेस्ट का आयोजन मंडपम हॉल, वेनेशियन गार्डन, लखनऊ में भव्य रूप से किया गया। दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक चले इस आयोजन में लगभग 150 सदस्यों ने सहभागिता की। इस अनूठे आयोजन में आई एम द बेस्ट अविस्मरणीय यात्रा-वृत्तांत का विमोचन, पुरस्कार वितरण तथा सदस्यों के जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगाँठ समारोह शामिल रहे। संस्थापक सुनील मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि प्रतिभाओं को मंच देने, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और रिश्तों को मजबूत करने की एक निरंतर यात्रा है। ऐसे आयोजन सदस्यों की छिपी प्रतिभाओं को पहचान देने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस विशेष आयोजन की परिकल्पना एवं योजना छउहह के वरिष्ठ एडमिन अनिल शुक्ला एवं शोएब कुरैशी द्वारा की गई। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. राजीव सक्सेना के नेतृत्व तथा डॉ. विश्वास वर्मा, कैलाश कुमार श्रीवास्तव एवं मधु श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना, पूर्व न्यायाधीश, लखनऊ उच्च न्यायालय एवं विशिष्ट अतिथि माननीय न्यायमूर्ति राकेश श्रीवास्तव, पूर्व न्यायाधीश, लखनऊ उच्च न्यायालय सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। अन्य सम्मानित अतिथियों में डॉ. तिम्सल मसूद (प्रोफेसर, कोलंबिया यूनिवर्सिटी), उमा त्रिगुणायत, मनोज श्रीवास्तव, वीनू चड्ढा, अर्चना सतीश सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में स्थानीय एवं अन्य शहरों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जिनमें से 30 प्रतिभागियों ने पहले चरण की पहली कड़ी के रूप में अतिथियों एवं सदस्यों के समक्ष अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता चार माह तक चलेगी और इसका ग्रैंड फिनाले अक्टूबर 2026 में लखनऊ में होगा। प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. विश्वास वर्मा रहे। एंकरिंग नवीन कोहली, रचना मिश्रा एवं तृप्ति पांडे ने की। इस सेगमेंट में संगीत जगत की जानी-मानी कलाकार पद्मा गिडवानी, निमिषा सोनकर, नीमा पंत सहित अनेकों गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के मंचन ने जगाया राष्ट्रप्रेम का भाव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ एवं संस्था विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला के उपरांत लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रेक्षागृह में महेंद्र भीष्म द्वारा लिखित ऐतिहासिक नाटक वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का प्रभावशाली मंचन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस अधिकारी डॉ. सत्या सिंह, डॉ. आदर्श गर्ग, महेंद्र भीष्म, प्रदीप सारंग एवं आदर्श गुलसिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला का प्रशिक्षण एवं नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी चंद्रभाष सिंह ने किया। नाटक में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष और बलिदान को सशक्त रंगमंचीय प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत किया गया। मंच से जैसे ही रानी लक्ष्मीबाई का प्रसिद्ध उद्घोष मैं अपनी झाँसी नहीं दूँगी गूंजा, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रस्तुति में बालिका मनिकर्णिका के साहसी एवं स्वाभिमानी व्यक्तित्व से लेकर झाँसी की महारानी बनने तथा अंग्रेजी शासन की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध उनके संघर्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। युद्ध दृश्यों, ओजपूर्ण संवादों एवं कलाकारों के जीवंत अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नाटक में रानी लक्ष्मीबाई के साथ तात्या टोपे, नाना साहेब एवं अन्य क्रांतिकारियों के संघर्ष को भी प्रभावी रूप से मंचित किया गया। प्रस्तुति ने न केवल इतिहास के स्वर्णिम अध्याय को सजीव किया, बल्कि राष्ट्रभक्ति, आत्मसम्मान एवं नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश भी दिया। अंतिम दृश्य में रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान का चित्रण दर्शकों की आंखें नम कर गया। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय से प्रभावित होकर उपस्थित दर्शकों ने देर तक तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। नाटक में मलक बुशरा, प्राख्या श्रीवास्तव, श्रेया श्रीवास्तव, अंशिका रस्तोगी, शुभांगी वर्मा, स्मिता तिवारी, प्राची रस्तोगी, राशि रस्तोगी, श्रद्धा कुमारी, देवेंद्र कुमार, शौर्य मिश्रा, जयगणेश कुमार त्रिवेदी, आदर्श गुलसिया, रजत वर्मा, प्रदीप सारंग, यश श्रीवास्तव, मो. अजीज, युग शर्मा, पार्थ पटेल, विनोद कुमार चौधरी, अयांश गुप्ता, अहेम श्रीवास्तव, अनुनय जैन, साद अहमद एवं अभिनव प्रताप सिंह ने विभिन्न भूमिकाओं में सराहनीय अभिनय किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित दर्शकों एवं रंगप्रेमियों ने पूरी टीम को बधाई देते हुए प्रस्तुति को प्रेरणादायी, भावपूर्ण एवं ऐतिहासिक चेतना से ओतप्रोत बताया। 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला के आयोजन में बहार सुगम संगीत प्रभाग, बाराबंकी, कमला नारायण ट्रस्ट एवं आँखें फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा।

# सेव स्पैरो कैंपेन लांच

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज सेव स्पैरो कैंपेन का सफलतापूर्वक लॉन्चिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कोऑपरेशन, सोसाइटी फॉर इको एनर्जी एंड सस्टेनेबिलिटी तथा हरित फंख के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर संस्था से जुड़े सदस्यों के साथ-साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौरैया (स्पैरो) संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा गौरैया संरक्षण के लिए आवश्यक कदमों की जानकारी दी गई। इनमें पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना, रसायनों के कम उपयोग को बढ़ावा देना, और शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण उपाय शामिल थे। इसके साथ ही, उपस्थित लोगों के बीच स्पैरो हाउस (गौरैया के घोंसले) भी वितरित किए गए, ताकि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में गौरैया के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध करा सकें। आयोजकों ने बताया कि यह अभियान आने वाले समय में और अधिक व्यापक रूप से चलाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ा जा सके और गौरैया संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। कार्यक्रम में के के मिश्रा, दीपक पांडे, अमित और डॉ अर्तिका तिवारी ने स्पैरो हाउस लोगों को वितरित किया।

# रथ यात्रा 16 को, नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जगन्नाथ रथ यात्रा भारत के अत्यंत प्राचीन और पवित्र धार्मिक उत्सवों में से एक है, जो आस्था, भक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यह भव्य पर्व मुख्य रूप से ओडिशा राज्य के पुरी शहर में स्थित जगन्नाथ मन्दिर से प्रारंभ होता है और भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा देवी को समर्पित होता है।

इस अवसर पर तीनों देवताओं की दिव्य प्रतिमाओं को अत्यंत सुंदर और भव्य रूप से सजाए गए विशाल रथों में विराजमान किया जाता है और उन्हें नगर भ्रमण कराते हुए गुंडीचा मन्दिर तक ले जाया जाता है जिसे उनकी मौसी का घर माना जाता है। यह यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। इसमें लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से शामिल होते हैं। भक्त रथों की रस्सियों को खींचकर स्वयं को भगवान की सेवा से जोड़ने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। मान्यता है कि इस पवित्र यात्रा में भाग लेने या दर्शन मात्र से व्यक्ति के जीवन में पुण्य की प्राप्ति होती है और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। जगन्नाथ रथ यात्रा 2026 का आयोजन इस वर्ष जुलाई माह में बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पवित्र यात्रा की शुरूआत 16 जुलाई गुरुवार को होगी। द्वितीया तिथि 15 जुलाई प्रातः 11:50 बजे से शुरू होकर 16 जुलाई प्रातः 08:52 बजे तक रहेगी। रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी को रथों में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। इस भव्य उत्सव का समापन बहुदा यात्रा यानी वापसी यात्रा के साथ होगा, जो 24 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को आयोजित की जाएगी। यह पूरी यात्रा भक्तों के लिए अत्यंत शुभ और पुण्यकारी मानी जाती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होकर भगवान के दर्शन और रथ खींचने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं।

**भगवान का नगर भ्रमण:** जगन्नाथ रथ यात्रा में यह मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए जगन्नाथ मंदिर से बाहर आते हैं। वे अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथों पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करते हैं। यह अवसर भक्तों के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है, क्योंकि इसमें उन्हें प्रत्यक्ष रूप से भगवान के दर्शन का सौभाग्य मिलता है।

**तीन दिव्य रथों की विशेषता:** इस यात्रा में तीनों देवताओं के लिए अलग-अलग भव्य रथ बनाए जाते हैं। भगवान जगन्नाथ का रथ नंदी घोष 16 पहियों का होता है, बलभद्र जी का रथ तालध्वज 14 पहियों वाला होता है, और सुभद्रा जी का रथ दर्पदलन 12 पहियों का होता है। इन रथों को अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ भक्तों द्वारा खींचा जाता है, जो भक्ति और समर्पण का प्रतीक है।

**छेरा पहनरा परंपरा:** यात्रा शुरू होने से पहले एक महत्वपूर्ण परंपरा छेरा पहनरा निभाई जाती है। इसमें ओडिशा के गजपति राजा स्वयं सोने की झाड़ू से रथों की सफाई करते हैं। यह परंपरा विनम्रता और समानता का संदेश देती है कि भगवान के सामने सभी समान हैं, चाहे वह राजा हो या आम भक्त।

**धार्मिक मान्यता और महत्व:** इस पवित्र यात्रा में शामिल होना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि रथ को खींचने या इस यात्रा में भाग लेने से व्यक्ति के पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति प्राप्त होती है। यह यात्रा भक्तों के लिए आध्यात्मिक उन्नति और भगवान के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक है।

# रचना मिश्रा जनार्दन पाण्डेय को मिला अविरल काव्य गंगा सम्मान

**लखनऊ।** अविरल सेवा संस्थान, लखनऊ द्वारा 60 दयाल फोर्ट, विष्णुपुरी-3, अलिगंज, लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. विशम्भर दयाल शुक्ल शितिकण्ठ ने की। मुख्य अतिथि नरेंद्र भूषण व उमेश प्रकाश सक्सेना उमेश विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन, वर्षा शर्मा की सुमधुर वाणी वन्दना व संस्था के महा सचिव डॉ चन्द्र देव दीक्षित 'चन्द्र' के कुशल संचालन से हुआ। मंचस्थ मनीषियों के सम्मानोपरांत संस्था की संस्थापक अध्यक्ष डॉ शोभा दीक्षित, उपाध्यक्ष हरि मोहन वाजपेयी 'माधव' आदि द्वारा सुश्री रचना मिश्रा व जनार्दन पाण्डेय 'नाचीज' को अविरल काव्य गंगा सम्मान से सम्मानित किया गया। अंगवस्त्र, पुष्प माल, सम्मान पत्र व नकद धनराशि प्रदान किया गया। पण्डित बेअदब लखनवी सहित अजय तोमर, डॉ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, संदीप शर्मा, डॉ वर्षा शर्मा, मीरा चौरसिया, डॉ प्रतिभा गुप्ता, राममूर्ति सिंह अधीर, डॉ आर आर भारती, डॉ शुभ्रा पाण्डेय, राजीव वत्सल, प्रो विशम्भर दयाल शुक्ल शितिकण्ठ, नरेंद्र भूषण, उमेश प्रकाश सक्सेना उमेश, डॉ शोभा दीक्षित भावना, डॉ चन्द्र देव दीक्षित आदि ने सुन्दर काव्य पाठ कर समारोह को सफल बनाया।

# चातुर्मास के लिए अर्पित किए श्रीफल

**लखनऊ।** काकोरी स्थित भगवान पारसनाथ धाम में आयोजित श्री 1008 भगवान आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को 'ज्ञान कल्याणक महोत्सव' अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दिव्य आयोजन में देशभर से पधारे हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया।

प्रातःकालीन मंगल अनुष्ठान और गुरुवाणी कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल भगवान के अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन एवं ज्ञान कल्याणक पूजन के साथ हुआ। इसके उपरांत परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज के मंगल प्रवचन हुए, जिसका श्रवण कर भक्त भाव-विभोर हो गए। तत्पश्चात तीर्थंकर मुनिराज की आहारचर्या का पुण्य दृश्य उपस्थित हुआ। केवलज्ञान से गुंजायमान हुआ परिसर दोपहर के सत्र में आचार्य संघ के पावन सान्निध्य में केवलज्ञान से संबंधित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधानपूर्वक संपन्न किए गए। इसमें मुख्य रूप से कल्याण माला एवं संस्कार माला रोपण अंकन्यास, मंत्रन्यास और अधिवासना विधि नाभि तिलकदान और नयनोन्मीलन, प्राण प्रतिष्ठा मंत्र एवं सूर्य मंत्र विधान दोपहर 3 बजे आयोजित भव्य समवशरण की सजीव प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। चतुर्निकाय देवों का आगमन, चक्रवर्ती भरत द्वारा की गई समवशरण महापूजा और भगवान की 'दिव्य ध्वनि' का मंचन इस कार्यक्रम का सबसे प्रमुख आकर्षण रहा। इस मौके पर चातुर्मास हेतु श्रीफल अर्पण का तांता ?महोत्सव का सबसे भावुक और विशेष क्षण वह था, जब देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने पूज्य गुरुदेव के श्रीचरणों में आगामी चातुर्मास हेतु श्रद्धापूर्वक श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुभक्ति का यह दृश्य अद्भुत था। इस मौके पर ?संजीव जैन, संदीप जैन, अदीश जैन, विकास जैन, रितेश जैन, विशाल जैन, अभिषेक जैन, नितिन जैन, ऋषभ जैन, रोहित जैन, अखिलेश जैन, रिंकू जैन, रितेश जैन मौजूद रहे।

# श्री सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष पर गूंजी राष्ट्रीय एकता की हुंकार

- रन फॉर यूनिटी में 2,000 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान श्री सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश द्वारा रविवार को लखनऊ स्थित सामाजिक परिवर्तन प्रतीक स्थल पर रन फॉर यूनिटी का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव, सामाजिक समरसता, शारीरिक स्वास्थ्य तथा फिट इंडिया अभियान की भावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के 2,000 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रातः 5 बजे आरम्भ हुए इस आयोजन में प्रतिभागियों ने 3 कि.मी., 5 कि.मी. एवं 10 कि.मी. रन एवं राइड श्रेणियों में पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लिया। विविध वर्गों, जातियों, धर्मों एवं समुदायों से आए प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने कार्यक्रम को राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता का सशक्त प्रतीक बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भगवान श्री सत्य साई बाबा के सेवा, प्रेम एवं मानवता के आदर्श आज भी समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल फिट इंडिया के संकल्प को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासित, सक्रिय एवं राष्ट्रनिर्माण के प्रति समर्पित जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश द्वारा समाजहित में निरंतर किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति अत्ताउर्रहमान मसूदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ डॉ. एन. बी. सिंह, लोकबंधु चिकित्सालय के निदेशक डॉ. राजीव दीक्षित, श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सचिन नेब, उपाध्यक्ष अमिताभ सरन, संगठन के अन्य राज्य स्तरीय पदाधिकारी तथा भगवान श्री सत्य साई बाबा के अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ तीन ओंकारम्-एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक जुम्बा फिटनेस सत्र में भाग लेकर वार्म-अप किया और फिर रन फॉर यूनिटी के लिए एकजुट होकर दौड़ प्रारम्भ की। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को निःशुल्क टी-शर्ट एवं बीआईबी नंबर प्रदान किए गए। दौड़ पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को स्मृति पदक, सहभागिता प्रमाण-पत्र, ऊर्जा पेय एवं अल्पाहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम ने समाज को यह संदेश दिया कि एकता, सेवा, प्रेम, सद्भाव और स्वस्थ जीवनशैली ही सशक्त, समरस एवं विकसित भारत की आधारशिला हैं। श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित यह भव्य रन फॉर यूनिटी केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकात्मता और निःस्वार्थ सेवा के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का एक सशक्त जनआंदोलन सिद्ध हुआ।

# लोक चौपाल : कौन ठगवा नगरिया लूटल हो...

- जीवंत हुई कबीर की लोकचेतना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दिया समरसता का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संत कबीर जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा प्रियदर्शिनी कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित लोक चौपाल में कबीर की लोकचेतना, समरसता और सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा हुई। शुरूआत चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता ने मंगलाचरण एवं कबीर दोहा गायन से की। मुख्य वक्ता डॉ. आशुतोष कृष्णा ने कहा कि संत कबीर का दर्शन केवल भक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जागरण, मानवीय समानता और आत्मबोध का भी सशक्त संदेश देता है।

कबीर ने जाति, पंथ और आडंबर से ऊपर उठकर सत्य, प्रेम, सद्भाव और मानवीय मूल्यों की स्थापना का आह्वान किया। प्रो. उषा बाजपेयी ने कबीर की प्रासंगिकता पर चर्चा की। अध्यक्षीय उद्बोधन में चौपाल चौधरी विमल पन्त ने कहा कि संत कबीर का साहित्य समाज को जोड़ने और लोकमंगल की भावना को सशक्त बनाने का माध्यम है। चौपाल में कबीर के पदों पर आधारित नृत्य तथा गायन विशेष आकर्षण रहे। कुमाऊं कोकिला विमल पन्त ने कहत कबीर सुनो भाई साधो, नीरा मिश्रा ने कैसे दिन कटिहें जतनिया बताय देओ, अरुणा उपाध्याय ने रहना नहिं देस बिराना है, चित्रा श्रीवास्तव ने पिया ऊंची रे अटरिया तोरी देखन चली, अलका चतुवेर्दी ने मन लागो मेरो यार फकीरी में, प्रीति श्रीवास्तव ने राम भजा सोई जीता रे, बबिता साहू ने या विधि मन को लगावे, देवाश्री पवार ने झीनी झीनी बीनी चदरिया सुनाया। सामूहिक प्रस्तुति में कौन ठगवा नगरिया लूटल हो तथा चलो गोरी आपन चुनरिया बचाई के जैसे कबीर के लोकप्रिय पदों का सुमधुर गायन एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतियों में अविका गांगुली, मीहिका, अव्युक्ता श्रीवास्तव, अथर्व श्रीवास्तव, आद्रिका मिश्रा, गुनाश्री आर., आश्वी सिंह, महक शुक्ला, परी सिंह, भूमि पाण्डेय, अंजलि पाल, प्रवीन गौड़, सुनीता सिंह, माधुरी सोनी, दीपिका मारीसन, सौम्या गोयल, आस्था, मेघाविनी, प्राची, आशुतोष वर्मा, अंतरा भट्टाचार्य सहित अन्य कलाकारों ने सहभागिता की। इस अवसर पर संस्थान की संरक्षक सरिता अग्रवाल, निवेदिता भट्टाचार्य, गायत्री डेविड, तुषारकान्ति भट्टाचार्य, अंजलि, रागिनी अग्रवाल, डा.एस.के.गोपाल, गौरव गुप्ता, सतीश मिश्र, संजीव अग्रहरि, अम्बरीश सिंह, शैलेन्द्र मौर्य, गोविन्द सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 896/निविदा सूचना/2026 दिनांक- 24.06.2026

**17ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (द्वितीय आमन्त्रण)**

अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., लखीमपुर-खीरी द्वारा महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग के श्रेणी ए,बी,सी एवं डी में पंजीकृत निविदाताओं से ई-टेडरिंग के माध्यम से जनपद लखीमपुर-खीरी में पैच मरम्मत कार्य हेतु निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (रू. लाख) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित)(रू.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखीमपुर-खीरी | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक फूलबेहड में स्थित विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | Rs. 944.00 | 09 माह |
| 2 | ” | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक फूलबेहड में स्थित अन्य जिला मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | Rs. 944.00 | 09 माह |
| 3 | ” | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक नकहा में स्थित विभिन्न ग्रामीण मागो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | Rs. 944.00 | 09 माह |
| 4 | ” | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक रमियाबेहड में स्थित विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | Rs. 944.00 | 09 माह |
| 5 | ” | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक रमियाबेहड में स्थित राज्य मार्ग/अन्य जिला मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | Rs. 944.00 | 09 माह |
| 6 | ” | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक धौरहरा में स्थित अन्य जिला मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | Rs. 944.00 | 09 माह |
| 7 | ” | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत विधान सभा लखीमपुर में स्थित राज्य मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | Rs. 944.00 | 09 माह |
| 8 | ” | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत विधान सभा श्रीनगर में स्थित राज्य मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | Rs. 944.00 | 09 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 02.07.2026 से दिनांक 09.07.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 09.07.2026 को समय मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 09.07.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(के.के. झा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1,लो.नि.वि., लखीमपुर-खीरी

UPID-253045 Date: 27.06.2026 Website : www.upgov.nic.in

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलरामपुर

पत्रांक:- /ग्रा0अ0वि0/निविदा-प्रकाशन/बलरामपुर/2026-27 दिनांक

**ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस (द्वितीयकाल)**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में ए,बी,सी एंव डी श्रेणी में पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1- निविदादाता को सलाह दी जाती है कि कृपया नोट कर ले कि कान्टैज्क्ट के अवार्ड हेतु अर्ह के लिये बिडर्स के निर्देश के क्लाज-4 के अनुसार न्यूनतम् अर्हता रखता हो।

2- कार्य का विवरण।

| क्र. सं. | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिला धिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | क्रिटिकल गैप्स योजनान्तर्गत | | | | | | | |
| 1 | बलरामपुर | बलरामपुर बचपन डे केयर सेन्टर का उन्नयन कार्य। | 3.00 | 0.06 | 680.00 | 6 माह | ग्रा.अ.वि. विकास भवन बलरामपुर | ग्रा.अ.वि. परिमण्डल देवीपाटन गोण्डा | जिला धिकारी बलरामपुर |

कार्य से संबन्धित निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 02.07.2026 से 11.07.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी तकनीकी निविदाए दिनांक-11.07.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बलरामपुर में खोली जायेगी।

वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से संबंधित समस्त विवरण, विस्तृत शर्ते तथा बीडिगं डॉक्यूमेन्टस आनलाइन देखे जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलरामपुर।

UPID-253066 Date: 27.06.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## ट्रक की टक्कर से स्कार्पियो सवार छह लोग घायल

आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के माहलु के पास पवई मार्ग पर रविवार की सुबह ट्रक की टक्कर से स्कार्पियो सवार छह लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया, घायलो का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल के वार्ड नंबर आठ निवासी खुमैनी, महताब, हसन रजा, लकी, मो. अब्बास और वजमी शनिवार की रात मोहर्रम की सब्बेदारी में शामिल होने के लिए पवई थाना क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर गांव गए थे। रविवार की सुबह सभी एक स्कार्पियो से घर लौट रहे थे। रविवार की सुबह माहुल के पास पवई रोड पर पहुंचे कि सामने से आ रहा तेज रफ्तार सिमेंट का करकट लदा ट्रक से टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कार्पियों के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद घायलो में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने स्कार्पियो से सभी को बाहर निकाला और नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने मो. अब्बास और वजमी की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की ट्रक कब्जे में ले लिया।

## मैजिक की टक्कर से बालक की मौत

आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ बाजार में रविवार को सुबह मैजिक की टक्कर से सात वर्षीया बालक की मौत हो गई। बालक किराना की दुकान पर सामान लेने गया था। पास की दुकान पर बैठ गया था। इस दौरान अनियंत्रित मैजिक ने टक्कर मार दी। सिधारी थाना क्षेत्र के ग्राम शाहगढ़ निवासी सात वर्षीय रिशु चैहान पुत्र राम प्रवेश चैहान गांव के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में कक्षा दो का छात्र था। वह रविवार को सुबह घर से सौ मीटर दूरी पर किराना दुकान पर सामान लेने गया था। सामान मांग कर वहीं पर एक कुर्सी पर बैठ गया। दुकानदार सामान निकाल रहा था। पास में पहले से वहां पर एक मैजिक वाहन खड़ी थी। वहां से जाने के लिए वाहन चालक ने मैजिक को स्टार्ट किया और रफ्तार बढ़ाया। अचानक वाहन अनियंत्रित होकर बालक को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। बालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे आनन फानन में उपचार के लिए लेकर मंडलीय अस्पताल पहुंचे, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## महिला को धमकी देने में दो पर मुकदमा

जफराबाद। क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध गांव में शनिवार को जमीनी विवाद को लेकर एक महिला को जान से मारने की धमकी देने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव की संगीता मौर्य से गांव के ही अविनाश व अभिषेक से जमीनी विवाद चल रहा है। उसी विवाद को लेकर अविनाश व अभिषेक ने 26 जून को संगीता मौर्य को गाली- गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शनिवार को तहरीर दिया।तहरीर के आधार पर पुलिस ने अविनाश और अभिषेक के खिलाफ सम्बंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# मण्डलायुक्त ने की निर्माण व नगरीय निकायों की प्रगति समीक्षा

आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक ने शनिवार को देरशाम अपने कार्यालय सभागार में एक करोड़ से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं, कर करेतर वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यों तथा नगरीय निकायों के कार्यों की प्रगति समीक्षा करते हुए समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी कार्य कराये जाये वह संगत नियमों और शासनादेशों के अनुरूप होने चाहिए, ताकि बाद किसी विपरीत परिस्थिति का सामना करने से बचा जा सके। मण्डलायुक्त ने सीएमआईएस पर प्रदर्शित विवरण के आधार पर मण्डल के जनपदों में एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणार्धीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जो परियोजनायें 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुकी हैं उसे तत्काल शत प्रतिशत पूर्ण कराते हुए हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनपदों में कई ऐसी परियोजनायें हैं जिसे पूर्ण कराने के लिए समयावधि में वृद्धि हुई है, उन परियोजनाओं से सम्बन्धित कार्यदायी संस्थायें उसे उक्त अवधि के अन्दर हर हाल में पूर्ण करें।

मण्डलायुक्त विवेक ने कार्यदायी संस्थावार परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद बलिया में कार्यदायी संस्था उप्र जल निगम-नगरीय द्वारा ठेकेदार को डिबार करने के बावजूद कार्य कराया जा रहा है। इस स्थिति पर उन्होंने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था के अधीक्षण अभियन्ता के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संस्तुति शासन को प्रेषित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद द्वारा जनपद बलियाके नौरंगा में कराये जा रहे कार्य को काफी विलम्बित पाते हुए सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के स्तर पर भी कार्य विलम्बित होने पर सम्बन्धित अधिकारी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तथा पूर्ण विवरण के साथ आगामी कार्य दिवस में उपस्थित होने का निर्देश दिया। कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के स्तर पर 5 कार्य ठेकेदार के कारण विलम्बित होने पर मण्डलायुक्त ने कहा कि समस्त कार्यदयी संस्थायें उन ठेकेदारों को चिन्हित करें, जिनके पास कार्य अधिक है और वह अपेक्षित गति से कार्य नहीं कर रहे हैं, तो ऐसे ठेकेदारों को काम नहीं दिया जाना चाहिए।

## ईओ वित्तीय नियमावली का पालन करना सुनिश्चित करें

आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक ने नगरीय निकायों में कराये जा रहे निर्माण कार्यो, साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था आदि की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी वित्तीय नियमों का भलीभांति अवलोकन कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी ईओ परस्पर संवाद बनाये रखें तथा सुनिश्चित किया जाय कि निकायों के लिए जो भी उपकरण या सामग्री क्रय की जाय उसके मूल्य में समानता रहे।

मण्डालयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी ईओ अपनी अपनी निकाय में विगत 2-3 वर्षों में की गयी खरीद का विवरण देख लें तथा उसी के अनुसार इस वर्ष की पूरी खरीद एक साथ यथासंभव ई-टेण्डर के माध्यम से करें। उन्होंने निर्देश दिया गत वर्ष के जलजमाव वाले स्थानों तथा जहाँ डेंगू के मामले अधिक पाये गये हों उन स्थानों को चिन्हित कर वहाँ तत्काल आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जाये। उन्होने कहा कि बरसात के दिनों में कहीं भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए, इसलिए सभी अधिशासी अधिकारी तत्काल नाला सफाई और जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ करायें। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि मलिन बस्तियों में जल निकासी, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, साफ सफाई के साथ ही अन्य मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करायी जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी बलिया उपस्थित नहीं थे। अपर आयुक्त-प्रशासन प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्व परिषद के निर्देश के क्रम में धारा 34 के मामलों के निस्तारण हेतु संचालित अभियान में दौरान मण्डल स्तर से वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से होने वाली समीक्षा में भी वह कभी प्रतिभाग नहीं करते है। मण्डलायुक्त विवेक ने इस स्थिति पर असन्तोष व्यक्त करते हुए अपर जिलाधिकारी बलिया को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त-प्रशासन प्रमोद कुमार पाण्डेय ने समस्त ईओ निर्देश दिया तीनों जनपदों में सामुदायिक शौचालय एवं सार्वजनिक शौचालय निर्माण के जो कार्य लम्बित हैं उसपर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाय। उन्होंने प्लास्टिक जब्तीकरण के सम्बन्ध में कहा कि हर माह प्रत्येक जनपद में एक बड़ी कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए। अपर आयुक्त श्री पाण्डेय ने तीनो जनपदों डीपीएम को अपने अपने नगर की मुख्य सड़कों को चिन्हित कर साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ कराये जाने का निर्देश दिया।

# ट्रक में पीछे से टकरायी कार, दंपति की मौत, चार घायल

- कार में सवार दंपती के दो बच्चे बाल बाल बचे
- काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन कर देर रात कार से जा रहे थे कटनी

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित लहुरियादह गांव में शनिवार की रात डेढ़ बजे के करीब ट्रक में पीछे से कार टकरा गई।

हादसे में कुल छह लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दंपती को अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मध्यप्रदेश के कटनी जिले के बरही थाना क्षेत्र के बरही निवासी विकास ताम्रकार अपने परिजनों व रिश्तेदारों संग कार से शनिवार को वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन पूजन करने के लिए गए थे। दर्शन पूजन के बाद देर रात घर लौटते समय जैसे ही ड्रमंडगंज क्षेत्र के लहुरियादह गांव में पहुंचे तो सामने खड़ी ट्रक के चालक द्वारा ट्रक को हाइवे पर खड़ा किया जा रहा था उसी दौरान कार ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में कार सवार 35 वर्षीय विकास ताम्रकार व उनकी 31 वर्षीया पत्नी सोनम, कार चालक 23 वर्षीय हीरालाल निवासी छिबिया जिला कटनी,27 वर्षीय हिमांशु ताम्रकार निवासी उचेहरा जिला सतना मध्य प्रदेश,17 वर्षीय सक्षम निवासी नागौद जिला सतना मध्य प्रदेश व 40 वर्षीया राधा पत्नी प्रह्लाद ताम्रकार निवासी नागौद जिला सतना मध्य प्रदेश घायल हो गए। जबकि कार में सवार मृतक दंपती के दोनों पुत्र चार वर्षीय शिवांश व डेढ़ वर्षीय रूद्र बाल बाल बच गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गई जहां चिकित्सक ने देखते ही विकास और उनकी पत्नी सोनम को मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक विकास की बहन राधा की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।कार चालक हीरालाल, हिमांशु ताम्रकार व सक्षम की हालत सामान्य होने पर चिकित्सक ने रविवार सुबह घर जाने की इजाजत दे दी।

मृतक कार सवार विकास ताम्रकार के साले हिमांशु ताम्रकार ने बताया कि विकास ताम्रकार एक समाचार पत्र में पत्रकार थे। बताया कि जीजा और दीदी के साथ काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद रात में घर लौट रहा था कि रास्ते में हादसा हो गया। हिमांशु ताम्रकार ने बताया कि जिस समय घटना हुई ट्रक चालक हाइवे पर ट्रक को आगे पीछे कर रहा था उसी दौरान कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसी। जिसमें गंभीर रूप से घायल दीदी और जीजा की मौत हो गई।

# सुनी पीएम के मन की बात

सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्ल का 135वां एपिसोड बूथ संख्या 14 पन्नूगंज रोड स्थित न्यू कृषक बीज भंडार पर सुना गया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुबह 11 बजे प्रसारित कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महीने भारत ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं जिन पर हर देशवासी को गर्व है। हाल ही में कोलकाता में नौसेना के कार्यक्रम में आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। इन जहाजों की डिजाइन और उत्पादन तक सब कुछ स्वदेशी है। पीएम मोदी ने बताया कि जून में एविएशन में भी बड़ी सफलता मिली। मेड इन इंडिया सी-295 विमान ने अपनी पहली उड़ान पूरी की है। ऐसे 40 विमान भारत में ही बनाए जा रहे हैं। इससे एमएसएमई और एयरोस्पेस सेक्टर को नई शक्ति मिल रही है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार दुनिया के 2500 से अधिक स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित हुए। भारत में करोड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। अहमदाबाद में आयोजित विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारत ने 102 स्वर्ण सहित कुल 114 पदक जीते और पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा। पीएम ने महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बहादुरपुरा गांव के पेठकर परिवार की सराहना की। परिवार ने शादी के अवसर पर गांव के करीब साढ़े तीन हजार लोगों के लिए एक-एक लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कराया। कार्यक्रम में सभासद विनोद सोनी, राजू तिवारी, संदेश पटेल, योगेश सिंह, आर्यन तिवारी, अजित पटेल, क्षितिज सोनी, पंकज सोनी, बिजय प्रजापति, बबलू, संतोष आदि मौजूद रहे।

## दो बूंद पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत

आजमगढ़। महिला जिला अस्पताल में रविवार को सीएमओ एनआर वर्मा ने एक नन्हे बच्चे के पोलियो की दो बूंद पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की। सीएमओ एनआर वर्मा ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए सभी अभिभावक अपने 0 से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीमों को अभियान पूरी ईमानदारी के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। अभियान के तहत बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा छूटने न पाएं।

## विशेष चेकिंग अभियान चलाया

जौनपुर। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन) जौनपुर सत्येंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्थानों पर चलाया गया। इस अभियान में यात्रीकर अधिकारी, प्रमोद कुमार व ट्रैफिक विभाग के कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों से संबंधित विभिन्न यातायात उल्लंघनों के विरुद्ध सघन जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के दौरान ओवर स्पीडिंग, वाहन चालकों का बिना हेलमेट वाहन व सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, गलत दिशा, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने, रिफ्लेक्टिव टेप ना होने, बिना नंबर प्लेटध्अस्पष्ट नंबर प्लेट, लगे होने आदि मामलों में कुल 55 चालान किए गए। जनसामान्य से अपील की जाती है कि वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

## डीएम ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

सोनभद्र। सघन पल्स पोलियो महाअभियान रविवार से प्रारम्भ हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने रविवार को प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी में नवजात शिशु को पोलियो की दो बूंदें पिलाकर सघन पल्स पोलियो महाअभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर दी गई पोलियो की दो बूंदें बच्चों को आजीवन सुरक्षा प्रदान करती हैं। उन्होंने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील की कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, चाहे उसे पहले कितनी भी बार पोलियो की दवा दी जा चुकी हो। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहनों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.रमेश कुमार मिश्रा ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य जनपद के प्रत्येक 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुँचाना है। इसके लिए जनपद में पोलियो बूथ, ट्रांजिट बूथ एवं घर-घर भ्रमण की व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं तथा यदि किसी कारणवश बूथ तक न पहुँच सकें तो घर आने वाली स्वास्थ्य टीम से बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलवाएं। जनपद में कुल 3,07,095 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 1092 पोलियो बूथ, 36 ट्रांजिट टीमें एवं 7 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। बूथ दिवस पर प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.रमेश कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत कुमार सिंह गिरधारी लाल, सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त व डीएम ने किया मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का निरीक्षण, धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

मीरजापुर। निर्माणाधीन मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय की रफ्तार को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल राजेश प्रकाश और जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने मड़िहान स्थित निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने शैक्षणिक और एकेडमिक ब्लॉकों सहित अन्य भवनों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति देखकर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। मौके पर एकेडमिक ब्लॉक, प्रशासनिक भवन और लाइब्रेरी ब्लॉक का काम तय शेड्यूल से पीछे चल रहा है। कई जगहों पर मजदूरों की संख्या कम मिली, जिससे फिनिशिंग कार्य प्रगति कम पाई गई। अधिकारियों ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, सेफ्टी मानकों और ड्रेनेज-विद्युतीकरण की प्रगति की फाइलें मौके पर तलब कीं। पेयजल व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। निरीक्षण के बाद मंडलायुक्त ने विश्विद्यालय सभागार में साफ निर्देश दिए कि काम में तेजी लाई जाए, हर ब्लॉक की दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। जिलाधिकारी पवन गंगवार ने कार्यदायी संस्था को चेतावनी दी कि लापरवाही पर ठेकेदारी निरस्त करने की कार्रवाई होगी। मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय के तहत मीरजापुर, भदोही और सोनभद्र के 169 महाविद्यालय संबद्ध होंगे। यहां कृषि, निर्यात, जीआई उत्पाद और कौशल विकास से जुड़े पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रस्तावित हैं, जो विंध्य क्षेत्र के युवाओं को स्थानीय रोजगार से जोड़ेंगे। कार्यदायी संस्था को श्रमिक संख्या दोगुनी करने और दो शिफ्ट में काम कराने को कहा गया। विद्युत सब-स्टेशन, पानी और पहुंच मार्ग को प्राथमिकता पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। परिसर में 11 हजार वृक्षारोपण के सापेक्ष प्रत्येक रविवार को चलाये जा रहे अभियान के तहत मंडलायुक्त, जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मड़िहान अनेग सिंह, तहसीलदार आशीष पांडे, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग जनार्दन यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण व अधिशासी अभियंता जल निगम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को किया जागरूक

जौनपुर। एन्टीरोमियो पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन के तहत छात्राओं महिलाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन कर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम द्वारा छात्राओं एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित अधिकारों, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला सहायता हेल्पलाइन 181 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव एवं किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु प्रेरित किया गया। एन्टीरोमियों पुलिस टीम ने छात्राओं एवं महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उन्हें आश्वस्त किया कि जौनपुर पुलिस उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर है। टीम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर मौजूद व्यक्तियों को भी महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार अपनाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।

## युवक की हत्या में आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गौराबादशाहपुर थानाध्यक्ष गंगासागर मिश्र के नेतृत्व में की गई। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।यह मामला गत 27 जून का है, जब गौरव राजभर ने पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि आरा गांव में एक बारात के दौरान पानी पीने को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद में आकाश राजभर और उसके साथियों ने उनके भाई सौरभ राजभर के सिर पर ईंट से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।सौरभ राजभर को इलाज के लिए बीएचयू वाराणसी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद पुलिस ने हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पहले भी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तारी 28 जून को हुई। थानाध्यक्ष गंगासागर मिश्र की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बनरहिया बाग के पास से वांछित अभियुक्त धर्मचन्द्र उर्फ बच्चे पुत्र अच्छेलाल, निवासी ग्राम आरा, थाना गौराबादशाहपुर को पकड़ा।

# मार कर पति को फांसी के फंदे पर लटकाया गया, जांच की मांग

मीरजापुर। लालगंज कोतवाली के बगल में पिछले दिनों संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे पर लटकते मिले धनंजय उर्फ सोनू की मौत पर उसकी पत्नी का बड़ा बयान सामने आया है। सोनू का दावा है कि उनके पति ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उनकी हत्या कर शव को फांसी का फंदा बनाकर पंखे के राड से लटकाया गया था। जिसकी गहना से जांच के साथ ही मोबाइल लोकेशन ट्रेस किया जाए तो खुद ही सत्यता सामने आ जाएगी। बता दें कि लालगंज कोतवाली क्षेत्र के लालगंज बाजार निवासी धनंजय उर्फ सोनू का शव शुक्रवार, 19 जून 2026 को सुबह घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ फारेंसिंक टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी थी। घटना के समय परिवार का कोई सदस्य घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। लालगंज बाजार निवासी धनंजय उर्फ सोनू (26) का शव घर के कमरे में रुमाल के फंदे से लटकता मिला था। सुबह जानकारी होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी जुटाई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, तो उसकी मौत किसी के गले नहीं उतर पा रही है। पुलिस के मुताबिक शव मिलने के बाद फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारा गया। थानाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। सोनू की पत्नी प्रिति के मुताबिक उसके पति सोनू की हत्या कर इसे आत्महत्या का रुप दिया गया है। उन्होंने बताया कि 18 जून को शाम तकरीबन पांच बजे उनकी पति से आखरी बार मोबाइल पर बात हुई थी उस वक्त उनके साथ कमरे में कई लोग मौजूद रहे हैं, जिन्हें वह पहचानती है जबकि अन्य को नहीं जानती थी इसी लिए पति से वीडियो कालिंग पर बात करने के लिए बोली ताकि वह यह देख सके कि उसके पति के साथ कमरे पर और कितने लोग मौजूद हैं लेकिन वीडियो कालिंग नहीं किया गया अलबत्ता मोबाइल स्वीच ऑफ कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि पति की मौत के बाद घर के कमरे सहित मुख्य गेट का दरवाजा (कुंडी नहीं लगा था) खुला पाया गया था। जिस राड से पंखा लगा हुआ था उसी राड से फंदा लटकाया गया था जो मृतक के लिए संभव नहीं था। इसी तरह बेड पर बिछा चद्दर सही रहा, बेड पर कुर्सी पड़ा हुआ था। जो बरबस ही किसी गहरी साज़िश की ओर इशारा करता हुआ दिखाई दिया है। परिजनों ने पुलिस के उच्चाधिकारियों सहित कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से मिलकर न्याय एवं कार्रवाई की गुहार लगाई है ताकि सोनू के हत्यारों को सजा दिलाई जा सके।

## शिविर में चिकित्सकों ने 153 लाभार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

सोनभद्र। हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी.सिंह के मार्गदर्शन एवं हेड एचआर आशीष पांडेय के दिशा निर्देशन में ग्रामीण विकास विभाग, रेनुसागर द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल कन्या विद्यालय में विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर निःशुल्क पंजीकरण कराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर में रेनुसागर चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इसमें फिजीशियन डॉ. मनोज कुमार, एवं दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सिंह द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों से संबंधित समस्याओं के आधार पर मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान किया। शिविर में कुल 153 लाभार्थियों से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं दंत चिकित्सक डॉ.राजेश कुमार सिंह दंत परीक्षण कर उन्हें टूथपेस्ट एवं ब्रश वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित मरीजों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए विशेष चिकित्सा शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर द्वारा सीएसआर के तहत दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु समय-समय पर ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।इस अवसर पर सभासद अनपरा नगर पंचायत अंगद सिंह, अजित सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी राजनाथ यादव, रमेश गुप्ता, आशा तिवारी एवं रेखा का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## पत्रकार लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ, निष्पक्षता बनाये रखें

जौनपुर। पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा रविवार को पत्रकार भवन में पत्रकारिता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पत्रकार प्रेस क्लब के संस्थापकध्प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक रहे। संगोष्ठी में जिले के अनेक पत्रकारों ने भाग लेकर पत्रकारिता से जुड़े समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया।मुख्य अतिथि ने

कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का संकलन और प्रसारण भर नहीं है, बल्कि यह समाज को सही दिशा देने का एक महत्वपूर्ण दायित्व है। पत्रकार लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ है, जिसकी निष्पक्षता, ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व पर जनता का विश्वास टिका होता है। प्रेस क्लब के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज भूषण मिश्रा ने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे निष्पक्ष, निर्भीक और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। प्रेस क्लब जौनपुर इकाई के जिला अध्यक्ष कृपा शंकर यादव ने पत्रकारिता के समक्ष आने वाली चुनौतियों, बदलते तकनीकी परिवेश और पत्रकारों के अधिकारों एवं सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष संपादक रामजी जायसवाल तथा संचालन अब्दुल हक अंसारी ने किया। अजीत सिंह, दीपक श्रीवास्तव, उमेश मिश्रा, गुलजार अली, पवन गुप्ता, कमलेश यादव, आलोक सिंह, संजय चैरसिया, विनोद विश्वकर्मा, सुधीर उपाध्याय, बृजनंदन स्वरूप, राजेश पाल, सुभाष पाल, राजकुमार बेंनवंशी, लालचंद्र निषा

संक्षेप

## 20 पौआ देशी शराब सहित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने एक अभियुक्त को 20 पौआ देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। रविवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान धीरपुरा से टीकरी को जाने वाले कच्चे रास्ते पर पुलिया के पास से एक अभियुक्त कृष्णा पुत्र हरीसिंह निवासी ग्राम बाघई थाना टूण्डला को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से 20 पौआ विन्डीज मार्का नाजायज देशी शराब बरामद हुई। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## तमंचा सहित दो गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने चेकिंग के दौरान अलग अलग स्थानों से दो अभियुक्तों को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया है। रविवार को थाना टूंडला पुलिस ने एक अभियुक्त वीरेन्द्र उर्फ ठाकुर उर्फ संजू उर्फ राकेश पुत्र श्रीकृष्ण उर्फ श्रीराम निवासी झलकारी नगर नई आबादी ककरऊ कोठी थाना उत्तर फिरोजाबाद को मय एक तमन्चा व एक जिंदा कारतूस सहित ग्राम बसई की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया, वही एक अभियुक्त देवेन्द्र उर्फ खलीफा पुत्र रामसेवक निवासी कस्बा नारखी थाना नारखी को रेस्ट कैंप रेलवे कॉलोनी से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट पंजिकृत कर आवश्यक कार्यवाही की है।

## रमणरेती में 250 स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**मथुरा।** हम सबने ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है महाअभियान रविवार को गोकुल स्थित रमणरेती आश्रम में जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। 250 से अधिक हार्टफुलनेस स्वयंसेवकों, बटुकों तथा उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, स्थानीय निकाय से जुड़े लोगों ने श्रमदान कर आश्रम परिसर, मुख्य मार्ग और सरोवर क्षेत्र की सफाई की। ब्रह्मलुओं को स्वच्छ ब्रज का संदेश दिया। अभियान का नेतृत्व उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश चंद्र ने किया। स्वयंसेवकों ने झाड़ू लगाकर और कचरा एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही रमणरेती दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं से ब्रज को स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए सक्रिय सहयोग की अपील की। परिषद के डिप्टी सीईओ सतीश बंद्र ने कहा कि यह महाअभियान लगातार जनआंदोलन का रूप ले रहा है। प्रमुख तीर्थस्थलों पर प्रतिदिन नियमित सफाई के साथ प्रत्येक रविवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर जनसहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य ब्रज की धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृक्तिक विरासत के संरक्षण को जन-जन का संकल्प बनाना है। हार्टफुलनेस के उत्तर प्रदेश रीजनल फैसिलिटेटर अनुपम अग्रवाल ने लोगों से कूडा केवल कूड़ेदान में डालने और स्वच्छ ब्रज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। मथुरा समन्वयक निशांत शर्मा ने कहा कि पूज्य दाजी के आह्वान पर स्वयंसेवक ब्रज की स्वच्छता, पवित्रता और गौरव की पुनस्थापना के लिए सेवाभाव से कार्य कर रहे हैं। अभियान में मथुरा के अलावा आगरा, अलीगढ, हाथरस, मेरठ और नोएडा से आए हार्टफुलनेस के अभ्यासी एवं स्वयंसेवकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# पानीहाटी दही-चिउड़ा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का महासागर

मधुसूदन शर्मा

**मथुरा।** वृन्दावन गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय की गौरवशाली परंपरा के अंतर्गत ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर मनाए जाने वाले पवित्र पानीहाटी चिउड़ा-दही महामहोत्सव के उपलक्ष्य में स्वामी भक्ति वेदांत मार्ग स्थित वृंदावन चंद्रोदय मंदिर में आज दंड महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्ति-भाव के साथ संपन्न हुआ। इस दिव्य आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की।

प्रातःकालीन मंगल आरती के साथ प्रारंभ हुए इस भव्य महोत्सव में भगवान श्रीराधा-वृंदावन चंद्र की धूप आरती, नवीन श्रृंगार, छप्पन भोग, भव्य पालकी उत्सव तथा विशेष आकर्षण के रूप में आमों से निर्मित अत्यंत दुर्लभ एवं मनमोहक विशेष कुंज ने भक्तों का मन मोह लिया। सुगंधित आमों एवं प्राकृतिक सौंदर्य से सुसज्जित इस दिव्य कुंज की भव्यता श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भक्तों ने इसे अलौकिक एवं अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभूति बताया।

कार्यक्रम की श्रृंखला में संध्या बेला के दौरान मंदिर के भक्तों द्वारा नित्यानंद प्रभु एवं गौरांग महाप्रभु के श्रीविग्रह का अत्यंत भव्य पालकी उत्सव निकाला गया। हरिनाम संकीर्तन, मृदंग एवं करताल की मंगलमयी ध्वनि के बीच भक्तों ने पुष्पवर्षा करते हुए पूरे मंदिर परिसर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

इसके उपरांत नित्यानंद एवं गौरांग महाप्रभु के श्रीविग्रह को मंदिर प्रांगण स्थित कल्याणी पर विराजित किया गया, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य दिव्य पुष्प महाभिषेक संपन्न हुआ। आकर्षक वस्त्रों एवं विशेष पुष्पमालाओं से सुसज्जित विग्रहों की छटा देखते ही बन रही थी। महोत्सव का सबसे मनोहारी दृश्य तब देखने को मिला जब नित्यानंद एवं गौरांग महाप्रभु का दिव्य नौका विहार आयोजित किया गया। जलराशि के मध्य पुष्पों से सुसज्जित नौका जब मंद गति से आगे बढ़ी तो वातावरण हरिनाम संकीर्तन की मधुर तरंगों से गुंजायमान हो उठा। दीपों की झिलमिलाहट, पुष्पों की सुगंध और भक्तों की भावपूर्ण उपस्थिति ने ऐसा आध्यात्मिक दृश्य निर्मित किया मानो स्वयं भक्ति और प्रेम की धारा कल्याणी के जल पर अवतरित हो गई हो। श्रद्धालु प्रभु के दर्शन कर भावविभोर होते दिखाई दिए तथा पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## 3500 करोड़ की कार्ययोजना तैयार, सीएम ने दिखायी हरी झंडी, सड़कों का बिछेगा जाल

**आगरा।** विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ब्रज की सड़कों पर दौड़ने वाली चुनाव एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की वर्ष 2026-27 के लिए करीब 3,500 करोड़ रुपये की इस कार्ययोजना को धरातल पर उतारकर सरकार विकास के एजेंडे से चुनावी समीकरणों को साधने का प्रयास करेगी। इस मेगा प्लान में 25 से अधिक सांसदों, विधायकों और मंत्रियों द्वारा भेजे गए सड़क, पुल व भवन निर्माण के 700 से अधिक प्रस्ताव शामिल हैं।

● चुनाव से पहले ब्रज को बड़ी सौगात

सीएम योगी की रविवार को होने वाली बैठक में इन सभी कार्यों को विधानसभा चुनाव से पहले पूरा कराने पर मंथन किया जाएगा। इसी को लेकर डीएम मनीष बंसल ने बैठक कर सीएम के आगमन से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। ब्रज क्षेत्र की राजनीति हमेशा से उत्तर प्रदेश सत्ता का अहम द्वार रहा है। सीएम की समीक्षा और सड़क निर्माण की इस कार्ययोजना का सीधा उद्देश्य वर्ष 2027 के महासमर से पहले अपने मजबूत किलों को सहेजना और विपक्ष के गढ़ में सेंध लगाना है। मंडल में कुल 23 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से 17 से अधिक पर 2022 के विधानसभा चुनाव में कमल खिला था। आगरा की सभी 9 सीटें और मथुरा की सभी 5 सीटों पर भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज की थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी दोनों सीटों पर भाजपा का कब्जा बरकरार रहा। फिरोजाबाद और मैनपुरी में भाजपा को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। सीएम इन परियोजनाओं के जरिए अपने कोर वोट बैंक को संदेश देना चाहते हैं कि विकास की रफ्तार धीमी नहीं होगी। फिरोजाबाद की 5 सीटों में से 3 सपा और 2 भाजपा के पास हैं, जबकि मैनपुरी की 4 सीटों पर दांव है। 2024 के लोकसभा चुनाव में मैनपुरी से डिंपल यादव और फिरोजाबाद से अक्षय यादव ने बड़ी जीत हासिल कर सपा के इस अजेय दुर्ग को और मजबूत किया था। चुनाव से ठीक पहले 3,500 करोड़ की यह भारी-भरकम चुनाव एक्सप्रेस यादव लैंड में कमल खिलाने और जनता का विश्वास जीतने की एक रणनीतिक कवायद मानी जा रही है। सड़कों, पुलों और भवनों के इस जाल के जरिये भाजपा जनता तक सुशासन का सीधा संदेश पहुंचाने का प्रयास कर रही है, ताकि 2027 में सत्ता की हैट्रिक का रास्ता ब्रज की इन्ही नई सड़कों से होकर गुजरे। आगरा मंडल में 3,500 करोड़ रुपये लागत के 700 से अधिक प्रस्ताव आए हैं। सीएम की बैठक में इन कार्यों पर विस्तार से चर्चा होगी।

## भाजपाइयों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**टूंडला।** नगर के बूथ संख्या 171 पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया सभी भाजपा नेताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित का श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेताओं द्वारा श्री मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला, इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता ने कहा कि श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा देश एवं समाज हित में अनेकों कार्य किए थे वे भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे 23 जून से लेकर छह जुलाई तक सभी लोग स्मृति दिवस के रूप में भाजपाई मना रहे हैं वे हमेशा कहते थे कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग हैं, इस दौरान रामतीर्थ सिंह चक, पुष्पेंद्र गुप्ता मनप्रीत कीर प्रमोद चक, विवेक शर्मा, उमेश गुप्ता, मन सिंह काके, प्रीतपाल सिंह, दयालबाबू नायक, नितुल जैन, महावीर सिंह, मनीष अग्रवाल पुरुराज, सहित अनेकों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लखनऊ हादसे के बाद आगरा में बड़ी कार्रवाई, एडीए ने सील किये 4 कोचिंग सेंटर, 35 संस्थानों को नोटिस

**आगरा।** छात्रों की सुरक्षा के साथ हो रहे खिलवाड़ पर सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) ने संजय प्लेस स्थित अमेरिकन इंस्टीट्यूट और शरभ क्लासेस, टेढ़ी बगिया स्थित केसी लाइब्रेरी समेत चार कोचिंग सेंटर सील कर दिए। सुरक्षा मानकों की अनदेखी, बेसमेंट में संचालन और अग्निकांड जैसी स्थिति से निपटने में भारी लापरवाही पाए जाने पर एडीए ने इन चार संस्थानों के अलावा 35 अन्य कोचिंग सेंटरों को भी नोटिस जारी किए हैं। लखनऊ में हुए हादसे के बाद एडीए उपाध्यक्ष एम. अरूनमोली ने मानचित्र व अन्य जांच के लिए दो टीमें बनाई थीं। उपाध्यक्ष ने 30 जून तक रिपोर्ट मांगी है। शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, हरीपर्वत वार्ड में 18, छत्ता वार्ड में 11 और लोहामंडी वार्ड में 6 कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण कर इन सभी 35 संस्थानों को नोटिस निर्गत किए गए हैं। एडीए सचिव संजय कुमार ने बताया कि टीम ने संजय प्लेस ब्लॉक 51 स्थित संचालक प्रदीप तोमर के अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज प्राइवेट लिमिटेड और संचालक सौरभ भार्गव के शू मार्केट, ब्लॉक एस-2 में स्थित शरभ क्लासेस कोचिंग सील किया है। कार्रवाई के दौरान इन संस्थानों में प्रवेश और निकास के रास्ते बेहद संकरे पाए गए। अमेरिकन इंस्टीट्यूट का संचालन बेसमेंट में किया जा रहा था, जहां पहुंचने के लिए सीढ़ियां काफी संकरी थीं और वहां फायर सेफ्टी व आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) के पुख्ता इंतजाम नहीं थे। इसके अलावा, प्राधिकरण ने मानकों की अनदेखी के चलते टेढ़ी बगिया, जलेसर रोड (ऋषि कॉम्प्लेक्स) स्थित 'केसी लाइब्रेरी' को भी सील कर दिया है।

## सीएमओ ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

**फिरोजाबाद।** जनपद में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राम बदन राम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मटसेना पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में बच्चों को दो बूंद जिंदगी की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम ने कहा कि पोलियो उन्मूलन में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि पांच वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, जिससे कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रह सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीमों को

निर्देशित किया कि घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाए तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जिससे बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम समय-समय पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और जिले के सभी बूथों तथा घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान डॉ.कमल किशोर वर्मा, नोडल अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद डॉ.कृति गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उसायनी डॉ.रविकांत चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मटसेना सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने एवं प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाने का संकल्प लिया।

## गुमराह कर 40000 हड़पने को लेकर अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मथुरा।** तहसील छाता के एक अधिवक्ता (वकील) द्वारा अपने ही पक्षकार से खेत की पैमाइश कराने के नाम पर 40 हजार रुपये हड़पने और पैसे वापस मांगने पर रास्ता रोककर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर छाता कोतवाली पुलिस ने आरोपी अधिवक्ता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कोसीकलां क्षेत्र के ग्राम कामर निवासी पीड़ित लक्ष्मण पुत्र दुदल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छाता तहसील के एडवोकेट ने उन्हें झांसा दिया था कि एक आईपीएस अधिकारी से उनके अच्छे संबंध हैं और वह उनका खेत की पैमाइश का काम करा देंगे। इस एवज में वकील ने लक्ष्मण और उनके साथ आए चार अन्य लोगों से 40 हजार रुपये की नकदी ले ली। पीड़ित का आरोप है कि रुपये लेने के बावजूद वकील ने उनका कोई काम नहीं कराया। आखिरकार डेढ़ महीने बाद लखनऊ दरबार के माध्यम से उनका काम संपन्न हुआ। काम न कराने पर जब पीड़ित लक्ष्मण ने एडवोकेट से अपने 40 हजार रुपये वापस मांगे, तो वकील टालमटोल करने लगा। ज्यादा दबाव बनाने पर आरोपी ने उल्टा पीड़ित को ही धमकाना शुरू कर दिया, जिस पर पीड़ित ने मौके से ही 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस बुला ली। पीड़ित लक्ष्मण ने बताया कि पुलिस बुलाने के बाद जब वे लोग रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने आ रहे थे, तभी आरोपी वकील ने बीच रास्ते में उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि वकील ने उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट की और दोबारा पैसे मांगने पर चारों लोगों को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही, कानून की धौंस दिखाते हुए पीड़ित पक्ष को किसी महिला के जरिए झूठे केस (महिला उत्पीड़न) में फंसाने की भी धमकी दी। घटना से डरे-सहमे पीड़ित पक्ष ने छाता कोतवाली पहुंचकर पुलिस को अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता और तहरीर के आधार पर एडवोकेट के खिलाफ, रास्ता रोकने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# श्रीमद्भागवत कथा के विराम दिवस पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**मथुरा।** जनपद के ग्राम यौरा स्थित श्री बालाजी मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का विराम दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भजन-कीर्तन, जयघोष और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचिका अनुप्रिया किशोरी जी ने श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, धर्म, भक्ति और मानव जीवन के आदर्शों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उनके प्रेरणादायक प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और पूरा पंडाल श्राधे-राधेष्एवं जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम के दौरान गांव के जय प्रकाश चैधरी ने कथावाचिका अनुप्रिया किशोरी जी को चांदी का मुकुट पहनाकर, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य सम्मान किया। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा है तथा उनके आशीर्वाद से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिक चेतना का संचार होता है। कथा आयोजन श्री बालाजी मंदिर के महंत विजय जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। कथा के यजमान सावित्री देवी, पत्नी जगपाल चैधरी, निवासी ग्राम आंवला सुल्तानपुर (यौरा) रहे, जिन्होंने श्रद्धापूर्वक धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन दिवस पर श्रद्धालुओं ने कथावाचिका से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। आयोजन के सफल संचालन में ग्रामवासियों एवं समस्त श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# 'शहीद स्मारक' पार्क बना लूट का अड्डा

आगरा। जिस मिट्टी को शहीदों ने अपने खून से सींचा, उसी पर आज भ्रष्टाचार की कालिख पोत दी गई है। आगरा के संजय प्लेस स्थित शहीद स्मारक पार्क सिस्टम की लूट का अड्डा बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस स्मारक के लिए करोड़ों का अनुदान जारी किया, पर जमीन पर शहीदों का अपमान और अफसरों की जेब गर्म दिख रही है। पार्क में घुसते ही देशभक्ति दम तोड़ देती है। अमर शहीदों की प्रतिमाएं धूल और कूड़े में दबी हैं। संगमरमर की बेंचें टूटी पड़ी हैं, टाइल्स उखड़कर बिखर गई हैं और फव्वारे सालों से सूखे हैं। चारों तरफ झाड़-झंखाड़ और शराब की खाली बोतलें बिखरी हैं। सवाल ये है कि सीएम योगी का भेजा करोड़ों का बजट गया कहां? फाइलों में रंग-रोगन हो गया या ठेकेदार और अफसर मिलकर पी गए? स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ाः 'गद्दार है वो अफसर जिसने शहीदों के नाम का पैसा खाया।' आसपास के व्यापारियों और जागरूक नागरिकों का आरोप है कि शहीद स्मारक के रखरखाव के नाम पर हर साल 15-20 लाख का बजट पास होता है। माली, गार्ड, सफाईकर्मी के नाम पर फर्जी हाजिरी लगती है, पर पार्क में एक भी कर्मचारी नहीं दिखता। शाम ढलते ही ये जगह नशेड़ियों, जुआरियों और अय्याशों का अड्डा बन जाती है। 'अमर जवान' के बोर्ड के नीचे गांजे और चरस के कश लगते हैं।

● शहीदों की प्रतिमायों पर कूड़े के ढ़ेर, अनुदान हजम, कौन देगा जबाव जनता मांगे 'शहादत' का हिसाब

क्या शहीदों ने इसी दिन के लिए कुबार्नी दी थी? ये शहादत का अपमान नहीं, सरकारी खजाने की खुली लूट है। पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने चेतावनी दी है कि अगर 7 दिन में पार्क की दशा नहीं सुधरी तो वे शहीद स्मारक पर धरना देंगे। 'हमने सीमा पर खून बहाया और यहां अफसर हमारी शहादत बेच रहे हैं। सीएम योगी को खुद संज्ञान लेना चाहिए कि उनका अनुदान कौन डकार गया।' वहीं शहर के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने सभी पत्रकार बंधुओं से खुली अपील की है। 'आप चौथे स्तंभ हैं। खुद मौके पर आइए, कैमरे में इस कलंक को कैद कीजिए। प्राइम टाइम में दिखाइए कि कैसे शहीदों के नाम पर करोड़ों का घोटाला हो रहा है। आपकी कलम ही अब शहीदों को इंसाफ दिला सकती है। आरटीआई डालकर हर एक पैसे का हिसाब मांगिए।' आरोप है कि दर्जनों शिकायतों के बाद भी नगर निगम और जिला प्रशासन के अफसर आंख-कान बंद किए बैठे हैं। कोई अधिकारी मौके पर झांकने तक नहीं आया। शहीद स्मारक पार्क अब सिर्फ खंडहर नहीं, सिस्टम की गद्दारी का जीता जागता सबूत है। सवाल बड़ा है कि जब सीएम का अनुदान शहीदों तक नहीं पहुंच रहा, तो आम जनता तक क्या पहुंचेगा? अब देखना है कि खबरों की इस सर्जिकल स्ट्राइक से सोया हुआ सिस्टम जागता है या नहीं।

## मथुरा में चला स्वच्छता महाअभियान

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** ब्रज को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम, एमवीडीए और ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संयुक्त रूप से हम सबने ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है महाअभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहर में स्वच्छता, जन-जागरूकता और प्रवर्तन की बड़ी कार्रवाइयां की गईं।

● 14,500 का जुर्माना और अवैध होर्डिंग्स पर चली कार्रवाई

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कुल 14,500 का जुमार्ना लगाया गया। इसमें अतिक्रमण पर 1,500, गंदगी फैलाने पर 5,000 और प्रतिबंधित पॉलिथीन के इस्तेमाल/भंडारण पर 8,000 का जुमार्ना शामिल है। साथ ही 7 किलोग्राम पॉलिथीन भी जब्त की गई। शहर को बदरंग कर रहे अवैध विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिछले दो दिनों में 39 अवैध होर्डिंग, 7 बैनर और 34 कियोस्क/पोस्टर हटाए गए। प्रमुख मार्गों और बाजारों से कूड़ा हटाकर कई गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स को समाप्त किया गया। व्यापारिक संगठनों और नागरिकों के साथ बैठकें व रैलियां कर लोगों से गीला-सूखा कचरा अलग करने और डस्टबिन का प्रयोग करने की अपील की गई। साथ ही नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा न फैलाने एवं नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने का आह्वान किया गया। नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे हम सबने ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है के संकल्प को सफल बनाने हेतु अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित ब्रज के निर्माण में अपना योगदान दें।

## बिना पंजीकरण संचालित कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी बंद होंगी, नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**मथुरा।** लखनऊ में कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड के बाद मथुरा जनपद में भी कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर बलदेव ब्लॉक में संचालित कोचिंग संस्थानों की जांच एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कराया जा रहा है। इसके लिए नोडल अधिकारी डॉ. अखिलेश यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है।डॉ. अखिलेश यादव ने बताया कि जिन कोचिंग संस्थानों का अभी तक पंजीकरण नहीं हुआ है, वे तत्काल पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें। बिना पंजीकरण संचालित कोचिंग सेंटरों के विरुद्ध कोचिंग अधिनियम-2002 एवं कोचिंग सेंटर रेगुलेशन-2024 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कोचिंग संस्थान का संचालन बेसमेंट में नहीं किया जाएगा। सभी संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा के लिए अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। जिन अग्निशमन उपकरणों की वैधता समाप्त हो रही है, उनका समय रहते नवीनीकरण अथवा रिफिलिंग कराई जाए। साथ ही भवनों में खुले, जले या क्षतिग्रस्त बिजली के तारों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। डॉ. यादव ने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी संस्थान में सुरक्षा मानकों की अनदेखी या नियमों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और उसकी पूरी जिम्मेदारी संचालक की होगी। उन्होंने बताया कि बलदेव ब्लॉक में बड़ी संख्या में अवैध एवं अपंजीकृत कोचिंग सेंटर तथा लाइब्रेरी संचालित हो रही हैं, जहां सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर विद्यार्थियों की जान जोखिम में डाली जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से भी अपील की कि वे केवल पंजीकृत एवं सुरक्षित संस्थानों का ही चयन करें तथा प्रशासन का सहयोग करें।

# भाजपाइयों ने पीएम के मन की बात को सुना

**टूंडला।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को देशवासियों के संग साझा किया, भाजपा जिला शिविर कार्यालय बूथ 146 पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने वरिष्ठ पदाधिकारियों ओर जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना प्रधानमंत्री ने अपनी मन की बात को साझा करते हुए कहा कि एक विषय ऐसा है हजारों साल पुराना है ओर हर घर में घुसकर बैठ गया है वो है अंधविश्वास, लोगों ने एक अवधारणा बना ली है जब अंधविश्वास लोगों में होता है तो वो सच देखना ही बंद कर देते हैं ओर बिना सत्य जाने ऐसे फैसले लेना लगते हैं जिनका बहुत नुकसान होता है वही समाज में ऐसे लोग होते हैं जो विज्ञान अनुभव ओर तर्क के आधार पर उन अवधारणाओ को चुनौती देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कई योजनाएं जो सरकार द्वारा जनहित में संचालित की जा रही है उसको लोगो ओर परिवारों के बीच पहुंचना चर्चा करना बहुत जरूरी है भारत अब आत्मनिर्भर बन रहा है चाहे वो हवाई जहाज सी 295 भारत में ही स्वदेशी रूप से बनना हो, जिसमें एमएसएमई और एयरोस्पेस सेक्टर को नई मजबूती मिल रही है रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं जिससे आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी

पूरा हो रहा है इसी महीने डीआरडीओ ने लोग अटैक बैलेस्टिक मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया है आज समुद्र से लेकर आकाश तक अधिक सुरक्षित ओर आत्मनिर्भर बन रहा है जून में एक कार्यक्रम हुआ जिससे पूरी दुनिया जुड़ी जिसका नाम था अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, दुनिया 2500 से ज्यादा जगह पर योग के कार्यक्रम हुए जिसमें करोड़ो लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया ओर योग को अपनाया किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसके लोग होते हैं जब वो लोग कोसी चीज संकल्प लेते हैं तो कोई भी शक्ति उन्हें डिगा नहीं सकती है पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति को देखते हुए मैने भारत के लोगों से कुछ अपील की थी कि जहां तक संभव हो सोना खरीदने से बचे विदेश मे छुट्टियां बिताने से बचे लोगों से डीजल ओर पेट्रोल बचाने के लिए कार कम चलाने की अपील की, किसानों से केमिकल युक्त खाद की जगह से खेती को बचाने के लिए प्राकृतिक खाद का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने को कहा, में अपने देश के नागरिकों का आभारी हूं कि उन्होंने न सिर्फ मेरी अपील का समर्थन किया बल्कि हर तरफ से उसमें अपना सहयोग कर रहे हैं मुझे खुशी है मेरे भारतीय नागरिक मेरे साथ इस ग्लोबल क्राइसिस का मजबूती से सामना कर रहे हैं, इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया 28 जून को पीएम के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' जिले 17 मंडलों में 1317 बूथों व 251 शक्ति केंद्रों पर पार्टी के सभी जिला पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने सुना है। मन की बात कार्यक्रम के बाद डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान पर 146 बूथ पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर जिलाध्यक्ष द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई व बूथ समिति की मासिक बैठक सभी बूथों पर होगी मन की बात कार्यक्रम के बाद जिले के सभी 1317 बूथों पर बूथ अध्यक्षगण व बूथ समिति सदस्यों के लिए सरल एप डाउनलोड करवाकर सभी को डिजिटल प्रशिक्षण अभियान चलाया गया।

## द्वारकाधीश महाराज का हुआ ज्येष्ठाभिषेक

**मथुरा।** पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के प्रमुख मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश जी महाराज के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अ

# ट्रंप की बेलगाम धमकी

जब पाकिस्तान, ईरान और अमरीका के बीच युद्ध विराम कराने के लिए मध्यस्थता कर रहा था तभी इस बात की आशंका थी कि एक आतंकी देश की मध्यस्थता कितनी कारगर होगी। ऊपर से ट्रंप जैसा अस्थिर व्यक्ति इस युद्ध में प्रमुख पक्षकार है। ऐसे में जिस दिन से स्थायी युद्ध विराम के लिए वार्ता शुरू करने के लिए सहमति पत्र हस्ताक्षरित हुआ है, उसी दिन से ट्रंप और ईरान एक दूसरे को धमकियां दे रहे हैं। सहमति के बिन्दुओं पर आगे-पीछे हो रहे हैं और कभी -कभार एक दूसरे पर मिसाइलें भी दाग देते हैं। ऐसा युद्ध विराम और इस तरह की शांति कितने दिन ठहरेगी कोई नहीं जानता। दोनों देशों ने 14 बिंदुओं वाले सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन संवाद ठहरा है अथवा मध्यस्थों के साथ जारी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार विनाशक हमले की धमकियां दे रहे हैं। वहां के अधिकतर लोग मानते हैं कि ईरान युद्ध में अमरीका पराजित हुआ है। सहमति-पत्र में लगभग सभी ईरानी शर्तें अमरीका को माननी पड़ी हैं। सीनेट में भी ट्रंप हार गये हैं। क्योंकि अमरीकी संसद ने 'वॉर पॉवर्स' संबंधी प्रस्ताव पारित कर लिया है। अब संसद की पूर्व अनुमति के बिना राष्ट्रपति ट्रंप किसी भी युद्ध में कूद नहीं सकते। बहरहाल ट्रंप की धमकियों पर ईरान भी पलटवार को तैयार है। उनके सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई का एक सीक्रेट पत्र लीक हुआ है, जिसमें साफ आदेश है कि अमरीका के साथ बातचीत तुरंत रोक दें। इसी जंगी माहौल में ईरान ने 'कादिर' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अमरीका और ईरान युद्ध के मोर्चों पर सैन्य तौर पर तैनात हैं। क्या ऐसे समझौता संभव है? ईरान और इजरायल एक बार फिर एक-दूसरे पर विध्वंसक हमले करने की तैयारी-तैनाती में हैं। राष्ट्रपति ट्रंप लेबनान पर हमले रोकने के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू पर दबाव नहीं बना सके हैं। इजरायल हवाई बमबारी कर दक्षिण लेबनान में तबाही और विध्वंस को जारी रखे है। लगातार

हत्याएं की जा रही हैं, लोग विस्थापित होने को मजबूर हैं, लेकिन ट्रंप सिर्फ ईरान को धमकाते रहते हैं कि समझौता नहीं हुआ, तो पहले से ज्यादा विध्वंसक हमले झेलने पड़ेंगे। ईरान पहले ही बर्बाद हो चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों के कारण ही समझौते का संवाद 24 घंटे भी जारी नहीं रह सका है। ईरानी दल ने अमरीकी दल से न तो हाथ मिलाया, न ही संयुक्त फोटो खिंचवाई, बल्कि वार्ता-सभागार से वॉकआउट कर गया। ईरान ने मध्यस्थों को साफ कर दिया कि वे अमरीका के साथ इस तरह बातचीत नहीं करेंगे। तो क्या समझौता नहीं होगा? महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जिस तरह ट्रंप ईरान को हड़काये रखना चाहते हैं, उसके मद्देनजर अंतिम समझौता कैसे होगा? अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप और उप राष्ट्रपति वेंस ने ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों, यूरेनियम के संवर्धन और अमरीकी सामान खरीदने की बाध्यता पर जो बयान दिए हैं, ईरान ने उनका खंडन किया है। ईरान ने अमरीका और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को साफ कह दिया है कि परमाणु स्थलों का निरीक्षण अंतिम समझौता होने के बाद ही संभव हो सकता है। ईरानी दल ने स्विट्जरलैंड में आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी से मुलाकात करने से भी इंकार कर दिया है। अमरीका और ईरान के बीच विरोधाभास हैं कि सवाल स्वाभाविक लगता है कि इस तरह अंतिम समझौता कैसे होगा? समझौता होगा भी अथवा नहीं? 'व्हाइट हाउस' ने एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत ईरानी तेल को पाबंदियों से मुक्त कर दिया है। 1979 के बाद अमरीका ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया है। बेशक ईरान वार्ता के 60 दिनों तक ही तेल की आजादी महसूस करेगा, फिर भी उसकी अर्थव्यवस्था के लिए यह अति महत्वपूर्ण निर्णय है। ईरान हमेशा पाबंदी-मुक्त रहे, यह बिंदु भी सहमति-पत्र में है। यदि समझौता हुआ, तो ईरान को हमेशा के लिए पाबंदी-मुक्त करना ही पड़ेगा। बहरहाल ईरान इस दौरान 40-43 अरब डॉलर का तेल बेच सकेगा। इसी के मद्देनजर भारत ने भी ईरान से तेल खरीदा है। युद्ध रुकने से चीजें तेजी से सामान्य हो रही हैं लेकिन ट्रंप की बार-बार धमकियों से माहौल खराब होता रहता है।

---

विचार

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

# ठिठकता मानसून बढ़ा रहा देश का संकट

मनोज बाजपेयी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही अपनी भविष्यवाणी में यह स्पष्ट किया है कि इस साल मानसून पर अलनीनो का प्रभाव बहुत अधिक है और इस कारण वर्षा कम होगी। देश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक मानसून पर भी निर्भर है और मध्यपूर्व युद्ध से लगे झटकों से उबरने का प्रयास कर रही अर्थव्यवस्था के सामने कम वर्षा या सूखा पड़ने की आशंका बड़ा संकट बन गयी है। एक तरफ कम वर्षा का अनुमान है, तो दूसरी तरफ मानसून आने में भी काफी देरी हो रही है। मानसून में देरी किसानों का संकट बढ़ा रही है। कम वर्षा और मानसून में आने देरी दरअसल किसानों पर दोहरा संकट होगा। ईंधन के दाम भी बढ़े हुए हैं। ऐसे में किसानों के सामने बड़ी चुनौती है। इस साल अलनीनो का प्रभाव वर्षा की मात्रा पर पड़ने की बात सभी एजेंसियों ने कही है।

अलनीनो के कारण औसत वर्षा 95 फीसद या इससे भी कुछ होने की आशंका है। अगर 95 फीसद वर्षा भी हो जाती है, तो भी किसान कुछ हद तक खरीफ सीजन में कृषि उत्पादन को सामान्य बनाये रखेंगे। लेकिन अगर वर्षा 95 फीसद से भी कम हुई तो उत्पादन में भी दिक्कत आयेगी और किसान की लागत भी बढ़ेगी क्योंकि सिंचाई पर उन्हें अधिक खर्च करना पड़ेगा। फिलहाल उत्तर भारत में मानसून का इंतजार है। यह इंतजार कृषि कार्य के लिए भी है और गर्मी से राहत पाने के लिए भी है। क्योंकि जैसे ही तापमान 40-42 डिग्री से ऊपर निकलता है, तो भीषण गर्मी और बिजली कटौती में जीना मुहाल हो जाता है। अग्निकांड की घटनाएं भी बहुत बढ़ जाती है जिससे बड़ी संख्या में मौतें होती हैं। उत्तर प्रदेश और पूरे उत्तर भारत में पारा लगातार 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब में हालत और खराब है। राजस्थान में तो 47 डिग्री के ऊपर तक पहुंच गया है। दिल्ली की स्थिति तो और भी खराब है जहां तापमान 48 डिग्री तक दर्ज किया गया है। जून का महीना लगभग बीत चुका है, लेकिन अभी तक मानसून नहीं आया है। भीषण गर्मी, बिजली कटौती और उमस में उबलते लोगों का एक-एक दिन बीतना कठिन हो जाता है। गर्मी का सितम हर साल बढ़ रहा है। इसके पीछे ग्लोबल वार्मिंग है। ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा होती रहती है लेकिन इससे बचने के लिए कोई ठोस उपाय वैश्विक स्तर पर देखने को नहीं मिलते हैं। ऊपर से ट्रंप जैसे नेताओं के कारण ग्लोबल वार्मिंग का संकट और जटिल हो गया है। ग्लोबल वार्मिक का प्रभाव मानसून और वर्षा की मात्रा तथा वर्षा के वितरण पर बहुत अधिक पड़ता है। इस साल शुरू से ही दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की शुरूआत कमजोर रही है। जून के पहले पखवारे में बारिश सामान्य से 35-40 प्रतिशत कम रही, जबकि भारतीय मौसम विभाग ने दीर्घकालिक औसत की लगभग 90 प्रतिशत मौसमी बारिश होने का अनुमान लगाया है। चिंता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन ने प्रशांत महासागर में अल नीनो होने की पुष्टि की है और आने वाले महीनों में इसके तेज होने की आशंका भी जतायी है। किंतु अभी कोई ठोस निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी।

वैसे देश में खेती और कृषि उत्पादन की स्थिति बहुत कुछ जुलाई और अगस्त में होने वाली बारिश पर निर्भर करेगी क्योंकि खरीफ की बोआई के लिए ये महत्वपूर्ण महीने हैं। फिर भी शुरूआती संकेतों पर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है। पहली चिंता कृषि है। उदाहरण के लिए, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में अरहर, मूंग तथा उड़द जैसी दालों की बोआई में आई बाधाओं से पता चलता है कि वर्षा पर निर्भर खेती कितनी नाजुक है।

विमर्श

हालांकि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों का योगदान केवल 18 प्रतिशत है, लेकिन देश की आधी श्रमशक्ति इसी में लगी हुई है। कमजोर मॉनसून से अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा प्रभावित होता है। किसान और ग्रामीण क्षेत्र के निवासी जहां सीधे कृषि उत्पादन घटने से प्रभावित होते हैं, तो बाकी देश कृषि जिंसों की महंगाई से त्राहि-त्राहि करने लगता है। देश के बड़े हिस्से में ग्रामीण आय, रोजगार और उपभोग मांग प्रभावित होती है। भारतीय रिजर्व बैंक के नवीनतम मासिक बुलेटिन में भी प्रतिकूल दक्षिण-पश्चिम मॉनसून को वृद्धि और मुद्रास्फीति दोनों के लिए प्रमुख घरेलू जोखिमों में गिनाया गया है। इसके दूरगामी परिणाम मुद्रास्फीति पर पड़ते हैं। खाद्य पदार्थों का नये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में भी लगभग 37 प्रतिशत हिस्सा है। 2023-24 के अल नीनो संकट से पता चला कि कैसे कम बारिश और ज्यादा गर्मी खाद्य पदार्थों की कीमतों को लगातार ऊंचा रख सकते हैं। खुदरा खाद्य मुद्रास्फीति दर हाल के महीनों में बढ़ने लगी है। लंबे समय तक मॉनसून कमजोर रहा या फिर सर्दी कम पड़ी, खरीफ के साथ ही रबी की फसल प्रभावित हुई, तो मुद्रास्फीति का दबाव और बढ़ सकता है। हालांकि अभी घबराने की खास वजह नहीं है। इस सीजन में भारत के पास काफी बफर है। सरकार के पास गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार है और दलहन भंडार भी बढ़ा है। दरअसल लगातार दो वर्षों में भरपूर फसल के बाद दुनिया भर में खाद्य आपूर्ति भी प्रचुर मात्रा में है। इसलिए खतरा स्थानीय स्तर पर परेशानी का ज्यादा है। मॉनसून का मसला भारत की बढ़ती जल समस्या से भी जुड़ा हुआ है। मौसमी वर्षा से जलाशयों, नदियों और भूजल भंडारों को जल मिलता है, जो कृषि और शहरी खपत दोनों को सहारा देते हैं। हाल के वर्षों में कई शहरों को बार-बार पानी की कमी का सामना करना पड़ा है। समस्या अब केवल वर्षा की मात्रा से नहीं बल्कि पानी के भंडारण, पुनर्भरण और प्रबंधन से जुड़ गई है।

जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा और उसके परिणामों के बीच का संबंध बदल रहा है, जिससे स्थिति थोड़ी जटिल हो जाती है। सामान्य बारिश वाले वर्षों में भी, मौसम की अतिकारी घटनाएं, लंबे समय तक सूखा और तेज बारिश के छोटे-छोटे दौर फसलों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों और समय में वर्षा का वितरण भी कुल मौसमी वर्षा जितना महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है। इसलिए नीतिगत तैयारी अत्यंत आवश्यक हो जाती है। हालांकि पर्याप्त खाद्य भंडार सुरक्षा कवच देता है मगर स्थानीय मौसम के पूर्वानुमानों का व्यापक उपयोग, समय पर फसल संबंधी सलाह, सूखे से बेअसर रहने वाली बीज किस्में और कम अवधि में तैयार हो जाने वाली फसलें इस नुकसान को कम करने में मददगार हो सकती हैं। जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और स्थानीय जल निकायों के जीर्णोद्धार में निवेश भी उतना ही महत्वपूर्ण है। देश कमजोर मॉनसून का सामना करने के लिए पहले की तुलना में ज्यादा तैयार है। लेकिन समय के साथ उसकी मजबूती इस बात पर ज्यादा निर्भर करेगी कि जलवायु परिवर्तन को कितने कारगर तरीके से संभाला जाता है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

> देश कमजोर मॉनसून का सामना करने के लिए पहले की तुलना में ज्यादा तैयार है। लेकिन समय के साथ उसकी मजबूती इस बात पर ज्यादा निर्भर करेगी कि जलवायु परिवर्तन को कितने कारगर तरीके से संभाला जाता है।

सोशल मीडिया

नयी दिल्ली में उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेन्द्र नाथ पाण्डेय जी के आवास पर पहुंच कर उनसे स्नेहिल भेंट किया और कुशलक्षेम जाना। केशव प्रसाद मौ

भाजपा से पल्ला छुड़ाने के लिए भाजपाई जन प्रतिनिधि तरह-तरह के तरीके अपना रहे हैं, वो समझ गये हैं कि भाजपा की डूबती नाव से जितनी जल्दी उतर लो उतना ही अच्छा है। अखिलेश य

मैंने आज ही एक खबर पढ़ी कि कनाडा के एक शहर ने पेड़ को जीवित प्राणी का दर्जा दिया है। भारतीय संस्कृति पेड़ों में एक ही चेतना मानती है, जो हममे है वही पेड़ों में है। शिवराज सिंह चौहान

# देश के सुखद भविष्य का कैनवास होते हैं आंकड़े

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस आज

आज का युग सूचना और प्रौद्योगिकी का युग है, हम जिस दुनिया में जी रहे हैं, वहां हर दिन करोड़ों आंकड़े पैदा हो रहे हैं। यही वजह है कि 21वीं सदी को डेटा का युग कहा जाता है। भारत भी इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जहां आंकड़े केवल सूचनाओं का संग्रह नहीं रह गये बल्कि विकास और नीति निर्माण के प्रमुख आधार बन चुके हैं। सांख्यिकी दिवस हमें यह समझने का अवसर देता है कि आखिर आंकड़े इतने महत्वपूर्ण क्यों होते हैं? सांख्यिकीविद प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनायी जाती है। आज सरकारें उद्योग, शिक्षा, संस्थान, स्वास्थ्य सेवाएं और यहां तक कि आम नागरिक भी डेटा आधारित निर्णयों को अधिक विश्वसनीय मानने लगे हैं। इसलिए आंकड़ों की जितनी महत्ता आज है, शायद आज के पहले कभी नहीं थी।

भारत में लंबे समय से आंकड़ों का उपयोग योजनाएं बनाने में किया जाता रहा है। लेकिन डिजिटल क्रांति के बाद इसका महत्व कई गुना ज्यादा बढ़ गया है। पहले किसी योजना की सफलता या असफलता का आंकलन करने में वर्षों लग जाते थे। जबकि अब वास्तविक समय में डेटा उपलब्ध होने लगा है, इसलिए नीतियों को तेजी से सुधारने और आवश्यक बदलाव करना संभव हो गया है। उदाहरण के लिए यदि किसी जिले में टीकाकरण की दर कम पायी जाती है, तो स्वास्थ्य विभाग वहां तुरंत अतिरिक्त संसाधन भेज सकता है। यदि किसी क्षेत्र में फसल उत्पादन घट रहा है, तो कृषि विभाग वहां विशेष योजनाएं लागू कर सकता है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम और ड्राप आउट दर जैसे आंकड़े ये तय करने में मदद करते हैं कि किस क्षेत्र को अधिक ध्यान देने की जरूरत है। डिजिटल इंडिया अभियान ने आंकड़ों के उपयोग को नई ऊंचाईयों तक पहुंचा दिया है। आज सरकारी सेवाओं का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन हो चुका है। जिस कारण बड़ी मात्रा में डेटा उपलब्ध होता है, जिसका विश्लेषण करने पर सरकार नागरिकों की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझ सकती है और उन्हें लागू करने में भी जरूरी संसाधनों का अच्छी तरह से आंकलन कर सकती है। डाटा के महत्व को डिजिटल भुगतान प्रणाली के जरिये भी समझा जा सकता है। देश में होने वाले करोड़ों ऑनलाइन लेनदेन, आर्थिक गतिविधियों का ही एक व्यापक चित्र प्रस्तुत करते हैं। इससे आर्थिक नीतियां बनाने में सहायता मिलती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में डाटा के महत्व का हर पल अंदाजा होता है। कोविड-19 के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में डाटा की अहमियत जबर्दस्त रूप में उभरकर सामने आयी, जब पल-पल लाइव आंकड़ा प्रदर्शित होता था कि उस पल देश, उस जगह विशेष और दुनिया में कितने लोग संक्रमित थे और कितने लोग कोविड से हताहत हुए? साथ ही रिकवरी दर, अस्पतालों में बिस्तर, किसी खास दवा की मांग और टीका करण की प्रवृत्ति जैसे संदर्भों को हम सिर्फ आंकड़ों के जरिये ही समझ सकते थे। कृषि क्षेत्र में भी डेटा आज किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मौसम संबंधी आंकड़े, मिट्टी की गुणवत्ता, जमीन की उपलब्धता और बाजार भाव जैसी जानकारियां किसानों को बेहतर निर्णय लेने में मदद करती हैं। कई डिजिटल प्लेटफार्म किसानों को वास्तविक समय में ऐसी सूचना उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे उनके उत्पादन को बढ़ाने या नुकसान के प्रबंधन करने में सहायता मिल रही है।

शहरी विकास की बातें करें तो स्मार्ट सिटी परियोजना का पूरा ढांचा डेटा पर ही आधारित है। यातायात प्रबंधन, जल आपूर्ति, बिजली खपत, प्रदूषण स्तर और सार्वजनिक परिवहन के जुड़े आंकड़े, शहरों को अधिक व्यवस्थित और रहने योग्य बनाने में योगदान दे रहे हैं। यही कारण है कि व्यापार और उद्योग जगत में डेटा को अकसर नया तेल कहा जाता है। कंपनियां ग्राहकों की पसंद, खरीदारी के पैटर्न और बाजार मांग का विश्लेषण करके अपनी रणनीतियां तैयार करती हैं। ई-कॉमर्स कंपनियां, बैंक, बीमा संस्थान और स्टार्टअप बड़े पैमाने पर डेटा विश्लेषण का उपयोग अपने-अपने फायदे के लिए कर रहे हैं। इससे उनकी कार्यक्षमता बढ़ती है। हालांकि जहां डेटा की इतनी अहमियत है और जिंदगी इतनी आसान है, वहीं आंकड़ों की बढ़ती ताकत के कारण कई तरह की परेशानियां भी उभरकर सामने आयी हैं। डेटा की गुणवत्ता उसकी विश्वसनीयता और गोपनीयता भी आज महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। यदि आंकड़े गलत हों तो उनका विश्लेषण भी गलत हो जाता है। **वीना गौतम.**

# वासना का चक्रव्यूह

अंतर्दृष्टि

वासना इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रव्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# पुरस्कारों को कौन छोड़ता है

व्यंग्यलोक

आजकल पुरस्कार मूली-गाजर के भाव मिल रहे हैं। देने वाले फेरी लगाकर आवाज लगाते हैं-पुरस्कार ले लो पुरस्कार। हर चीज के खरीददार मिलेंगे। फिर पुरस्कारों को कौन छोड़ता है-जब वे बिना योगदान के मोलभाव के मोल मिलने लगें तो। पुरस्कार साहित्य का है तो और भी सुविधा है। अपना आदमी होना चाहिए। अपना खेमा और अपनी विचारधारा। फिर पुरस्कार चाहे पंद्रह पृष्ठ की बुलेटिन पर देना पड़े, दे दिया जाता है। पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी अब आवश्यक नहीं रह गया। इधर पुस्तक पाठ्यक्रम में छात्रों की दृष्टि से लिखी गयी है। प्रश्न दिये गये हैं। हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा हुआ है और पुरस्कार दिया जा रहा है। किसी विधा में किसी लेखक को ज्यादा मेहनत-मशक्कत अथवा जमने जमाने की जरूरत नहीं है। आप यदि संस्था प्रधान को जानते हैं तो वह पुरस्कार देने में जरा भी देर नहीं करेगा। लेकिन शर्त इतनी-सी है कि आप उनके चिलमगीरों में हो या नहीं, यह देखना आपके हाथ में है। पुरस्कार के लिए किताब मैंने भी भेजी थी, लेकिन मुझे नहीं मिला। मैंने कारणों का पता लगाया तो मालूम हुआ कि मैं अपने आपको लेखक समझता हूँ। अब बताइये कि मैं लेखक हूँ और अपने आपको लेखक समझता हूँ तो इसमें गलत क्या है? फिर लेखक हूँ तभी तो पुरस्कार माँग रहा हूँ। साहित्य का पुरस्कार लेखक ही तो पा सकता है। लेकिन उनका तर्क है कि जिनको उन्होंने पुरस्कार दिया है-सीधे सादे हैं तथा उनमें लेखकीय अस्मिता तनिक भी नहीं है। मैं सोचता ही रह गया कि हद होती है। एक विधा में काम किया, पहचान बनायी और जब पुरस्कार की बारी आयी तो साफ इंकार कर दिया गया है। जिनको पुरस्कार मिला था, वे फूल कर कुप्पा हो गये थे। मैंने कहा-अमाँ यार, सुना है तुम अपने आपको लेखक ही नहीं समझते, वे महिमामंडित हो चुके थे, सो बोले-अजी लेखक नहीं होते तो पुस्कार कैसे मिलता? आपको पता नहीं है क्या, मुझे अभी साहित्य का पुरस्कार मिला है? अरे हाँ भाई, उसी संदर्भ में तो पूछ रहा था। संस्था प्रधान आपको लेखक नहीं मानते। एक हानिरहित जीव मानकर आपको इस पुरस्कार से नवाजा गया है और फिर आपने तो कमाल ही कर दिया भाई, पाठ्य पुस्तक पर ही पुरस्कार मार लिया, यह सब कैसे हुआ? कुछ तो बताओ। मैंने कहा! वे बोले-शर्मा साहब, हमारे कौन-सी पुरस्कार की खाज थी? वे ही बोले-यार, इस वर्ष पुरस्कार ले लो, तो बताओ क्या मना करता क्या? मुँह में आया बताशा कौन छोड़ता है। इसका मतलब आपने चिलम भी नहीं भरी उनकी। उधर यह भी अफवाह है कि आपने उनकी चमचागिरी की थी। देखिये शर्मा जी, अब थोड़ा बहुत तो करना ही पड़ता है। आप यह चमचा और चिलम का प्रयोग कर रहे हैं, यह निहायत ही गलत है। दरअसल एक साथ उठना-बैठना था।

अशोक गौतम

## आप की बात

### सड़कों पर सावधानी

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### परीक्षाओं में निष्पक्षता

हाल के रकारी नौकरियों, इंजीनियरिंग, मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं में पर्चा लीक होने की इतनी घटनायें हुई हैं कि प्रतियोगी परीक्षाओं पर कई बार भरोसा करना कठिन होता है। इतना अधिक पेपर लीक बिना मिली भगत के संभव ही नहीं है। ऐसे में भारत सरकार ने युवाओं के हित में भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने पर कठोर सजा और जुर्माने का प्रावधान करने की सराहनीय पहल की है। दरअसल सरकारी नौकरियों में निष्पक्षता के लिए यह जरूरी है कि सभी भर्तियां सांविधानिक संस्था द्वारा कराने और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर कठोर सजा का प्रावधान करने की जरूरत है ताकि भर्तियों में निष्पक्षता और सियासी दखलंदाजी को खत्म किया जा सके। केन्द्र सरकर ने कानून बनाकर इस दिशा में पहल की है लेकिन इस प्रयास को और आगे ले जाने की जरूरत है। फिलहाल भर्ती सहित दूसरी किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी अब बर्दाश्त नहीं होगी। केंद्र सरकार ने इसे सख्ती से कुचलने के लिए कड़ा कानून बनाया है। इसके तहत परीक्षाओं से जुड़ी किसी भी तरह की गड़बड़ी में शामिल होने वालों को अब सख्त सजा मिलेगी, जिसमें 10 वर्ष की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी शामिल है। यदि पेपर लीक व नकल सहित परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ी में संस्थान या परीक्षा कराने वाली एजेंसी शामिल पाई जाती है तो उससे उस परीक्षा का पूरा खर्च वसूला जाएगा। साथ ही उसकी संपत्ति भी जब्त की जा सकती है। परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियों व पेपर लीक की घटनाओं को सख्ती से रोकने के लिए 'द पब्लिक एक्जामिनेशंस (प्रिवेंशन आफ अनफेयर मीन्स) बिल, 2024' को संसद ने पास किया है। इस कानून के दायरे में सभी सार्वजनिक प्रतियोगी परीक्षाओं को शामिल किया है। इनमें यूपीएससी, एसएससी, रेलवे व बैंकिंग भर्ती बोर्ड से लेकर जेईई, नीट, सीयूईटी, नेट जैसी सभी परीक्षाएं और एनटीए द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं शामिल होंगी। दरअसल प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली एक गंभीर अपराध है इसलिए इसे रोकने के लिए सरकार को व्यापक ढांचा एवं संस्थान विकसित करना चाहिए।

**आदर्श कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## पौधरोपण कर मनेगा सपा मुखिया का जन्मदिन

ललितपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन 1 जुलाई को जनपद भर में सेवा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया जाएगा। सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने की अपील की है। कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जन्मदिन के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं की भागीदारी रहेगी। वहीं जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी ने बताया कि पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पूरे जनपद में वृक्षारोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से कार्यक्रमों को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड ? की अपील की।

# नौनिहालों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए पोलियो ड्रॉप पिलाना अत्यंत आवश्यकः विधायक

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के अंतर्गत बूथ दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा जिला चिकित्सालय स्थित प्रसवोत्तर केंद्र में फीता काटकर एवं बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि नौनिहालों

● पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के अंतर्गत हुआ बूथ दिवस का आयोजन

के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य के लिए पोलियो की दो बूंद जिंदगी की पिलाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जनपद के सभी नागरिकों से इस महाअभियान में अपनी शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने जानकारी दी कि बूथ दिवस को सफल बनाने के लिए जिले के सभी विद्यालयों को खुला रखा गया है। बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालयों में मिड-डे मील की विशेष व्यवस्था की गई है।

साथ ही, स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई भी कर्मचारी अपने निर्धारित पोलियो बूथ से अनुपस्थित मिलता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल प्रभाव से नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

टीकाकरण के जमीनी क्रियान्वयन और व्यापक दायरे के संबंध में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. धीरेन्द्र वैद्य ने बताया कि पूरे जनपद में बच्चों को आसानी से पोलियो की खुराक पिलाने हेतु 802 बूथ स्थापित किए गए हैं। बूथ दिवस के उपरांत, अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 464 विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो 29 जून से 3 जुलाई तक घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाएंगी। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य विभाग ने 114 अति संवेदनशील (हाई रिस्क) गांवों को विशेष रूप से चिन्हित कर वहां की

निगरानी बढ़ा दी है। अभियान के आगामी चरणों की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. सौरभ सक्सेना ने बताया कि घर-घर भ्रमण अभियान के पश्चात 6 जुलाई को विशेष रूप से बी-टीम एक्टिविटी संचालित की जाएगी। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो बच्चे या घर किसी भी कारणवश पूर्व के चरणों में छूट गए हैं, उन्हें खोजकर उनका शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। मौके पर पीडियाट्रिशियन डॉ डी बी सिंह, परामर्शी चिकित्सक डॉ. हुसैन खान, चिकित्सा अधिकारी एवं नगर क्षेत्र प्रभारी पोलियो डॉ. राजेश भारती सहित सीएमओ कार्यालय ललितपुर एवं मेडिकल कॉलेज के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर जनपद को पूर्ण रूप से पोलियो मुक्त बनाए रखने का दृढ़ संकल्प लिया।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

ललितपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मसोरा कला में एक आदिवासी सहरिया जनजाति के युवक ने अपने पुराने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने देखने के बाद तत्काल फंदे से उतारकर उसे से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां चिकत्सीय परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने ग्रामीण को मृतक घोषित कर दिया। ग्रामीण के आत्महत्या करने का कारण अज्ञात बताया गया है। ग्राम मसोरा कला निवासी 19 वर्षीय सोनू पुत्र करन सहरिया रविवार को सुबह 9 बजे अपने घर से बिना कुछ कहे गांव में ही स्थित अपने पुराने घर की ओर चला गया था। इस दौरान रास्ते में बातचीत की और उसके बाद वह चला गया। जाने के करीब चार घंटे बाद तक वह किसी को दिखाई नहीं दिया। इसके बाद दोपहर करीब दो बजे जब उसके ही परिवार के कुछ बच्चे खेलते हुए पुराने घर में पहुंचे, तब सोनू का शव घर अंदर म्याहरी पर मफलर के फंदे पर लटकता हुआ देखा गया। जिसके बाद बच्चों ने तत्काल घटना की सूचना आसपास के गांव वालों के साथ-साथ अपने परिजनों को दी। फंदे से युवक का शब उतार कर उसे इलाज के लिए शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

## भारतीय संस्कृति में जल पिलाना हमारी समृद्ध परम्पराः अमित अवस्थी

**बाराबंकी।** भारतीय संस्कृति में अनजान चलते राहगीरों को गुड़, बताशा आदि के साथ जल पिलाना हमारी समृद्ध परम्परा रही है। उक्त उद्गार दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों मे जल व मिष्ठान वितरण कर रहे धर्मसेवकों के बीच धर्मजागरण धाम उ0प्र0 संयोजक अमित अवस्थी ने कहे। इस दौरान धर्मसेवको को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर रि0 जेलर विनोद कटियार, देवेंद्र सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, सुरेश चन्द्र गौतम, सतीश चंद्र सोनी, अतुल कुमार शुक्ल, अजय कुमार सोनी, विनायक सोनी, दीपक दीक्षित, बाबा संदीप दास, उत्तम शुक्ल, अखंड प्रताप सिंह, वीरेंद्र वर्मा, अमरेश, पीयूष वर्मा, रेलवे स्टेशन दरियाबाद प्रभारी रमेश वर्मा मौजूद रहे।

## आयुक्त अयोध्या राजेश कुमार झा आज करेंगे मंडलीय समीक्षा बैठक

**बाराबंकी।** शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह मई 2026 की प्रगति की समीक्षा हेतु आगामी 29 जून को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में आयुक्त अयोध्या राजेश कुमार मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक के प्रथम चरण 1 से 2 बजे तक राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा, द्वितीय चरण में 3 से 5 बजे तक विकास एवं शासन के प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा होगी। जिसमें मंडल के सभी जनपदों के जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। अंतिम चरण में सायं 5 से 6 बजे तक कानून-व्यवस्था की समीक्षा मे डीआईजी सहित मंडल के सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक प्रतिभाग करेंगे। उक्त जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त अयोध्या राजेश कुमार झा द्वारा दी गई।

## अयोध्या हाइवे पर रालोद कार्यकर्ताओ ने अवध क्षेत्र अध्यक्ष का किया स्वागत

**बाराबंकी।** अयोध्या हाइवे पर राष्ट्रीय लोकदल पदाधिकारियो ने अवध क्षेत्र अध्यक्ष राम सिंह पटेल व महासचिव रमेश द्विवेदी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके उपरान्त लखपेड़ा बाग स्थित कार्यालय पर बैठक मे स्व चैधरी चरण सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष स्वः अखिलेश वर्मा

● स्वागत पश्चात चौधरी चरण सिंह व जिलाध्यक्ष अखिलेश वर्मा को दी गयी श्रद्धांजलि

की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी। तथा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राम अचल का पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं ने स्वागत किया। बैठक का संचालन मुख्य महासचिव दिलीप वर्मा ने किया। बैठम मे मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसान, युवाओं, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए निरंतर काम कर रहा है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने कार्यकताओं के सम्मान तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आवाहन किया। तथा पूर्व जिलाध्यक्ष स्वः वर्मा के किए गए कार्यों का विस्तार पूर्वक चर्चा भी की। बैठक में लोक जनशक्ति पार्टी छोड़कर आये सईद वारसी चांद मियां ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता दिलाई गई।

# राजकीय इंटर कॉलेज में खड़े पुराने हरे पेड़ों की हो रही है कटाई

## मशीनों के माध्यम से पेड़ की डालों को काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में खड़े हुए बरसों पुराने पेड़ों को काटने का काम किया जा रहा है। बताया गया है कि इस कॉलेज के अंदर बरगद नीम, बेल के साथ-साथ अन्य प्रजातियों के पेड़ खडे हुए हैं, जिनकी डालियों को कटर मशीन से काटा जा रहा है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि यह पेड़ किसकी परमिशन से काटे जा रहे हैं, या बगैर परमशीन के, क्योंकि सरकार पेड़ बचाने का नारा देकर एक पेड़ मां के नाम लगाने का नारा दे रही है। तो वहीं दूसरी ओर स्कूल कॉलेज के साथ-साथ समूचे जनपद में छूट प्रजाति के नाम पर अवैध रूप से पेड़ को काटने का काम किया जा रहा है, जिसके

वीडियो पूर्व में सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, और जिम्मेदार मूक दर्शक बने हुए हैं। रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दिखाया जा रहा है कि कुछ लोगों द्वारा नीम बरगद के साथ-साथ अन्य पेड़ों को कटर मशीन से काटा जा रहा है। जानकारी करने पर पता चला कि यह वायरल वीडियो शहर के राजकीय इंटर कॉलेज परिसर निकला, जहां पेड़ों का कटान चल रहा है। जानकारी करने पर यह भी पता चला कि इस कॉलेज परिसर में खड़े हुए विशालकाय बरसों पुराने उपयोगी पेड़ों की डालों को काटने का काम किया जा रहा है। जब पेड़ काटने वालों से पूछा गया कि यह पेड़ किसकी आज्ञा से काटे जा रहे हैं, तो वह इस बात का जवाब नहीं दे सके, जिससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। हालांकि हम इस बात की भी पुष्टि नहीं करते कि इन पेड़ों का कटान अवैध रूप से किया जा रहा है। लेकिन इस कॉलेज परिसर में कई वर्षों पुराने पेड़ों का इस तरह काटा जाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण नजर आ रहा है। क्योंकि जहां एक और सरकार एक पेड़ मां के नाम लगाने का हवाला देकर वृहद वृक्ष रोपण का कार्य कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर समूचे जनपद में छूट प्रजाति के नाम पर बड़े पैमाने पर उपयोग पेड़ों का कटान किया जा रहा है, जिसके कई वीडियो पूर्व में सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं और विभागीय अधिकारी कर्मचारी छूट प्रजाति का हवाला देकर इस मामले से अपना पल्ला झाड़ने में लगे हुए हैं। यदि प्रदेश सरकार गोपनीय तरीके से दस वर्ष से जनपद में किया जा रहे वृक्षारोपण के दौरान लगाए गए पेड़ों का सर्वे कर ले, तो अधिकारी कर्मचारियों की हकीकत उजागर हो जाएगी कि पिछले दस वर्ष में कितने पौधों का रोपण किया गया है और 5 वर्ष बाद आज उनकी जमीनी हकीकत क्या है ?

## शादी में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल, युवक पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक के खिलाफ बीएनएस एवं शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच के साथ-साथ शस्त्र लाइसेंस संबंधी कार्रवाई भी कर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक समाचार चैनल के पत्रकार द्वारा 38 सेकंड का वीडियो साझा किया गया था, जिसमें एक युवक शादी समारोह के दौरान हाथ में दुनाली बंदूक लेकर हवाई फायरिंग करता दिखाई दे रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद थाना मड़ावरा पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि वायरल वीडियो 19 जून 2026 को मड़ावरा थाना क्षेत्र के ग्राम रनगांव में आयोजित एक विवाह समारोह का है। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की पहचान ग्राम डोंगराखुर्द निवासी लक्ष्मीनारायण पुत्र बंधु कुशवाहा के रूप में की। आरोप है कि उसने समारोह के दौरान सार्वजनिक रूप से एसबीबीएल (दुनाली) बंदूक से हवाई फायर किए। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि जिस बंदूक से फायरिंग की गई, वह आरोपी के भाई सोबरन पुत्र बंधु कुशवाहा के नाम पर लाइसेंसी है। पुलिस के अनुसार किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लाइसेंसी शस्त्र का इस प्रकार सार्वजनिक स्थान पर उपयोग करना शस्त्र लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन है और इससे आमजन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार की तहरीर पर मड़ावरा थाने में एफआईआर संख्या 0155 दर्ज की गई है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने की धारा 125(ए) तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 30 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने की प्रेस वार्ता

**बाराबंकी।** तमिलनाडु से मणिपुर के छात्र प्रतिनिधि संगठन आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के 90वर्ष पूरे होने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि आगामी 12 व 13 अगस्त को देवा रोड़ स्थित गांधी भवन मे संगठन के 90वर्ष पूरे होने पर विभिन कार्यक्रम आयोजित होगे।

● एआईएसएफ के 90 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद में आयोजित होंगे विशेष कार्यक्रम
● विभिन्न राज्यों के छात्र प्रतिनिधि होंगे शामिल

जिसमे सांसद पी0संतोष कुमार, पूर्व सांसद सैयद अजीज पाशा, सहित आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उडीसा, पंजाब, पाडेचेरी, दिल्ली, झारखंड, राजस्थान, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, गुजरात के छात्र नेताओं की आने की स्वीकृति मिल चुकी है। प्रेस वार्ता मे बृजमोहन वर्मा, प्रवीण कुमार, प्रेम चन्द्र, मुनेश्वर, अमर सिंह, राम प्रकाश वर्मा, दीपक वर्मा, दीपक शर्मा, संदीप तिवारी, अभय वर्मा, रीना मौर्या, आदित्य मौजूद रहे।

## बाड़े में काम करते समय सांप ने डसा, मौत

**ललितपुर।** जिले के थाना बानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डेगना में रविवार सुबह सांप के डसने से एक महिला की मौत हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में झांसी मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को ललितपुर मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी, लेकिन परिजनों ने इससे इनकार करते हुए शव को घर ले गए। ग्राम डेगना निवासी जानकी पत्नी राम सहाय रविवार सुबह अपने घर के पीछे स्थित बाड़े में काम कर रही थीं। इसी दौरान उन्हें अचानक सांप ने डस लिया। जानकी ने तत्काल इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए तत्काल स्थानीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से जानकी को झांसी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

# तहसीलदार के आदेश के बाद भी दबंगों ने रुकवाया मकान निर्माण

ललितपुर। तहसील प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य की अनुमति दिए जाने के बावजूद ग्राम पठाविजयपुरा में एक युवक का मकान निर्माण दबंगों द्वारा रुकवाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हथियारों से लैस होकर पहुंचे आरोपियों ने निर्माण कार्य बंद करा दिया और विरोध करने पर युवक को जान से मारने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित

● छह नामजद समेत 14 लोगों पर महरौनी थाने में मुकदमा दर्ज

की तहरीर पर छह नामजद और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम पठाविजयपुरा निवासी अवनीश पुत्र ब्रजबिहारी बिदुआ ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके प्लॉट को लेकर पूर्व में विवाद चल रहा था। इस संबंध में समाधान दिवस में पैमाइश कराई गई थी। राजस्व विभाग ने नक्शा और खतौनी के आधार पर भूमि को उसके स्वामित्व की बताते हुए विवाद का निस्तारण किया था। इसके बाद नायब तहसीलदार ने उसे निर्माण कार्य कराने की अनुमति भी प्रदान कर दी थी। आरोप है कि 27 जून 2026 की सुबह करीब 9.30 बजे वह अपने प्लॉट पर मकान निर्माण करा रहा था, तभी गांव के मुश्ताक खान, अरबाज खान, साजिद, पवन दीक्षित, गौरव और आयुष करीब आठ अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंच गए। सभी के हाथों में लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी जैसे हथियार थे। आरोपियों ने निर्माण कार्य जबरन रुकवा दिया और प्लॉट को अपना बताते हुए दोबारा काम शुरू करने पर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी पवन दीक्षित ने धमकी दी कि यदि निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो वह अपने परिवार केपर लगाकर सभी को जेल भिजवा देगा। घटना के बाद पीड़ित और उसका परिवार भय के माहौल में है। शिकायत पर महरौनी थाना पुलिस ने एफआईआर संख्या 0268 दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 191(3) तथा 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## वृद्धा की सड़क हादसे में मौत

बाराबंकी। जिले के रामनगर क्षेत्र में रविवार तड़के एक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। यह घटना रामनगर-बदोसराय मार्ग पर लोधपुरवा गांव के पास हुई, जब फूलमती (62) शौच से लौटकर घर आ रही थीं। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि उनका शरीर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया था। मृतका के बड़े बेटे जितेंद्र वर्मा ने बताया कि उनकी मां सुबह करीब 5 बजे घर से निकली थीं। लगभग 5:25 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी मां सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई हैं।

## खेत पर कब्जे का विरोध करना महिला को पड़ा भारी, दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुरा में खेत पर कथित कब्जे का विरोध करना एक दलित महिला को महंगा पड़ गया। महिला का आरोप है कि गांव के चार लोगों ने उसके खेत में जबरन बुआई शुरू कर दी और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कल्यानपुरा निवासी रामवती पत्नी जगदीश अहिरवार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 26 जून 2026 को सुबह करीब 10 बजे गांव के नन्नू, ध्यानी, लाडो तथा ध्यानी की पत्नी उसके खेत में जबरन बुआई कर रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो सभी आरोपी भड़क गए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीण जगदीश, राहुल और पम्पू कुम्हार ने बीच-बचाव कर उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की, जिस पर पुलिस ने उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 352, 115(2), 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## तेज रफ्तार लोडिंग टैक्सी की टक्कर से युवक की मौत

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्र में तेज रफ्तार लोडिंग टैक्सी की टक्कर से बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम हंसारकलां निवासी रघुराज सिंह ठाकुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका पुत्र राजक्षत्रिय 24 जून 2026 को ग्राम सारसैड स्थित अपनी बहन के घर गया था। शाम करीब छह बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहा था। आरोप है कि पूराकलां-सारसैड मार्ग पर लक्ष्मी गुप्ता के खेत के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार लोडिंग टैक्सी (वाहन संख्या यूपी-94 एटी-0955) के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान 25 जून को उसकी मौत हो गई। युवक की असमय मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पिता की तहरीर पर थाना पूराकलां पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106(1), 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## आकाशीय बिजली से किशोरी की मौत

ललितपुर। महरौनी ब्लॉक की ग्राम पंचायत सैदपुर में शनिवार दोपहर अपने खेतों में दादा-दादी के साथ फसल की बुवाई कर रही एक किशोरी पर खराब मौसम के चलते आकाशीय बिजली गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्राम सैदपुर निवासी साक्षी कुशवाहा (15 वर्ष) पुत्री परमानंद कुशवाहा अपने दादा के साथ खेत में बुआई का कार्य कर रही थी। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली खेत में आ गिरी, जिसकी चपेट में आने से साक्षी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद परिजन और ग्रामीण उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका के माता-पिता रोजगार की तलाश में दिल्ली में मजदूरी करते हैं। घटना के समय साक्षी अपने दादा के साथ गांव में रह रही थी। परिवार में उसकी एक बड़ी बहन भी है, जिसका बहन की असमय मृत्यु से रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण परिजनों को सांत्वना देने उनके घर पहुंचे। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों ने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को शासन से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

# मुस्लिम तंजीमें चला रहीं अपनी सियासी दुकानें: वसीम राइन

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** सट्टी बाजार स्थित ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाजी नूरुल हसन अंसारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक हालात और मुस्लिम समाज, खासकर पसमांदा मुसलमानों से जुड़े अहम मुद्दों पर मुस्लिम समाज के नाम पर अपनी राजनीतिक दुकानें चला रहे हैं। और समाज को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की हालिया गतिविधियों और बोर्ड वर्षों से मुस्लिम समाज का नेतृत्व अपने हाथ में रखे हुए हैं।

लेकिन पसमांदा मुसलमानों को बराबरी का प्रतिनिधित्व देने में पूरी तरह विफल रहा। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड,

जमात-ए-उलेमा-ए-हिंद, जमात-ए-इस्लामी-ए-हिंद, देवबंद, इमारत-ए-शरिया आदि मुस्लिम तंजीमों और उनके जिम्मेदारों ने गरीब और पसमांदा मुस्लिम समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक न्याय और सामाजिक बराबरी, आर्टिकल 341 जैसे मूलभूत मुद्दों पर कभी गंभीर काम क्यों नहीं किया ? वे हमेशा समाज को धार्मिक मुद्दों में उलझाए रखते हैं बोर्ड को भावनात्मक और विवादित मुद्दों को हवा देने के बजाय आम मुसलमानों, खासकर पसमांदा वर्ग की शिक्षा, बेरोजगारी, सामाजिक पिछड़ापन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे वास्तविक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। कुछ लोग मुस्लिम समाज के नाम पर सिर्फ अपनी दुकान चलाने में लगे हैं। श्री राईन ने आगे कहा कि पसमांदा मुसलमान अब केवल नारों से नहीं, बल्कि ठोस सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार दिख रहे हैं।

संगठन 1 जुलाई को परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद, स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी यौमे पैदाइश पर गोष्ठी आयोजित करेगा।

# भामाशाह जयंती पर वरिष्ठ व्यापारियों का हुआ सम्मान

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दानवीर भामाशाह की जन्म जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के निर्देश पर रविवार को जिला एवं नगर इकाई द्वारा होटल आनंद रेजिडेंसी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में दानवीर भामाशाह को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए जिले के वरिष्ठ व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के अनेक वरिष्ठ व्यापारियों को दुशाला, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके व्यापार, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान की सराहना की गई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, नगराध्यक्ष महेश जैन, संजीव जैन, नवीन सिंघई, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष लखन अग्रवाल, सतीश जैन, अशोक अनौरा, राजीव पटवारी, मुकेश परवार, राजेंद्र, पंकज जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सैमसंग गैलेक्सी ए27 5जी के लॉन्च करने घोषणा

सियोल। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज गैलेक्सी ए27 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ऐसा डिवाइस है जो शानदार डिस्प्ले, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और सोच-समझकर जोड़े गए एआई फीचर्स के साथ रोजमर्रा के मोबाइल अनुभव को और बेहतर बनाता है। अपने लोकप्रिय मॉडल गैलेक्सी ए26 5जी की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, गैलेक्सी ए27 5 जी में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं जो अधिक से अधिक यूजर्स के लिए इसके इस्तेमाल को आसान और बेहतर बनाते हैं।बेहद स्मूथ और शानदार व्यूइंग एक्सपीरियंस के लिए, गैलेक्सी ए27 5जी में 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट के साथ 6.7 इंच का सुपर एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। इसमें एक अपग्रेडेड इन्फिनिटी-ओ डिस्प्ले भी पेश किया गया है, 7.8 मिमी की पतली बॉडी के साथ, गैलेक्सी ए27 5जी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसे पूरे दिन हाथ में पकड़ना बेहद आरामदायक महसूस होता है। इसके जीपीयू परफॉर्मेंस में सुधार से गेमिंग और स्ट्रीमिंग के दौरान बेहद स्मूथ ग्राफिक्स मिलते हैं, जबकि लेटेस्ट हाई-स्पीड मेमोरी तेजी से डेटा ट्रांसफर करने और बैटरी की खपत को कम करने में मदद करती है।

## एक महिला ने किया 200 ज़िंदगियों में बदलाव

नई दिल्ली। रीना सिंह की कहानी साहस, नेतृत्व और अवसरों के माध्यम से जीवन बदलने की एक प्रेरणादायक मिसाल है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जन्मी रीना को बचपन से ही अपने परिवार का पूरा सहयोग मिला। हालांकि, जीवन ने अचानक कठिन मोड़ लिया जब एक दुर्घटना में उनके पति शारीरिक रूप से काम करने में असमर्थ हो गए। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी रीना के कंधों पर आ गई। दो छोटे बच्चों की परवरिश और परिवार की ज़िम्मेदारियों के बीच उन्होंने परिस्थितियों के आगे हार मानने के बजाय अपने सपनों को नई दिशा देने का निर्णय लिया। इसी दौरान उन्हें स्वयं सहायता समूह की अवधारणा के बारे में पता चला। अपने दृढ़ संकल्प और नेतृत्व क्षमता के बल पर उन्होंने 11 महिलाओं को साथ लेकर महादेव स्वयं सहायता समूह की स्थापना की और इसकी अध्यक्ष एवं लेखाकार की जिम्मेदारी संभाली। इस पहल ने न केवल रीना को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि अनेक महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय साक्षरता और आजीविका के नए अवसरों से भी जोड़ा।

## नेटफ्लिक्स पर लॉकअपः सच या सजा का हुआ प्रीमियर

नईदिल्ली। नेटफ्लिक्स की कैप्टिव रियलिटी सीरीज लॉकअपः सच या सजा का प्रीमियर हुआ। इनमेट्स अपनी सैल्स में पहुँचे ही थे कि शो में अब तक के सबसे हैरतअंगेज सीक्रेट का खुलासा हुआ। अपने इंट्रो में आकांक्षा चमोला से, जो श्रेया कालरा और श्रेष्ठ अय्यर की सैलमेट बनी हैं, से अपना ऐसा सीक्रेट बताने को कहा गया, जो कोई नहीं जानता है। इसके बाद उन्होंने ऐसा कन्फेशन किया, जिसने न केवल उनके इनमेट्स को चौंका दिया, बल्कि उसे सुनकर जेलर फराह खान और रितेश देशमुख भी भौंचक्के रह गए। पहले दिन की यह हैरतअंगेज शुरूआत थी। लेकिन ड्रामा तो अभी शुरू ही हुआ है। लॉकअपः सच या सजा में हर इनमेट का कोई न कोई सीक्रेट है। हर सच की अपनी कीमत है और हर खुलासा गेम को बदलने की ताकत रखता है। लॉक अपः सच या सजा नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। इसके नए एपिसोड हर शनिवार से बुधवार रात 8 बजे उपलब्ध होंगे।

## वाणिज्य मंत्रालय विशेष आर्थिक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर हितधारकों से करेगा 30 जून को बैठक

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के मकसद से 30 जून को हितधारकों की बैठक बुलाई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बैठक में निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं और एसईजेड सुधारों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में एसईजेड से घरेलू शुल्क क्षेत्र (डीटीए) को दी जाने वाली सेवाओं के लिए भारतीय मुद्रा में भुगतान की व्यवस्था, डीटीए के लिए निर्यात से असंबद्ध जॉब वर्क की अनुमति, आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा, मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्रों में सुधार तथा कारोबार सुगमता को और बेहतर बनाने जैसे विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। सरकार ने इन क्षेत्रों की नीति में व्यापक सुधारों के सुझाव देने के लिए 17 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

# कंपनियों की पूंजी 88678 करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में शेयर बाजार में सीमित बढ़त के बीच देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 88,678.10 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 297.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 42.90 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई। वहीं भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 29,588.75 करोड़ रुपये बढ़कर 9,95,610.74 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 24,718.30 करोड़ रुपये बढ़कर 12,25,981.44 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 12,043.96 करोड़ रुपये बढ़कर 17,83,926.92 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का11,580.28 करोड़ रुपये बढ़कर 6,10,081.53 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 9,322.93 करोड़ रुपये बढ़कर 9,64,738 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो का।,423.88 करोड़ रुपये बढ़कर 5,80,550.83 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 35,615.21 करोड़ रुपये घटकर 11,27,348.09 करोड़ रुपये रह गया। इसी तरह एलआईसी की बाजार हैसियत 21,188.74 करोड़ रुपये घटकर 5,35,537.56 करोड़ रुपये पर आ गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 11,143.71 करोड़ रुपये घटकर 7,58,206.42 रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 5,321.83 करोड़ रुपये घटकर 5,10,624.92 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# जीएसटी के 10 सालः अब सरकार का ध्यान एआई आधारित अनुपालन, तेज रिफंड पर

नयी दिल्ली। देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली लागू होने के 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित अनुपालन, तेज रिफंड, डेटा एकीकरण और कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित हो गया है।

इसका उद्देश्य कारोबार क्षेत्रों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अनुपालन लागत कम करना और कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है। सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क के डेटाबेस को आपस में जोड़ रही है ताकि जोखिम का बेहतर आकलन किया जा सके, कर चोरी की पहचान आसान हो और मैन्युअल हस्तक्षेप कम किया जा सके। साथ ही एआई और डेटा विश्लेषण के जरिये अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और दक्ष बनाया जा रहा है। जीएसटी को देश के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में गिना जाता है। इसने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाया है, करदाताओं का दायरा बढ़ाया है, अनुपालन को मजबूत किया है और सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की है। एक जुलाई, 2017 को आधी रात में संसद के केंद्रीय कक्ष में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जीएसटी की शुरुआत की थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे गुड टैक्स बताते हुए कहा था कि इससे व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी जीएसटी लागू करने से पहले देश में केंद्र और राज्यों के 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर (सेस) लागू थे। जीएसटी में इन्हें समाहित कर पूरे देश के लिए एक समान अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू की गई, जिससे एक राष्ट्र, एक कर की अवधारणा को बल मिला। इस व्यापक सुधार को लागू करने में तत्कालीन वित्त मंत्री स्व. अरुण जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने राज्यों और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए लंबी बातचीत की थी। जेटली ने इसे दुनिया की सबसे जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणालियों में से एक के पुनर्गठन की बड़ी उपलब्धि बताया था। जीएसटी लागू होने के समय देश में पंजीकृत करदाताओं की संख्या करीब 66.5 लाख थी, जो वर्ष 2026 तक बढ़कर लगभग 1.6 करोड़ हो गई है।

## सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां बनीं ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़

नयी दिल्ली। भारत ने जब-जब किसी बड़े संकट का सामना किया है हर बार देश की सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे 2015 की विनाशकारी बाढ़ हो, कोविड-19 महामारी हो या फिर वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का संकट उत्पन्न करने वाला पश्चिम एशिया का हालिया संघर्ष।

विश्लेषकों और उद्योग जगत के अधिकारियों का कहना है कि हर राष्ट्रीय आपातकाल ने इस बात को और मजबूत किया है कि सरकारें देश की ऊर्जा जीवनरेखा को नियंत्रित करने वाली इन कंपनियों पर से अपनी पकड़ ढीली करने में क्यों कतराती रही हैं। दशकों से भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की अक्सर कम मुनाफे, ईंधन मूल्य निर्धारण में सरकारी हस्तक्षेप और बड़े परिचालन के लिए आलोचना की जाती रही है। इन्हें दो बार निजीकरण के दायरे में भी लाया गया था। वर्ष 2002 में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को बेचने की योजना ने गति पकड़ी, जिसे उच्चतम न्यायालय के एक फैसले ने रोक दिया। इसके बाद 2020 में फिर से यह प्रक्रिया शुरू की गई।

# तेल-तिलहन की कीमतों में मामूली सुधार

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी खाद्य तेल-तिलहनों के दाम में मामूली सुधार रहा। इसके चलते सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बाजार मजबूत हुए हैं पर देश के हाजिर कारोबार में मांग कमजोर रहने से कारोबारी गतिविधियां धीमी हैं। इस कारण विदेशों में जिस तरह दाम बढ़े हैं, उसकी रफ्तार देश के बाजार में धीमी है जिससे तेल-तिलहन कीमतों में मामूली सुधार नजर आया। सूत्रों ने कहा कि देश के बाजारों में उंचे दाम की वजह से सरसों की मांग बेहद कमजोर है। कारोबारी सरसों का दाम बढ़ाकर बोल रहे हैं जिससे सरसों तेल-तिलहन में सुधार दिख रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को पिछले कुछ वर्षों बाद पहली बार सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अच्छे दाम मिले हैं। वे उंची कीमत का स्वाद चख चुके हैं और प्लांट वालों द्वारा दाम घटा-बढ़ाकर बाजार प्रभावित करने के असर से बेअसर हैं। किसान अच्छे दाम पर ही सोयाबीन बेचने के पक्ष में नजर आते हैं जिससे बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन के दाम में मजबूती दिखी। विदेशों में बाजार मजबूत होने से सोयाबीन तेल कीमतों में भी बीते सप्ताह सुधार आया। लेकिन यह भी हकीकत है कि आयातक अब भी आयात लागत से नीचे दाम पर सोयाबीन, पाम-पामोलीन तेल की बिक्री कर रहे हैं जिससे बैंकों का और विशेषकर विदेशी मुद्रा का नुकसान हो रहा है। इसके अलावा तेल-तिलहन बाजार की कारोबारी धारणा प्रभावित हो रही है। सूत्रों ने कहा कि हकीकत यह है कि मूंगफली तेल का थोक दाम काफी सस्ता है और इसके दाम एमएसपी से नीचे हैं। सूरजमुखी तेल से यह लगभग 10 रुपये किलो सस्ता बैठता है। इस नीचे दाम पर मांग उभरने से बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी मामूली सुधार देखा गया। उन्होंने कहा कि देश में बिनौला की आपूर्ति कुछ हजार गांठ की रह गई है जबकि इस मौसम में इसकी आपूर्ति लाखों गांठ की रहती है।

## बीज कंपनियों के पास खरीफ के लिए अतिरिक्त भंडार उपलब्ध

नयी दिल्ली। देश की निजी बीज कंपनियों ने खरीफ फसल सत्र के लिए 20-30 प्रतिशत अतिरिक्त भंडार रखा है, लेकिन इस साल अल-नीनों के कारण मानसून के कमजोर और देरी से आने के खतरे के बीच बारिश की कमी वाले मुख्य इलाकों में समय पर बीज पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने यह बात कही।

एफएसआईआई के चेयरमैन अजय राणा ने कहा कि मक्का, धान और मोटे अनाज (मिलेट्स) के रिकॉर्ड बीज उत्पादन से इस वर्ष उद्योग पूरी तरह तैयार है। हाल ही में एक हजार किसानों पर किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि 75 प्रतिशत किसान पहले ही बीज खरीद चुके हैं, जबकि 25 प्रतिशत किसान मानसून का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बुवाई की अवधि समाप्त होने से पहले अतिरिक्त भंडार वाले क्षेत्रों से प्रभावित जिलों तक बीज पहुंचाना बेहद महत्वपूर्ण होगा।

राणा ने कहा कि हम आम तौर पर 15 से 20 प्रतिशत बफर रखने की योजना बनाते हैं, लेकिन इस वर्ष बेहतर उत्पादन के कारण कई कंपनियों के पास 20 से 30 प्रतिशत तक अतिरिक्त बीज उपलब्ध है। चुनौती बीज की उपलब्धता नहीं, बल्कि सही समय पर सही क्षेत्रों तक उसकी आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

# पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भारत के प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य घटनाक्रम के साथ-साथ विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। निवेशक औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों, एचएसबीसी के अंतिम विनिर्माण, सेवा और समग्र पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) तथा विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर विशेष नजर रखेंगे। इन आंकड़ों से घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण संकेत मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने रहेंगे। इसके अलावा, एक जुलाई को जारी होने वाले विभिन्न वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। आने वाले सप्ताह में बाजार की चाल काफी हद तक भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर निर्भर करेगी। निवेशक अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य तनाव के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति पर करीबी नजर बनाए रखेंगे। यदि दोनों पक्षों के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने या तनाव कम होने के संकेत मिलते हैं तो इससे बाजार में जोखिम लेने की धारणा मजबूत हो सकती है। वहीं, यदि तनाव और बढ़ता है तो वैश्विक आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा बाजार को लेकर निवेशकों की चिंताएं बढ़ सकती हैं। घरेलू स्तर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी, क्योंकि इसका असर कृषि उत्पादन, ग्रामीण मांग और महंगाई पर पड़ सकता है। इस सप्ताह भारत के विनिर्माण पीएमआई और मई महीने के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों के अलावा अमेरिका के विनिर्माण सूचकांक पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 297.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 42.90 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

# मेड इन इंडिया सिर्फ लेबल नहीं, गुणवत्ता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक भी : गोयल



नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि मेड इन इंडिया केवल किसी उत्पाद पर अंकित लेबल नहीं, बल्कि यह गुणवत्ता के प्रति भारत की प्रतिष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता केवल कंपनियों के प्रदर्शन का पैमाना नहीं, बल्कि देश के प्रति एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में व्यापार बोर्ड (बीओटी) की बैठक तीन जुलाई को नयी दिल्ली में आयोजित की जाएगी। बैठक में हाल में हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का अधिकतम लाभ उठाने, निर्यात को गति देने और देश के व्यापारिक लक्ष्यों को हासिल करने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। एक सरकारी अधिकारी के अनुसार, बैठक में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि, निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी), सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों सहित व्यापार और उद्योग जगत के लोग हिस्सा लेंगे। इसमें निर्यात क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों और सुझावों पर विस्तार से विचार-विमर्श होगा। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब भारत ने वर्ष 2021 के बाद से मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान तथा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को लागू किया है। इसके अलावा ब्रिटेन के साथ हुआ व्यापार समझौता 15 जुलाई से प्रभावी होने जा रहा है। सरकार को उम्मीद है कि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भी इस वर्ष के अंत तक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएंगे, जिसे अगले वर्ष लागू किया जा सकता है। यह बैठक इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि सरकार ने वर्ष 2026-27 में देश के कुल माल निर्यात को एक हजार अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी

जिसका हमें मिलकर सामना करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पृथ्वी को अधिक हरित बनाने के लिए हर संभव योगदान देने को तैयार है। उन्होंने कहा, यह हमारी विभिन्न घरेलू नीतियों, मिशन लाइफ पर दिए जा रहे विशेष जोर तथा अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा-रोधी अवसंरचना गठबंधन जैसी वैश्विक पहलों में हमारी सक्रिय भूमिका से स्पष्ट होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स की संसद को संबोधित करते हुए न्यायसंगत जलवायु कार्वाई की आवश्यकता को रेखांकित किया और कहा कि ग्लोबल साउथ , विशेष रूप से द्वीप राष्ट्र, जलवायु परिवर्तन का खामियाजा भुगत रहे हैं। मोदी ने अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पहले से ही समुद्र तट, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र, मौसम के पैटर्न और समुदायों पर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने यह भी दोहराया कि जिन देशों ने जलवायु परिवर्तन में सबसे कम योगदान दिया है, उनपर इसके परिणामों का सबसे बड़ा बोझ नहीं पड़ना चाहिए। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु कार्वाई को निष्पक्षता, जिम्मेदारी और समता पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स एक ऐसी दुनिया का दृष्टिकोण साझा करते हैं, जहां विकास अधिक समावेशी हो।

### समुद्र से

सहयोग से वडोदरा स्थित निर्माण केंद्र में तैयार किया जाएगा। मोदी ने कहा कि देश ने जून में कुछ अन्य ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जो हर नागरिक को गर्व से भर देती हैं। उन्होंने कहा, हाल में मुझे कोलकाता में नौसेना से जुड़े एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिला। वहां आईएनएस दूनागिरि, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। इन पोतों के डिजाइन से लेकर निर्माण तक सब कुछ स्वदेशी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एलआरएलएसीएम का भी जून में सफल परीक्षण किया। उन्होंने कहा, दूसरे शब्दों में कहें तो समुद्र से लेकर आकाश तक हमारा भारत लगातार अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है। डीआरडीओ ने 15 जून को ओडिशा के तट के पास एलआरएलएसीएम का सफल उड़ान परीक्षण किया था। यह पूरी तरह स्वदेशी मिसाइल है और इसकी सभी उप-प्रणालियां डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं तथा औद्योगिक साझेदारों ने विकसित की हैं। मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति को देखते हुए कुछ समय तक सोना नहीं खरीदने, विदेश में छुट्टियां मनाने से बचने और साझा वाहन से यात्रा करने की उनकी अपील मानने के लिए कार्यक्रम के दौरान नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने कहा, मैं देश के प्रत्येक नागरिक का आभारी हूं।

### लखनऊ में

तथा आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला सहित सभी संबंधित व्यक्तियों को अपना पक्ष एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया। आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला आरोपों के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। आरक्षी शुक्ला ने पिछले महीने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार वीडियो साझा करके कर्मचारियों की तैनाती में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। विभागीय जांच में उसे सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल, अनुशासनहीनता और सेवा नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया। पुलिस के अनुसार जांच में यह बात सामने आई कि उसने वरिष्ठ अधिकारियों पर बिना किसी आधार के आरोप लगाए, बिना सबूत के पुलिस विभाग की छवि खराब करने की कोशिश की, पुलिस बल में अनुशासनहीनता को बढ़ावा दिया और अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। जांच में पाया गया कि सुनील कुमार शुक्ला ने बिना अनुमति सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया नीति-2023, उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 के नियम 3, 6, 7 और 27, और उत्तर प्रदेश वर्दी विनियम का उल्लंघन किया।

### मोहर्रम पर

से अयोध्या विश्वभर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी है। ऐसे में अब समाजवादी पार्टी को भी अयोध्या की याद आने लगी है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने थानों और जेलों में होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम तक बंद करा दिए थे। कांवड़ यात्रा पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। अब हाथरस में 22 से अधिक मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया गया है, लेकिन यह कार्य समाजवादी सरकार में कभी संभव नहीं था। तब यही पैसा कब्रिस्तानों की बाउंड्रीवाल बनाने में खर्च होता था। हमने वही पैसा मंदिरों की ओर डायवर्ट किया है। कब्रिस्तानों की नहीं, मंदिरों की आवश्यकता है क्योंकि मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं। मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव को सलाह देते हुए कहा कि वे अयोध्या की चिंता छोड़ दें क्योंकि अयोध्या अपनी पहचान के लिए किसी की मोहताज नहीं है। अखिलेश जी, अयोध्या को रामभक्तों ने सजाया और संवारा है। आप उसकी चिंता मत करिए। पश्चाताप कर एक बार रामलला के दर्शन कर लीजिए, शायद सद्बुद्धि आ जाए। सपा वास्तव में धार्मिक आस्था का सम्मान करना चाहती है तो उसे खुलकर मथुरा-वृंदावन और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में बोलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन चला था, उसी प्रकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए भी अभियान चलाने की बात समाजवादी पार्टी को खुलकर करनी चाहिए। योगी ने कहा कि उनकी सरकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि आने वाले श्रद्धालुओं को सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। लेकिन समाजवादी पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है क्योंकि उसका पूरा एजेंडा केवल तुष्टिकरण की राजनीति तक सीमित है। अखिलेश जी, आपमें हिम्मत नहीं है। आप तो मुल्ला-मौलवियों के सामने घुटने टेकने के अलावा कोई ऐसा एजेंडा नहीं रखते जो प्रदेश के विकास, अयोध्या, मथुरा और काशी के उत्थान तथा उनकी पौराणिक पहचान को मजबूत करने का हो।

### फायर एनओसी

कमीशन की बैठक में एक्सप्रेसवे, औद्योगिक अवसंरचना, ग्रामीण आजीविका, ऊर्जा, कृषि, डेटा सेंटर, ईवी चार्जिंग सहित प्रदेश की विभिन्न जनहितकारी परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परियोजना निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में गत सीएम-समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि फरुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए आवश्यक 1339.04 हेक्टेयर भूमि में से 1135.57 हेक्टेयर अर्थात 84.80 प्रतिशत भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है। आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 643.60 हेक्टेयर के सापेक्ष 315.73 हेक्टेयर अर्थात 49.05 प्रतिशत, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 1539.19 हेक्टेयर के सापेक्ष 654.77 हेक्टेयर तथा जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 895.34 हेक्टेयर के सापेक्ष 266.82 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने फरुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यों हेतु निविदा प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### चढ़ावा चोरी

जहां परिजनों से पूछताछ की गई और दस्तावेजों की जांच की गई। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने कुछ आरोपियों की संपत्ति, उनके पिछले रिकॉर्ड और गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए उनके पड़ोसियों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की। अयोध्या की एक अदालत ने दो दिन पहले सभी आठ आरोपियों को 29 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अदालत में सोमवार को पेशी के दौरान पुलिस उनकी रिमांड का अनुरोध कर सकती है। गिरफ्तार आरोपियों अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लव कुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, रामशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रामाशंकर उर्फ टिन्नू यादव की ड्यूटी राम मंदिर में दान के रूप में प्राप्त नकदी और कीमती चीजों की गिनती से संबंधित कार्य में थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जांचकर्ताओं ने अब तक 79.85 लाख रुपये बरामद किए हैं। मामला भारतीय न्याय संहिता की चोरी, नौकर द्वारा चोरी, आपराधिक न्यासभंग, चोरी का माल रखने और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं के अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। यह प्राथमिकी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक रिपोर्ट की सिफारिश पर दर्ज की गई थी। इस महीने की शुरुआत में चढ़ावे के कथित गबन के आरोप सामने आने के बाद राज्य सरकार ने 13 जून को एसआईटी का गठन किया था।

### रुड़की में

वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले उद्यमी के रूप में भी आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के युवाओं को अपने ही प्रदेश में बेहतर संभावनाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पर्यटन, कृषि, बागवानी, स्थानीय उत्पादों के विपणन और स्वरोजगार को बढ़ावा

# आयरलैंड ने पहली बार भारत को 2-0 से हराया

## प्रिंस यादव ने टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू मैच में 3 विकेट लिए, टीम इंडिया ने 3 साल बाद सीरीज गंवायी

एजेंसी

बेलफास्ट। आयरलैंड ने दूसरे टी-20 में भारत को 155 रन का टारगेट दिया है। टीम ने हैरी टेक्टर के अर्धशतक (53) की बदौलत 20 ओवर में 154 रन बनाए। जवाब में भारत ने 3 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 21 रन बनाए हैं। जय मूंदड़ा ने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा को जीरो और श्रेयस अय्यर को 10 पर आउट किया। आयरलैंड के लिए चौथे विकेट के लिए टेक्टर और बेंजामिन कैलिट्ज ने अर्धशतकीय साझेदारी की। भारत की ओर से टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू कर रहे प्रिंस यादव ने 3 विकेट लिए। बेलफास्ट में खेला जा रहे इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। वैभव सूर्यवंशी को फिर डेब्यू का मौका नहीं मिला, जबकि सूर्यांश शेडगे और प्रिंस यादव ने टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया।

राजस्थान के टोंक में जन्मे भारतीय मूल के तेज गेंदबाज जय मूंदड़ा ने भारत के खिलाफ पहले टी-20 में आयरलैंड के लिए डेब्यू किया। 29 साल के मूंदड़ा ने 2021 में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में मास्टर्स की पढ़ाई के लिए आयरलैंड का रुख किया। वहां उन्होंने डबलिन के लेनस्टर क्रिकेट क्लब से खेलना शुरू किया और 2023 में आयरिश सीनियर कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। 155 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। पहले ही ओवर में जय मूंद्रा ने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को गोल्डन डक पर आउट कर भारत को दो बड़े झटके दिए। संजू एलबीडब्ल्यू हुए, जबकि अभिषेक शानदार कैच का शिकार बने। पहले ओवर के बाद भारत का स्कोर 2 विकेट पर सिर्फ 1 रन है। पारी के आखिरी ओवर में प्रिंस यादव ने दो विकेट झटके और डेब्यू टी-20 इंटरनेशनल में तीन विकेट पूरे किए। उन्होंने पहले हैरी टेक्टर को 53 रन पर विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया। आखिरी गेंद पर लियाम मैकार्थी भी ईशान के हाथों कैच आउट हो गए। प्रिंस ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए और आयरलैंड को 20 ओवर में 8 विकेट पर 154 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। हैरी टेक्टर ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके टी-20 इंटरनेशनल करियर का 100वां मैच है, जिसे उन्होंने शानदार पारी से यादगार बना दिया।

भारत को छठी सफलता अर्शदीप सिंह ने दिलाई। उन्होंने 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर जॉर्ज डॉकरेल को अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया। डॉकरेल ऑफ साइड में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को सीधे स्वीपर कवर पर खड़े अक्षर के हाथों में खेल बैठे। वह 14 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल था। 17.1 ओवर के बाद बेलफास्ट में बारिश शुरू होने के कारण मैच रोकना पड़ा। अंपायरों ने तुरंत खेल रोक दिया और खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए।

इसके बाद ग्राउंड स्टाफ ने पिच को ढकने के लिए कवर लगा दिए। बारिश रुकने के समय आयरलैंड का स्कोर 5 विकेट पर 127 रन था। हैरी टेक्टर और जॉर्ज डॉकरेल क्रीज पर मौजूद थे। 15वें ओवर में शिवम दुबे ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो गेंदों पर दो विकेट झटके। ओवर की शुरूआत में बेंजामिन कैलिट्ज ने दो छक्के लगाए, लेकिन चौथी गेंद पर वह 23 गेंदों में 37 रन बनाकर तिलक वर्मा के हाथों कैच आउट हो गए। अगली ही गेंद पर गैरेथ डेलानी बिना खाता खोले बोल्ड हो गए। इस ओवर के बाद आयरलैंड का स्कोर 15 ओवर में 5 विकेट पर 114 रन हो गया। हैरी टेक्टर और बेंजामिन कैलिट्ज ने चौथे विकेट के लिए 35 गेंदों में 50 रन जोड़े। इस साझेदारी में दोनों बल्लेबाजों ने 24-24 रन का योगदान दिया, जबकि 2 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। 11वें ओवर में आयरलैंड ने 22 रन बटोरे। सूर्यांश शेडगे के इस ओवर में बेन कैलिट्ज ने एक चौका और एक छक्का जड़ा, जबकि हैरी टेक्टर ने भी आखिरी दो गेंदों पर एक छक्का लगाया। शेडगे ने एक नो-बॉल भी फेंकी, जिससे आयरलैंड को अतिरिक्त रन मिला। 11 ओवर के बाद आयरलैंड का स्कोर 3 विकेट पर 80 रन हो गया। भारत को तीसरी सफलता प्रिंस यादव ने दिलाई। उन्होंने सातवें ओवर की तीसरी गेंद पर लॉर्कन टकर को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया।

अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर टकर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाहरी किनारा दे बैठे। वह 18 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। यह प्रिंस यादव का टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पहला विकेट भी रहा। आयरलैंड ने पावरप्ले के 6 ओवर में 2 विकेट पर 44 रन बनाए। छठे ओवर में प्रिंस यादव ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 6 रन दिए। इस ओवर में लॉर्कन टकर ने एक चौका लगाया, जबकि एक मौके पर प्रिंस यादव के सीधे थ्रो से टकर रनआउट होने से बाल-बाल बच गए। भारत को दूसरी सफलता अर्शदीप सिंह ने दिलाई। उन्होंने तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर रॉस अडेयर को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। अडायर शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके और एक्स्ट्रा कवर पर आसान कैच दे बैठे। वह 7 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें दो छक्के और एक चौका शामिल रहा। भारत को पहली सफलता हर्षित राणा ने दिलाई।

# भारत विमेंस टीम वर्ल्डकप से बाहर ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराया

लंदन। भारतीय विमेंस टीम टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। लॉर्ड्स में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हरा दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अर्धशतकीय पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 170 रन बनाए। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़कर तेज शुरूआत दिलाई। शेफाली 34 और स्मृति 38 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 27 गेंदों में 56 रन की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के लगाए। हरमनप्रीत ने जेमिमा रोड्रिग्स (34 रन, रिटायर्ड आउट) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की।

आखिरी ओवर में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सोफी मोलिन्यू पर लगातार तीन छक्के जड़कर भारत का स्कोर 170 रन तक पहुंचाया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही। रेणुका सिंह ने पहले ही ओवर में जॉर्जिया वॉल को आउट कर दिया। इसके बाद श्री चरणी ने फीबी लिचफील्ड और दीप्ति शर्मा ने बेथ मूनी का विकेट लेकर भारत को मुकाबले में बनाए रखा। विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तेज शुरूआत की है। लॉर्ड्स में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इस मैदान पर भारतीय महिला टीम पहली बार कोई टी-20 मुकाबला खेल रही है। भारत ने 17 ओवर में 2 विकेट पर 127 रन बनाए हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर जेमिमा रोड्रिग्स क्रीज पर हैं। शेफाली वर्मा को 34 रन पर सोफी मोलिन्यू ने बोल्ड कर दिया। इसी के साथ शेफाली और स्मृति के बीच अर्धशतकीय साझेदारी टूट गई। स्मृति 38 रन बनाकर रनआउट हुईं। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए हर हाल में ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा। इससे पहले दिन के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को 4 विकेट से हराकर 5 मैचों में 8 अंक हासिल कर लिए। ऑस्ट्रेलिया भी 8 अंकों के साथ लगभग सेमीफाइनल में पहुंच चुका है और उसका नेट रनरेट +4.724 है। भारत के फिलहाल 4 मैचों में 6 अंक और +2.268 का नेट रनरेट है।

ऐसे में सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए टीम इंडिया के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। भारत ने 17 ओवर में 2 विकेट पर 127 रन बना लिए हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने डेथ ओवरों में तेजी दिखाते हुए किम गर्थ के ओवर में चौका जड़ा। हालांकि यह शॉट बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर के पास से थर्ड मैन की दिशा में सीमा रेखा तक पहुंचा। इस ओवर से भारत ने 9 रन बटोरे। 17 ओवर के बाद हरमनप्रीत 18 गेंदों में 29 रन और जेमिमा रोड्रिग्स 21 गेंदों में 23 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

## संक्षेप

### श्रीकांत अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचे

फुलर्टन (अमेरिका)। भारत के स्टार खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में जापान के युदाई ओकिमोतो को हराकर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। विश्व में 38वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने विश्व रैंकिंग में 33वें नंबर के ओकिमोतो पर 72 मिनट में 22-20, 15-21, 21-19 से जीत दर्ज कर इस सत्र के अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा। युवा शटलर रौनक चौहान का शानदार अभियान दूसरे पुरुष एकल सेमीफाइनल में सु ली यांग से 17-21 19-21 से हार के साथ समाप्त हो गया। महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग 54 मिनट तक चले सेमीफाइनल में डेनमार्क की दूसरी वरीयता प्राप्त लाइन क्रिस्टोफरसन से 21-15, 11-21, 15-21 से हार गईं।

### तलवार फ्रांस में शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब

प्लेन्यूफ (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट के तीसरे दौर में इवन पार 70 का कार्ड खेलने के दौरान तीन बर्डी और तीन बोगी लगाईं जिससे वह शीर्ष 10 में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं। वह अब 54 होल में पांच अंडर पर हैं। उन्होंने इससे पहले 68 और 67 के कार्ड खेले। इस सत्र में डीपी विश्व पीजीटीआई टूर रैंकिंग में सबसे आगे चल रहे तलवार अब संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर हैं और अभी एक दौर और बाकी है। डीपी विश्व पीजीटीआई टूर में शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी को अगले सत्र के लिए डीपी विश्व टूर में जगह मिलती है जबकि होटल प्लानर रैंकिंग के शीर्ष 15 खिलाड़ियों को भी मुख्य टूर में जगह मिलती है। इसका मतलब है कि तलवार के पास आगे बढ़ने के दो जरिए हैं।

### भारत व श्रीलंका ए मैच ड्रॉ पर छूटा

गॉल (श्रीलंका)। देवदत्त पडिक्कल ने रविवार को भारत ए की दूसरी पारी में संयमित अर्धशतक जड़ा जिसके बाद श्रीलंका ए के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खराब मौसम की वजह से चौथे और अंतिम दिन ड्रॉ पर छूटा। भारत ए ने दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए 48 रन से खेलना शुरू किया और पडिक्कल ने 101 गेंद में पांच चौकों की मदद से 67 रन बनाए। आयुष पांडे (38) और हर्ष दुबे (29) ने भी योगदान दिया जिससे भारत ए ने 57 ओवर में आठ विकेट पर 189 रन बनाकर अपनी दूसरी पारी घोषित की और श्रीलंका ए के सामने जीत के लिए 312 रन का लक्ष्य रखा।

# नागल ने दो साल बाद जीता अपना पहला चैलेंजर खिताब

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रोमानिया के टार्गु मुरेस में खेले गए इंटारो ओपन क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रांस के क्वालीफायर फेलिक्स बालशॉ को 6-3, 7-5 से हराकर दो साल से ज्यादा समय में अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता। शनिवार को मिली इस जीत के साथ ही चैलेंजर स्तर पर नागल का खिताबी सूखा भी खत्म हो गया।

इससे पहले उन्होंने जून 2024 में जर्मनी में हेलब्रॉन चैलेंजर जीता था। यह इस 28 वर्षीय खिलाड़ी का कुल सातवां एटीपी चैलेंजर एकल खिताब था और क्ले कोर्ट पर यह उनकी पांचवीं ट्रॉफी थी जो इस कोर्ट के प्रति उनके लगाव को दर्शाती है।

नागल खराब दौर के बाद अपनी रैंकिंग को फिर से बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं और इस खिताब से उन्होंने 75 एटीपी रैंकिंग अंक हासिल किए। उम्मीद है कि नयी रैंकिंग जारी होने पर वह दुनिया में लगभग 219वें नंबर पर पहुंच जाएंगे।

उन्हें अपनी इस कामयाबी के लिए 15,510 यूरो की पुरस्कार राशि भी मिली। भारतीय खिलाड़ी ने बेसलाइन से शानदार खेल दिखाते हुए पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि बालशॉ मुकाबले में बने हुए थे।

# मेस्सी का एक और विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

अर्जेंटीना ने क्लीन स्वीप किया

अलिंगटन। लियोनेल मेस्सी ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया जबकि जियोवानी लो सेल्सो मौजूदा विश्व कप में इस स्टार स्ट्राइकर के अलावा गोल करने वाले अर्जेंटीना के पहले खिलाड़ी बने जिससे मौजूदा चैंपियन ने जॉर्डन को 3-1 से हराकर ग्रुप चरण में तीनों मैच जीतकर क्लीन स्वीप किया। विश्व कप में अपने पहले मैच में खेल रहे लो सेल्सो ने 19वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई।

मेस्सी ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में दूसरे हाफ में मैदान पर उतरने के बाद एक गोल दागा। इस तरह से मेस्सी लगातार सात विश्व कप मैचों में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने अपना 19वां गोल करके विश्व कप में सर्वाधिक गोल के अपने रिकार्ड को भी आगे बढ़ाया। मेस्सी ने 80वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के ठीक बाहर फाउल होने के बाद फ्री किक पर गोल किया। इस टूर्नामेंट में छह गोल के साथ शीर्ष पर चल रहे मेस्सी अर्जेंटीना के उन नौ खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें शुरुआती लाइनअप में नहीं रखा गया था क्योंकि उसकी टीम ग्रुप जे में पहले ही पहला स्थान सुनिश्चित कर चुकी थी। मेस्सी ने अपने 39वें जन्मदिन के तीन दिन बाद 60वें मिनट में मैदान पर प्रवेश किया और फिर गोल करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। उन्होंने सोमवार को इसी स्टेडियम में विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ा था।

# अफ्रीका की नौ टीमें विश्व कप के नॉकआउट में

एजेंसी

अटलांटा। कांगो की शनिवार रात को उज्बेकिस्तान पर 3-1 की जीत और अल्जीरिया के ऑस्ट्रिया के साथ मैच 3-3 से ड्रॉ खेलने के बाद अफ्रीका महाद्वीप की रिकॉर्ड नौ टीम विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में जगह बनाने में सफल रही।

अब तक 17 दिन तक चले मुकाबलों के बाद मोरक्को, दक्षिण अफ्रीका, सेनेगल, आइवरी कोस्ट, घाना, केप वर्दे, मिस्र, अल्जीरिया और कांगो ने राउंड 32 के लिए क्वालीफाई किया। अफ्रीका के 10 देशों ने ऐतिहासिक रूप से 2026 विश्व कप के क्वालीफाई किया था। मोरक्को चार साल पहले कतर में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाला पहला अफ्रीकी देश था और अब फिर से आगे तक जाने में सक्षम दिखता है क्योंकि उसने ब्राजील को 1-1 से ड्रॉ पर रोका है। वह 2030 में विश्व कप के अगले चरण का सह-मेजबान भी है।

अब तक केवल छह अफ्रीकी देशों ने नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई किया था। इस साल के टूर्नामेंट ने अफ्रीकी फुटबॉल की गहराई को दिखाया है जिसमें केप वर्दे और कांगो दोनों ने राउंड 32 में पहुंचकर हैरान किया है। कांगो अब अगले मुकाबले में इंग्लैंड से भिड़ेगी जो एक बड़ी चुनौती है। कांगो के लिए फॉरवर्ड फिस्टन मायेले ने 78वें मिनट में गोल किया। उनका गोल प्लेयर ऑफ द मैच योएन विस्सा के दो गोल (68वें मिनट में और 90)।

### लखनऊ के तेजस ने जीता जिंद में टेनिस खिताब

लखनऊ। हरियाणा के जिंद में स्थित श्री राम लॉन टेनिस अकादमी में ऑल इंडिया रैंकिंग चैंपियनशिप सीरीज टूर्नामेंट आयु वर्ग अंडर 14 और 16 का आयोजित किया गया जिसमें लखनऊ के तेजस सिंह ने आयु वर्ग अंडर 14 का खिताब अपने नाम किया और अंडर 16 में वह रनर रहे। तेजस पहले राउंड में ध्रुव अहिर से 3-6, 6-2, (10-4) से प्री क्वार्टर में परीक्षित दुहान से 6-1, 6-1 से क्वार्टरफाइनल में एथन सागर लहोती से 3-6, 6-1, 6-4 से सेमीफाइनल में कृष्णा सिंह से 3-6, 6-1, 6-2 से जीत कर फाइनल में पहुंचे फाइनल में फर्गन भाटिया से 6-2, 6-1 से जीत कर अंडर 14 सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया। वही अंडर 16 में पहले राउंड में वंश सांगवान से 6-2, 6-2 से प्री क्वार्टर में किआन चिराग शाह से 6-1, 6-0 से क्वार्टरफाइनल में अभी नूर वॉक ओवर मिला सेमीफाइनल में कृष्णा सिंह से पहला सेट 6-2 से जीत दूसरे सेट में अपोनेंट ने किसी कारण से कन्सीड कर दिया।

# उज्बेकिस्तान को हराकर कांगो पहली बार पहुंचा नॉकआउट में

अटलांटा। योआने विस्सा के दो गोल और फिस्टन मायेले के एक गोल की मदद से कांगो ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कांगो ग्रुप के में कोलंबिया और पुर्तगाल के बाद तीसरे स्थान पर रहा। उसने चार अंक हासिल किए जो अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थे। कांगो राउंड ऑफ 32 में अटलांटा में बुधवार को इंग्लैंड का सामना करेगा। दूसरी तरफ उज्बेकिस्तान को अपने तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। अफ्रीकी देश कांगो 52 साल के अंतराल के बाद विश्व कप में भाग ले रहा है। उसकी तरफ से विस्सा ने 68वें और इंजरी टाइम के पहले मिनट में गोल किए जबकि मायेले ने 78वें मिनट में गोल दागा। उज्बेकिस्तान ने एल्डोर शोमुरोदोव के पहले हाफ के शुरू में किए गए गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली थी। उसने अगले 58 मिनट तक बढ़त कायम रखी जिससे ऐसा लग रहा था कि कांगो की जीत की उम्मीदें खत्म हो जाएंगी। लेकिन अपने पहले मैच में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल को 1-1 से ड्रॉ पर रोककर विश्व कप के सबसे चौंकाने वाले परिणामों में से एक को अंजाम देने वाली कांगो की टीम ने जोरदार वापसी की। शोमुरोदोव के 10वें मिनट में किए गए गोल से पिछड़ने के बाद कांगो ने 68वें मिनट में बराबरी की जब अब्दुकोदिर खुसानोव ने विस्सा को बॉक्स के अंदर गिरा दिया गया।

# विश्व चैंपियनशिप का अपने देश में आयोजित होना ऐतिहासिक : सिंधू

एजेंसी

नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने नयी दिल्ली में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप को भारतीय बैडमिंटन के लिए ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि अपने देश में इस खेल के सबसे बड़े खिताब के लिए मुकाबला करने का मौका इस टूर्नामेंट को और भी खास बना देगा।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने आधिकारिक तौर पर विश्व चैंपियनशिप के लिए 50 दिन की उल्टी गिनती शुरू कर दी है जिसका आयोजन 17 से 23 अगस्त तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा। यह प्रतियोगिता 17 साल बाद भारत में वापसी करेगी और राष्ट्रीय राजधानी में पहली बार इसका आयोजन होगा। सिंधू 2019 में बासेल में खिताब जीतकर भारत की एकमात्र विश्व चैंपियन बनी थीं। सिंधू ने कहा, विश्व चैंपियनशिप मेरे करियर के सबसे खास टूर्नामेंट में से एक रही है।

मेरे कुछ सबसे यादगार पल, सबसे मुश्किल सबक और सबसे फक्र करने वाली उपलब्धियां इसी मंच पर मिली हैं। उन्होंने कहा, भारत में अपने ही प्रशंसकों के सामने विश्व चैंपियनशिप में खेलने का मौका इसे और भी विशेष बनाता है। ऐसा मौका कम ही मिलता है जब आप घर पर विश्व खिताब के लिए मुकाबला कर सकें।

मैं उस माहौल का अनुभव करने और उन सभी लोगों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं जिन्होंने इतने वर्षों मेरा समर्थन किया है। तीस साल की सिंधू ने कहा कि इस टूर्नामेंट की मेजबानी देश में खेल के विकास को दर्शाती है। उन्होंने कहा, भारतीय बैडमिंटन के लिए 17 साल बाद विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करना एक ऐतिहासिक पल है और यह दिखाता है कि हमारे देश में यह खेल कितनी दूर आ गया है। यह हम सभी के लिए गर्व का मौका है और मैं ऐसे टूर्नामेंट का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं।

# गोल्फ : विक्रम सिसोदिया ओवर ऑल चैंपियन

खेल संवाददाता

लखनऊ। द पाम्स गोल्फ क्लब एंड रिसॉर्ट में रविवार को आयोजित 'द पाम्स गोल्फ टूनार्मेंट 2026 झ्र मंथली मेडल राउंड' में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 51 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न श्रेणियों में कड़े मुकाबले देखने को मिले।

प्रतियोगिता का ओवर ऑल चैंपियन बनने का गौरव विक्रम सिसोदिया ने हासिल किया। वहीं 0-10 हैंडीकैप वर्ग में कर्नल एन. एस. चौहान विजेता और अभय श्रीवास्तव उपविजेता रहे। 11झ्र18 हैंडीकैप वर्ग में अनुभव श्रीवास्तव ने पहला तथा विष्णुकांत पाण्डेय ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

द पाम्स गोल्फ क्लब के मंथली मेडल राउंड में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

वेटरन्स वर्ग में हर्ष रस्तोगी ने खिताब अपने नाम किया, जबकि ब्रिगेडियर आर. के. श्रीवास्तव उपविजेता रहे। जूनियर/स्पेशल वर्ग में मास्टर शब्द अग्रवाल विजेता और कुमारी आलिया सिसोदिया उपविजेता रहीं। प्रतियोगिता के दौरान विशेष कौशल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। होल नंबर-3 पर 'नियरेस्ट टू द पिन' का पुरस्कार ऋषि दुग्गल ने 12 फीट की दूरी के साथ जीता, जबकि होल नंबर-1 पर 'लॉन्गेस्ट ड्राइव' का पुरस्कार संजय सिंह को मिला। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ रहे।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति मसूदी, मेजर जनरल मुकेश अग्रवाल (सेवानिवृत्त) सहित क्लब के अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों की खेल भावना की सराहना की।

### क्रोएशिया नॉकआउट में पहुंचा, घाना भी आगे बढ़ा

फिलाडेल्फिया। लुका मोड्रिक ने कॉर्नर किक को छह गज वाले बॉक्स के शीर्ष तक पहुंचाया और निकोला वलासिच ने कई खिलाड़ियों की मौजूदगी में ऊंची छलांग लगाकर गेंद को हेडर से गोल में पहुंचा दिया जिससे क्रोएशिया ने घाना को 2-1 से हराकर शान के साथ विश्व कप फुटबॉल के अगले दौर में जगह बनाई। इस तरह से 40 वर्षीय मोड्रिक विश्व कप इतिहास में गोल में मदद करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। क्रोएशिया की तरफ से वलासिच (83वें मिनट) के अलावा पीटर सुसिच (31वें) ने भी गोल किया। घाना के लिए डेरिक लुकासेन ने 73वें मिनट में बराबरी का गोल दागा था। इस जीत से क्रोएशिया ने छह अंक लेकर ग्रुप एल में इंग्लैंड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया जबकि घाना चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। घाना इस हार के बावजूद तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम होने के कारण नॉकआउट राउंड में जगह बनाने में सफल रहा, जहां उसका सामना कोलंबिया से होगा। क्रोएशिया नॉकआउट राउंड में पुर्तगाल से भिड़ेगा।

# अंकित यादव व जय ने नेशनल रोइंग में जीता कांस्य

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अंकित यादव व जय चौधरी की जोड़ी ने अंडर-23 व प्रथम पैरा नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में अंडर-23 पुरुष काक्सलेस पेयर्स (बीएम 2-) स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा ने इस उपलब्धि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुणे के आर्मी रोइंग नोड में गत 24 जून से 27 जून, 2026 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में यूपी की जोड़ी ने देश भर के खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अंकित और जय ने फाइनल मुकाबले में 08:08.5 का समय निकालते हुए तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य पदक अपने नाम किया। इस चैंपियनशिप में यूपी टीम के कोच एन आईएस प्रशिक्षक अशोक कुमार रहे है। प्रदेश की पदक विजेता जोड़ी में अंकित यादव उत्तर प्रदेश के देवरिया के रहने वाले हैं जबकि जय चौधरी अलीगढ़ के निवासी हैं। दोनों ही प्रतिभावान खिलाड़ी वर्तमान में गोरखपुर स्थित रामगढ़ताल में अपनी तैयारियों को धार दे रहे हैं और कोच अशोक कुमार की निगरानी में कड़ा प्रशिक्षण ले रहे हैं।

पुणे के आर्मी रोइंग नोड में आयोजित चैंपियनशिप में काक्सलेस पेयर्स में चमके यूपी के लाल

इस स्पर्धा में बेहद कड़े मुकाबले के बाद सर्विसेज के सचिन व हर्ष चौधरी की जोड़ी ने 7:52.9 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि मध्य प्रदेश के हर्ष प्रताप सिंह व देवराज रावत ने 08:01.7 के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। यूपी के अंकित व जय की इस सफलता पर उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डा.दिनेश शर्मा (सांसद), संरक्षक पवन सिंह चौहान (एमएलसी), अध्यक्ष रानी पक्षालिका सिंह (एमएलए), चेयरमैन रेणुका मिश्रा (आईपीएस), चयन समिति के चेयरमैन आदित्य मिश्रा (सेवानिवृत्त आईपीएस) ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

गोरखपुर के रामगढ़ताल में निखर रहा यूपी के रोअर्स का हुनर, नेशनल में लहराया परचम

# भारत में लागू करेंगे एनिमिया मुक्त अभियान

## जे.पी. नड्डा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद की 16वीं बैठक में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के क्रियान्वन के लिए दिशानिर्देश जारी करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में एनीमिया (रक्त की कमी) से निपटने के प्रयासों को गति देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा सोमवार को यहां होने वाली केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद (सीसीएचएफडब्ल्यू) की 16वीं बैठक में एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) अभियान के क्रियान्वन के लिए दिशानिर्देश जारी करेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में बताया इन दिशा-निर्देशों के तहत मौजूदा रणनीति के ढांचे में विस्तार किया जाएगा।

बयान में बताया गया कि इसमें सातवां लाभार्थी समूह, सातवां उपाय और सातवां संस्थागत तंत्र शामिल किया जाएगा। बयान के मुताबिक, जीवन के प्रारंभिक चरण से ही एनीमिया की समस्या के समाधान के महत्व को देखते हुए, जन्म के समय कम भार (एलबीडब्ल्यू) वाले शिशुओं (0-6 महीने) को सातवें लाभार्थी समूह के रूप में शामिल किया जाएगा। बयान में बताया गया कि आयरन युक्त और विविध आहारों के नियमित सेवन को दैनिक आदत के रूप में सही खान-पान के दृष्टिकोण को सातवें उपाय के रूप में शामिल किया जाएगा जबकि डिजिटल ट्रैकिंग द्वारा

समर्थित एक मजबूत निगरानी और मूल्यांकन ढांचा सातवें संस्थागत तंत्र के रूप में कार्य करेगा। बयान के मुताबिक, इस अभियान की एक प्रमुख विशेषता टी3 (जांच, उपचार, चर्चा) से टी4 (जांच, उपचार, चर्चा और निगरानी) दृष्टिकोण में परिवर्तन होगा। संशोधित रणनीति में हीमोग्लोबिन की जांच को और गहन बनाने, राष्ट्रीय एनीमिया प्रबंधन प्रोटोकॉल के अनुसार आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया का उपचार करने, लाभार्थियों की व्यवस्थित निगरानी करके उन्हें रेफरल और फॉलो-अप के लिए भेजने और स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को प्रोत्साहित करने के लिए लक्षित परामर्श देने पर जोर दिया जाएगा।

बयान में बताया गया कि गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में गंभीर एनीमिया और उपचार के प्रति अनुत्तरदायी मामलों के प्रबंधन के लिए, फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज (एफसीएम) और आयरन सुक्रोज का उपयोग कर आयरन थेरेपी को एक महत्वपूर्ण नैदानिक उपाय के रूप में शामिल किया जाएगा। इन दिशा-निर्देशों के माध्यम से लाभार्थी समूहों में एनीमिया सेवाओं की निगरानी के लिए एक मजबूत डिजिटल प्रणाली स्थापित की जाएगी। गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच के रिकॉर्ड जननी पोर्टल के माध्यम से एकत्र किए जाएंगे जबकि बच्चों के रिकॉर्ड आरबीएसके और यू-विन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। सीसीएचएफडब्ल्यू की 16वीं बैठक के दौरान क्रियान्वन दिशा-निर्देशों का विमोचन पोषण और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराएगा तथा एक स्वस्थ एवं एनीमिया मुक्त भारत की दिशा में प्रगति को और तेज करेगा।

# रणनीतिक प्रौद्योगिकी में भारत-अमेरिका सहयोग को आगे बढ़ाने में निजी क्षेत्र की भूमिका अहम : नायडू

एजेंसी

वाशिंगटन। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के. नागराज नायडू ने कहा कि रणनीतिक प्रौद्योगिकियों में भारत और अमेरिका में बढ़ते सहयोग के बीच कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर, क्वांटम प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को वास्तविक परिणामों में बदलने में निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सिक्योरिंग द फाउंडेशंस ऑफ एआई ट्रुगेदरः यूएस-इंडिया कोऑपरेशन फ्रॉम मिनरल्स टू माइक्रोचिप्स विषय पर आयोजित एक गोलमेज बैठक में नायडू ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हाल की पहलें रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग की मजबूत नींव रख रही हैं। नायडू ने कहा, भारत और अमेरिका ने 21वीं सदी के अनुरूप एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी विकसित की है। एआई, क्वांटम प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, उन्नत ऊर्जा और विश्वसनीय आपूर्ति शृंखलाओं से जुड़ी पहलों के माध्यम से हम अब सिद्धांतों से आगे बढ़कर परियोजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ रहे हैं। निजी क्षेत्र इन रूपरेखाओं को वास्तविक दुनिया के परिणामों में बदलने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस बैठक का आयोजन सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच ने भारतीय दूतावास और सिल्वरैडो पॉलिसी एक्सीलेटर के सहयोग से किया था। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर केंद्र के रूप में भारत के तेजी से उभरने की रूपरेखा प्रस्तुत की। कृष्णन ने कहा, भारत वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखला में खुद को एक विश्वसनीय और महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थापित कर रहा है। हमारा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से विस्तार कर रहा है।

## संक्षेप

### जापान तट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप

तोक्यो। जापान के उत्तर-पूर्वी हिस्से में रविवार तड़के 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी।

भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है और जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है लेकिन तूफानी मौसम के दौरान लगातार आ रहे भूकंपों ने भूस्खलन की आशंका बढ़ा दी है। इवाते प्रांत के तट के पास रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर भूकंप आया। इसका केंद्र करीब 40 किलोमीटर (25 मील) की गहराई में था। भूकंप के झटके आओमोरी प्रांत और आसपास के अन्य क्षेत्रों में भी महसूस किए गए। जापान में भूकंप और सुनामी का खतरा बना रहता है।

जापान में हाल में कई भूकंप आए हैं जिनमें बृहस्पतिवार को आया 7.2 तीव्रता का भूकंप भी शामिल है। यह भूकंप उसी इलाके के पास आया था जहां रविवार को भूकंप महसूस किया गया। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि अभी और भूकंप आ सकते हैं। माउंट फूजी के पास और तोक्यो के पश्चिम में स्थित यामानाशी प्रांत तथा आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को 5.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

# भारत ने पाकिस्तान के आरोपों को किया खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने रविवार को कराची में एक सैन्य अड्डे पर हुए हमले में नयी दिल्ली का हाथ होने के पाकिस्तान के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि पड़ोसी देश को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए तथा अपनी धरती पर आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्वाई करनी चाहिए। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार रात कराची में सिंध रेंजर्स मुख्यालय पर आतंकी हमले को विफल करते हुए छह आतंकवादियों को मार गिराया और एक घायल हमलावर को जीवित पकड़ लिया। इस हमले में अर्द्धसैनिक बल के चार जवानों की भी मौत हो गई। पाकिस्तान सरकार के कुछ मंत्रियों ने हमले में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने कराची में हालिया घटना के संबंध में भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने वाली पाकिस्तानी रिपोर्ट देखी हैं। प्रवक्ता ने कहा, हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं।

# वेनेजुएला में राहत सामग्री समय पर पहुंचना चुनौती

एजेंसी

फ्लोरिडा।(द कन्वरसेशन) वेनेजुएला में 24 जून, 2026 को आए दो शक्तिशाली भूकंपों ने पहले से ही गंभीर मानवीय संकट का सामना कर रहे इस देश में लोगों का जीवन और भी मुश्किल बना दिया है।

इस आपदा से पहले ही लाखों वेनेजुएलावासी पर्याप्त भोजन, दवाइयों, ईंधन और जीवनयापन के लिए जरूरी बुनियादी सेवाएं जुटाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। अब वहां पहले से कहीं अधिक लोगों को तत्काल आश्रय, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छ पेयजल, भोजन और अन्य सहायता की जरूरत

है। मैं मानवीय सहायता के क्षेत्र का शोधकर्ता हूं और लातिन अमेरिका में मानवीय राहत कार्यों के प्रबंधन का 10 वर्ष से अधिक का अनुभव रखता हूं। इन दिनों मैं आपदा क्षेत्र में राहत एवं बचाव अभियानों पर एक पाठ्यक्रम पढ़ा रहा हूं। इस पाठ्यक्रम के स्नातकोत्तर छात्र पहले से ही यह समझ रहे थे कि लातिन अमेरिका में भूकंप और अन्य आपदाओं के बाद पुनर्वास की सफलता मजबूत स्थानीय साझेदारों, भरोसेमंद आपूर्ति व्यवस्था और सबसे अधिक प्रभावित लोगों तक समय पर सहायता पहुंचने पर निर्भर करती है।

अब इन भूकंपों के बाद उन्हें यह भी देखने को मिलेगा कि इस तरह की त्रासदी वास्तविक समय में किस तरह सामने आती है। क्या विदेशों में रह रहे वेनेजुएलावासी अपने परिजनों से संपर्क कर पा रहे हैं? अब भी 50,000 से अधिक लोग लापता हैं। ऐसे में शुरुआती जानकारी में मरने वालों और घायलों का जो आंकड़ा दिया गया है, वह बढ़ सकता है।

# सम्राट चौधरी रबर स्टांप मुख्यमंत्री हैं : तेजस्वी

एजेंसी

पटना। बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ने के आरोपों को लेकर राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को सम्राट चौधरी को रबर-स्टांप मुख्यमंत्री बताया और कहा कि उनमें काबिलियत की कमी है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर सवाल उठाए और कहा कि सरकारी खजाना खाली होने के कारण वेतन और पेंशन में देरी हुई है। यादव ने कहा, राज्य एक नाजुक वित्तीय स्थिति से गुजर रहा है। निधि की कमी के कारण वेतन भुगतान में देरी हुई है और सरकारी योजनाओं व विकास परियोजनाओं पर बुरा असर पड़ा है। राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध का बोलबाला है। कुछ चुनिंदा नौकरशाह सरकार चला रहे हैं। सम्राट चौधरी एक रबर-स्टांप मुख्यमंत्री हैं। सम्राट चौधरी अंगूठा छाप हैं और उनमें काबिलियत की कमी है। वह अपने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों पर काम कर रहे हैं। रबर-स्टांप मुख्यमंत्री का आशय नाममात्र के मुख्यमंत्री से है जो खुद निर्णय नहीं लेता हो।

उन्होंने दावा किया कि राज्य में पूरी तरह से अराजकता फैली हुई है और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बिहार सरकार को राशि नहीं दे रही है। हाल ही में राज्य सरकार ने पेंशन का भुगतान करने और कुछ योजनाओं के लिए आकस्मिक निधि से 3,660 करोड़ रुपये निकाले। यादव ने कहा कि राज्य सरकार कल्याणकारी उपायों के लिए नियमित बजट प्रावधान करने के बजाय आपातकालीन फंड पर निर्भर है। राज्य के कथित टेंडर घोटाले पर यादव ने कहा, राज्य में करोड़ों रुपये के टेंडर घोटाले ने राजग नेताओं, खासकर भाजपा नेताओं की पोल खोल दी है। इससे पता चलता है कि राज्य में भ्रष्टाचार किस हद तक फैला हुआ है। राज्य सरकार इस घोटाले में शामिल कुछ बड़े लोगों को बचा रही है, यही वजह है कि हाल ही में आरोपपत्र दाखिल करने वाली विशेष सतर्कता इकाई (एसवीयू) ने इस मामले में कुछ अधिकारियों समेत केवल सात लोगों के नाम शामिल किए हैं। यादव ने आरोप लगाया कि इस घोटाले में सिर्फ अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग, के अधिकारियों को निशाना बनाया जा रहा है।

# वीबी जी राम जी पर कांग्रेस चिंतित

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर लाए जा रहे विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)

**केंद्र ने जबरन पारित किया बिल : जयराम रमेश**

अधिनियम (वीबी जी-राम जी अधिनियम) को लेकर कई राज्यों ने चिंताएं जताई हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि नया कानून केवल केंद्रीकरण और राज्यों पर बढ़ते वित्तीय बोझ की गारंटी देगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हमेशा की तरह प्रतिशोधी और तुच्छ राजनीति से प्रेरित मोदी सरकार ने ग्रामीण विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति, राज्य सरकारों और अन्य संबंधित पक्षों से गहन

परामर्श किए बिना ही मनरेगा को समाप्त करने का विधेयक संसद से जबरन पारित करा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अब यह सामने आ रहा है कि मनरेगा के बदले लायी गयी और एक जुलाई से शुरू होने वाली वीबी जी राम जी योजना को लेकर कई राज्यों ने गंभीर चिंताएं जतायी हैं। रमेश ने कहा कि मध्यप्रदेश, बिहार और उत्तराखंड जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित प्रदेशों ने राज्यों पर डाले जाने वाले भारी अतिरिक्त वित्तीय बोझ का विरोध किया है।

उन्होंने कहा कि चार अन्य राज्य सरकारों ने खेती के व्यस्त मौसम के दौरान इस योजना में प्रस्तावित ब्लैकआउट अवधि (जिस दौरान योजना के तहत काम उपलब्ध नहीं होगा) का विरोध किया है। कम से कम पांच राज्यों ने ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाने की मांग की है। रमेश ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अपना गृह राज्य मध्य प्रदेश भी मोदी सरकार की इस नयी महत्वाकांक्षी योजना को लेकर चिंता जता रहा है। उन्होंने कहा, मनरेगा ने संविधान से प्राप्त काम के अधिकार की गारंटी दी थी। जबकि वीबी जी-राम जी केवल केंद्रीकरण और राज्यों पर बढ़ते वित्तीय दबाव की गारंटी देगा।

# मिठाई विक्रेता को गोली मारने वाले को उम्रकैद

नयी दिल्ली। दिल्ली में कतार में लगे दूसरे लोगों से पहले जलेबी नहीं देने से नाराज होकर मिठाई विक्रेता को गोली मारने के जुर्म में अदालत ने एक व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह घटना 12 वर्ष पहले की है। बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास एक मिठाई की दुकान पर, 18 फरवरी 2014 को जब विक्रेता ने कम तोड़ने से मना किया, तो आरोपी ने उसे थप्पड़ मारा, अपनी पिस्तौल निकाली और बेहद नजदीक से उसके सिर में गोली मार दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरेन्द्र राणा, नीरज को सजा सुनाने के मामले में दलील सुन रहे थे।

## इंटरटेनमेंट...

# मिर्जापुर : कालीन भैया, गुड्डू पंडित और बबलू की वापसी

**मुंबई।** मिजार्पुर सीरीज के 3 कामयाब सीजन के बाद मिजार्पुरः द मूवी का टीजर आज जारी हो चुका है। ये फिल्म 4 सितंबर को थिएटर में कई भाषाओं में रिलीज होने वाली है। एक्सेल मूवीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किए गए 2 मिनट 22 सेकेंड के टीजर में गुड्डू पंडित (अली

**मिर्जापुर : द मूवी का टीजर रिलीज**

फजल), कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) और मुन्ना भैया (दिव्येंदु शर्मा) के दमदार डायलॉग दिखाए गए हैं। हालांकि दिव्येंदु शर्मा का रोल फिल्म में कम होने वाला है। टीजर में कुछ गिने चुने नए किरदारों के अलावा, बैकड्रॉप, थीम और सब कुछ पुरानी सीरीज की तरह ही नजर आ रहा है। रवि किशन के किरदार से फिल्म में नयापन आने की उम्मीद है, लेकिन अगर लगभग सभी किरदार पुराने हैं, तो कहानी पर ही दर्शकों की पूरी नजरें टिकी होंगी। फिलहाल टीजर को देखकर कहानी का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। टीजर की एक खास बात ये भी है कि इसमें मिजार्पुर सीरीज से स्वीटी के किरदार को भी दोबारा जोड़ा गया है,

जिन्हें पहले ही सीजन में मरता हुआ दिखाया गया था। मिजार्पुरः द मूवी 4 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी। फिल्म को अमेजन टक्नट स्टूडियोज और रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म को गुरमीत सिंह ने डायरेक्ट किया है और कहानी पुनीत कृष्णा ने लिखी है। कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी को-प्रोड्यूसर हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु शर्मा के अलावा श्वेता त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार, रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता गौर, सुशांत सिंह, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, कुलभूषण खरबंदा, सोनल चौहान, प्रमोद पाठक और अनंग्शा बिस्वास भी नजर आएंगे। 'मिजार्पुर' भारत की सबसे लोकप्रिय क्राइम-एक्शन वेब सीरीज में से एक है। यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और मिजार्पुर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। 'मिजार्पुर' का पहला सीजन 16 नवंबर 2018 को रिलीज हुआ था, जिसमें कुल 9 एपिसोड थे। इसके बाद दूसरा सीजन 23 अक्टूबर 2020 को आया, जिसमें 10 एपिसोड शामिल थे। वहीं, तीसरा सीजन 5 जुलाई 2024 को रिलीज किया गया। इस सीजन में भी कुल 10 एपिसोड थे।

# सलमान खान निभा सकते हैं कर्ण का किरदार

**मुंबई।** सलमान खान अब एक बड़े बजट की पीरियड फिल्म में नजर आ सकते हैं। सलमान खान फिल्म में महाभारत के प्रमुख पात्र कर्ण का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म का डायरेक्शन नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा करेंगे, जबकि इसे फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी और तुरंत इसके लिए हामी भर दी। इस रोल के लिए सलमान खान अपने लुक में बड़ा बदलाव करेंगे। फिल्म को राकेश ओमप्रकाश मेहरा, एक्सेल एंटरटेनमेंट और सलमान खान का अहम प्रोजेक्ट बताया जा रहा है। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

# पहली बार ऑस्कर में भी कास्टिंग के लिए अवॉर्ड

मुंबई। 'मेड इन इंडियाः ए टाइटन स्टोरी' के लिए नसीर के चयन से यह साबित हुआ कि सटीक कास्टिंग कहानी को नई ऊंचाई दे सकती है। किसी फिल्म या वेब सीरीज की सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि किस किरदार के लिए किस कलाकार को चुना गया। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय सिनेमा में कास्टिंग की सोच पूरी तरह बदल गई है। एक दौर ऐसा भी था, जब कलाकार एक ही तरह के किरदारों में सिमट जाते थे। कभी जगदीश राज खुराना ने 144 फिल्मों में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन अब हर किरदार के लिए सबसे उपयुक्त चेहरा तलाशा जाता है।

ए टाइटन स्टोरी' में नसीरुद्दीन शाह का जेआरडी टाटा बनना हो, 'छावा' में अक्षय खन्ना का औरंगजेब, 'स्कैम 1992' में प्रतीक गांधी का हर्षद मेहता या 'सैम बहादुर' में विक्की कौशल इन किरदारों ने साबित किया कि सटीक कास्टिंग कहानी को नई ऊंचाई दे सकती है। आइए, इन्हीं फिल्मों के कास्टिंग डायरेक्टर्स से जानते हैं।

**महीनों की रिसर्च और हजारों ऑडिशन; ऐसे चुने जाते हैं फिल्मों के यादगार किरदार**

# एडवेंचर थ्रिलर फिल्म 'नागबंधम- द सीक्रेट ट्रेजर'

मुंबई। फिल्म 'नागबंधम द सीक्रेट ट्रेजर' अपने माइथो कंटेंट को लेकर चर्चा में हैं। इसमें भगवान शिव को खास तरीके से प्रेजेंट किया गया है। यह 3 जुलाई को रिलीज होगी। 'नागबंधम द सीक्रेट ट्रेजर' एक भव्य एडवेंचर थ्रिलर फिल्म है,

**अभिषेक ने फिल्म में सिर्फ खजाने की खोज नहीं, मंदिरों-रहस्यों से भरी दुनिया भी दिखेगी**

जो सदियों से छिपे एक रहस्य के इर्द-गिर्द घूमती है।

फिल्म में एक ऐसी जर्नी दिखाई गई है, जिसमें पौराणिक कथाएं, पवित्र मंदिर, भूले-बिसरे योद्धा, ब्रह्मकमल और एक खजाना शामिल है, जो मानवता की किस्मत बदल सकता है। यह फिल्म 5 भाषाओं

तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में बनी है। अभिषेक ने बताया, 'फिल्म की शूटिंग कई जगहों पर की गई, जिनमें हैदराबाद, विशेष रूप से तैयार किए गए स्टूडियो सेट, जंगल, पानी वाले लोकेशन और बड़े आउटडोर क्षेत्र शामिल हैं, जिन्हें कहानी की जरूरत के हिसाब से अलग-अलग दुनिया और समय को

**एडवांस बुकिंग में ?1.34 करोड़ की कमाई, नए गाने 'ओ मेरे बलम' में जमकर नाची स्टारकास्ट**

दर्शाने के लिए तैयार किया गया। सभी शेड्यूल, एक्शन सीक्वेंस, गानों और अन्य कामों को मिलाकर इस फिल्म को पूरा करने में एक साल से अधिक का समय लगा। 'नागबंधम का मूल आइडिया भारत के प्राचीन इतिहास और रहस्यमयी खजानों के प्रति मेरी गहरी रुचि से आया।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com